कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

कूनो में एक और चीते की मौत, मेटिंग के दौरान मेल चीते ने पंजा मारकर घायल किया था, अब 17 बचे









## पाकिस्तानी रेंजर्स ने पूर्व प्रधानमंत्री पर लिया एक्शन

# इमरान खान गिरफ्तार

- दो मामलों में जमानत के लिए इमरान कोर्ट पहुंचे थे
- शीशा तोड़ कर किया गया गिरफ्तार
- पार्टी बोली, इमरान को टॉर्चर कर रहे



एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे इस्लामाबाद हाइकोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी गिरफ्तारी पाकिस्तानी रेंजर्स ने की है। इमरान खान दो मामलों में जमानत के लिए हाइकोर्ट पहुंचे थे। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) ने आरोप लगाया- इमरान खान को पीटा जा रहा है। पार्टी ने खून से लथपथ इमरान के वकील का वीडियो भी पोस्ट किया है।

आइजी अकबर खान ने कहा कि अल-कादिर ट्रस्ट स्कैम केस में इमरान को गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तान के अखबार के मुताबिक अल कादिर ट्रस्ट घोटाला 50 अरब रुपये से ज्यादा का है और इसका फायदा सिर्फ इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने उठाया।

रविवार को एक रैली में इमरान ने खुफिया एजेंसी आइएसआइ की पॉलिटिकल विंग के चीफ फैसल नसीर पर बेहद संगीन आरोप लगाये थे। खान ने कहा था कि फैसल मेरा कत्ल करना चाहते हैं। इसमें कुछ अफसर उनका साथ दे रहे हैं। फौज को मजबूरन सामने आकर इन आरोपों को खारिज करना पड़ा। इसके बाद मंगलवार को लाहौर से इस्लामाबाद रवाना होने से पहले इमरान ने कार से एक वीडियो मैसेज जारी किया। इसमें आरोप दोहराया। कहा- फौज बहुत गौर से सुन ले। मैं डरनेवाला नहीं हूं और न पाकिस्तान छोड़ कर कहीं जाऊंगा। इसके करीब चार घंटे बाद ही उन्हें इस्लामाबाद हाइकोर्ट के बायोमैट्रिक रूम से शीशा तोड़ कर गिरफ्तार कर लिया गया। इमरान की पार्टी पीटीआइ के नेता मुसर्रत चीमा ने एक वीडियो मैसेज में कहा कि खान को टॉर्चर किया जा रहा है। वे खान साहब को मार रहे हैं। पार्टी के ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर इमरान के वकील का भी वीडियो शेयर किया गया है।

इस्लामाबाद हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस आमेर फारूक ने गिरफ्तारी के बाद होम सेक्रेटरी और इस्लामाबाद के पुलिस चीफ को 15 मिनट के भीतर कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया। जस्टिस फारूक ने कहा कि अगर पुलिस चीफ कोर्ट में पेश नहीं हुए, तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को यहां बुलायेंगे। ये लोग कोर्ट में आयें और बतायें कि इमरान को किस मामले में और क्यों गिरफ्तार किया गया?

# ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर को अपराधियों ने सरेआम गोलियों से भून डाला

- बड़कागांव साइट पर गये थे शरद
- एनटीपीसी के साथ काम करती थी कंपनी
- दो मोटरसाइकिल सवार ने दिया घटना को अंजाम
- शरद बुलेटप्रूफ की जगह दूसरी गाड़ी में थे सवार



पिंटू कुशवाहा दिनकर

**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव स्थित एनटीपीसी साइट पर दिनदहाड़े अपराधियों ने एनटीपीसी के साथ काम करनेवाली कंपनी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर शरद की गोली मार कर हत्या कर दी। घटना दोपहर 12 बजे की है। इस घटना को दो मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने अंजाम दिया। ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेट के पद पर काम करनेवाले शरद हैदराबाद के रहनेवाले थे। हत्या बड़कागांव स्थित एनटीपीसी साइट ऑफिस के बाहर ही की गयी है।

**बॉडीगार्ड भी घायल, चल रहा है इलाज :** प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना बड़कागांव थाना से महज डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित हजारीबाग-बड़कागांव मेनरोड के हेठगढ़ा की है। शरद और बॉडीगार्ड स्कार्पियो गाड़ी (जेएच 2 एडब्लू 2210) के ड्राइवर के साथ हजारीबाग से केरेडारी कार्यलय जा रहे थे। तभी अपराधियों ने उनकी गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में शरद को सीने में एंव बॉडीगार्ड पुलिस के जवान राजेन्द्र प्रसाद को कमर में गोली लगी। दोनों को तत्काल हजारीबाग आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान शरद की मौत हो गयी।

**पुलिस कर रही है अपराधियों की तलाश :** घटना की सूचना पर हजारीबाग पुलिस उपमाहनिरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह, एसपी चौथे मनोज रतन, एएसपी कुमार सुवाशीष, एसडीपीओ बड़कागांव अमित कुमार सिंह, थाना प्रभारी बड़कागांव बिनोद तिर्की, केरेडारी थाना प्रभारी एनजी केरकेट्टा, कर्रा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी, डाडीकला ओपी प्रभारी मणिलाल एंव बड़कागांव थाना के एसआइ प्रशांत मिश्रा व सशस्त्र बल के साथ मौके पहुंचे। इलाके में पुलिस ने सर्च अभियान तेज कर दिया है।

**बुलेटप्रूफ गाड़ी छोड़ कर ऑफिस गये थे शरद:** प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेट शरद हर रोज अपने बुलेट प्रूफ गाड़ी से दफ्तर जाते थे। वह मंगलवार को बुलेट प्रूफ गाड़ी छोड़ कर स्कॉर्पियो से साइड के लिए निकले थे। पुलिस इसकी जांच कर रही है कि आखिर क्या वजह थी कि उन्होंने अपने बुलेट प्रूफ वाहन को छोड़ा? कहीं योजनाबद्ध तरीके से इस घटना को अंजाम तो नहीं दिया गया। किसने उन्हें अपनी बुलेट प्रूफ गाड़ी छोड़ने के लिए और दूसरे वाहन पर जाने के लिए कहा?

**मामले की जांच की जा रही:** एसपी मनोज रतन चौथे ने कहा कि विद्युत कंपनी के पदाधिकारी को गोली लगी जिससे उनकी मौत हो गयी। बॉडीगार्ड को गोलियां लगी हैं। घायल बॉडीगार्ड का इलाज जारी है। घटना के बाद तुरंत सभी रास्तों मैं चेकिंग शुरू कर दिया गया है। छापामारी भी जारी है। घटना को किसने अंजाम दिया इसकी पड़ताल हो रही है।

**त्रिवेणी के एजीएम की भी हुई थी हत्या :** बताते चलें कि पूर्व में भी बड़कागांव एनटीपीसी त्रिवेणी सैनिक लिमिटेड के एजीएम गोपाल सिंह की हत्या 2 दिसंबर 2019 को हजारीबाग के जुलु पार्क रोड के पास देर शाम में अपराधियों ने गोली मारकर कर दी थी। जिसकी गहन छानबीन हजारीबाग पुलिस ने की थी। पुलिस द्वारा गहन छानबीन करने के बाद सदर एसडीपीओ कमल किशोर भगत के अनुसार गोपाल सिंह की हत्या 6 लोगों ने मिलकर किया था। ठेकेदारी करने को लेकर कमेटी के कुछ लोगों से गोपाल सिंह का अपराधियों के साथ अनबन हुई थी। इस कारण बाहर के अपराधियों को बुलाकर उसकी हत्या करवा दी गयी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 10 मई, 2023
www.azadsipahi.in



# 'द केरला स्टोरी' को लेकर हंगामा है क्यूं बरपा?

## ममता बनर्जी ने बैन लगाया तो यूपी के योगी आदित्यनाथ ने किया टैक्स फ्री

आजाद सिपाही विशेष

निर्देशक सुदीप्तो सेन की फिल्म द केरला स्टोरी सिनेमा घरों में पहुंच चुकी है। लोग सिनेमा घरों में इस फिल्म को देख लोग अपनी-अपनी राय भी प्रकट कर रहे हैं। कुछ इस फिल्म का समर्थन कर रहे हैं तो कुछ इसका वोरोध। विवादों के चलते ही मेकर्स को फिल्म के ट्रेलर में भी बदलाव करना पड़ा। सेंसर बोर्ड ने फिल्म को ए सर्टिफिकेट जारी किया है। इसके साथ ही बोर्ड ने फिल्म के कई सीन्स पर कैंची भी चला दी है। अब तक जिसने भी यह फिल्म देखी, उसके जेहन में चंद सवाल जरूर उठे। क्या केरल में वाकई हिंदू और ईसाई लड़कियों-महिलाओं को चारा बनाया गया? क्या 32 हजार हिंदू और ईसाई लड़कियों को आईएसआईएस में भर्ती करने की बात हकीकत है? क्या वाकई लव जिहाद के बहाने मासूम लड़कियों को बेरहम कातिल बनने के लिए मजबूर किया गया? फिल्म की टैगलाइन 'न जमीं मिली, न फलक मिला' सोचने पर मजबूर कर देती है कि क्या इस कदर वहशियानापन इस जमीं पर हो चुका है या हो रहा है? तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में इस फिल्म पर बैन लगाया जा चुका है तो झारखंड और केरल आदि राज्यों में भी इस पर बैन लगाने की मांग हो रही है। वहीं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने इसे टैक्स फ्री कर दिया है। ऐसे में इतना तो तय है कि द केरल स्टोरी साल की सबसे चर्चित फिल्म साबित हो सकती है। इस फिल्म में देश की हिंदू और ईसाई महिलाओं की आपबीती दिखाई गई है, जिनका ब्रेनवॉश करके पहले उन्हें इस्लाम कबूल करने पर मजबूर किया गया और बाद में आईएसआईएस आतंकवादी बना दिया गया। खैर इस फिल्म को लेकर राजनीतिक पार्टियां भी आमने सामने हैं। इस फिल्म को लेकर दो विचारधारा भी आमने सामने हैं। ह्यद केरला स्टोरीह्ण पर जारी विवाद की पृष्ठभूमि में सिनेमा पर उठनेवाले विवादों का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**




राकेश सिंह

विपुल शाह द्वार निर्मित और सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित फिल्म द केरल स्टोरी से जुड़े विवाद में एक बात बहुत ही दिलचस्प नजर आती है और वह यह कि यह दो राजनीतिक दलों के बीच की लड़ाई बन गयी है। फिल्में समाज का आइना होती हैं और इस आइने के जरिये फिल्म बनाने वाले और कलाकार के पास अपनी बात कहने का और अपना पक्ष रखने की एक रचनात्मक आजादी होती है। लेकिन कश्मीर फाइल्स की तरह द केरल स्टोरी पर विवाद भी अब राजनीतिक रंग ले चुका है। इस फिल्म को एक खास राजनीतिक विचारधारा का प्रोपगंडा बताया जा रहा है, तो दूसरी तरफ इसके विरोधियों को तुष्टीकरण की राजनीति करनेवाला बताया जा रहा है।

### क्या है द केरल स्टोरी की कहानी

फिल्म द केरल स्टोरी की कहानी केरल की चार लड़कियों के धर्मांतरण पर आधारित है। यह फिल्म शालिनी, नीमा और गीतांजलि नाम की लड़कियों पर आधारित है, जो नर्स बनने का सपना लिये घर से दूर एक कॉलेज में आती हैं, जहां उनकी मुलाकात आसिफा से होती है। आसिफा एक कट्टरवादी है और जैसे-जैसे फिल्म की कहानी आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे यह पता चलता है कि वह आइएसआइएस के लिए लड़की भेजने का काम करती है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे आसिफा अपने साथियों की मदद से उन तीन लड़कियों का ब्रेनवॉश करके उन्हें अपना धर्म बदलने के लिए उकसाती है। आसिफा अपने प्लान में कामयाब हो जाती है और तीनों लड़कियों में शालिनी सबसे पहले उससे प्रभावित हो जाती है और अपना धर्म बदल लेती है। अब वह फातिमा बा बन चुकी होती है। इतना ही नहीं, शालिनी को आसिफा के एक दोस्त से प्यार भी हो जाता है। दोनों इसके बाद शादी कर लेते हैं। इसके बाद फिल्म की कहानी में जबरदस्त मोड़ आता है और फातिमा बन चुकी शालिनी अपने बच्चे के साथ इराक-सीरिया बॉर्डर पर नजर आती है। ऐसा क्या हुआ और कैसे हुआ, फिल्म इसी की कहानी बयां करती है। हालांकि, नीमा और गीतांजलि, शालिनी की तरह आइएसआइएस तक तो नहीं गयी, लेकिन उन्हें इसका नतीजा भारत में रहकर ही भुगतना पड़ा। दरअसल, साल 2021 के दौरान एक इंटरव्यू में सुदीप्तो सेन ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी से हुई बातचीत के आधार पर बताया था कि राज्य में 32 हजार हिंदू और ईसाई लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया। ओमान चांडी ने बताया था कि केरल में हर साल 2800 से 3200 लड़कियां इस्लाम अपना रही हैं। पिछले 10 साल में यह आंकड़ा 32 हजार के पार पहुंच चुका है। फैक्ट चेक के दौरान कई चैनलों ने इस आंकड़े को फेक बताया था, लेकिन जब अफगानिस्तान में तालिबान ने दोबारा हुकूमत कायम की तो वहां की जेल में चार भारतीय महिलाएं कैद मिलीं।

जांच में सामने आया कि इन चारों महिलाओं को आईएसआईएस में शामिल होने के लिए अफगानिस्तान भेजा गया था। ये चारों महिलाएं अपने-अपने पति के साथ आईएसआईएस में शामिल होने के लिए खुरासान प्रांत गई थीं। हालांकि, उनके परिजनों ने भारत सरकार से गुहार लगाई थी कि उनकी बेटियों को आजाद कराकर भारत लाया जाए। सरकार ने इसकी इजाजत नहीं दी, जिसके बाद उन्हें अफगानिस्तान की जेल में ही कैद छोड़ दिया गया।




### जनवरी 2022 में एनआइए ने किया था खुलासा

जनवरी 2022 में एनआइए ने खुलासा किया था कि केरल में इस्लामिक स्टेट के स्लीपर सेल एक्टिव हैं। उस वक्त आठ आतंकियों के खिलाफ चार्जशीट फाइल की गई थी। एनआइए का दावा था कि केरल के मुसलमान नौजवानों को आतंक के रास्ते पर ले जाने की कोशिश हुई। ये भी बताया गया कि इसमें महिलाएं भी शामिल हैं। ओमन चांडी के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान धर्म परिवर्तन के आंकड़े सामने आए थे। उन आंकड़ों के मुताबिक साल 2006 से 2012 के दौरान 7713 लोगों ने इस्लाम कबूला था। साल 2009 से 2012 के दौरान जितने लोग कन्वर्ट हुए थे उनमें 2667 महिलाएं थीं। इनमें 2195 नौजवान हिंदू लड़कियां थीं और 492 नौजवान ईसाई लड़कियां थीं। उस वक्त सीएम चांडी ने विधानसभा में ये भी बताया था कि 2006 से 2012 के दौरान 2803 लोगों ने हिंदू धर्म अपनाया था। इसके अलावा 2009 से 2012 के दौरान 79 लड़कियों ने ईसाई धर्म अपनाया था और दो लड़कियों ने हिंदू धर्म।

### पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु में बैन

इस फिल्म पर विवाद का असली कारण इसका कथानक है। धर्मांतरण और आइएसआइएस जैसे खूंखार आतंकी संगठन की ज्यादती पर केंद्रित इस फिल्म को अब मुस्लिम विरोधी बताया जा रहा है। इसी आधार पर पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु ने इसे प्रतिबंधित कर दिया है। कई राजनीतिक दल जहां इस मामले की जांच की मांग कर रहे हैं, वहीं केरल के सीएम ने इसे प्रोपेगंडा फिल्म बताया है। विरोधी संगठन तो बाकायदा इस फिल्म को एजेंडा फिल्म बताकर इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं।

### फिल्मों का फैसला सेंसर बोर्ड पर छोड़ा जाये

द केरल स्टोरी पर हो रहे विवाद के बीच अब इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि किसी फिल्म द्वारा रचनात्मक आजादी की सीमा लांघने या उस सीमा रेखा को तय करने का काम सेंसर बोर्ड पर छोड़ देना चाहिए। सेंसर बोर्ड द केरल स्टोरी को अपना सर्टिफिकेट दे चुका है। इसलिए बाकी की दखलंदाजी का कोई मतलब नहीं रह जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी सेंसर बोर्ड को ही अंतिम अथॉरिटी माना है। अब जब सेंसर बोर्ड की ही बात की अनदेखी की जायेगी, तो कोई भी फिल्म बनाने वाला आखिर कहां जायेगा। जिन्हें भी किसी फिल्म के किसी अंश से आपत्ति हो, तो सबसे पहले उन्हें सेंसर बोर्ड का दरवाजा खटखटाना चाहिए कि आखिरकार उसका सर्टिफिकेट उसने क्यों दिया। दुर्भाग्य से यह सब न करके इस बात को एक सियासी बवाल में तब्दील कर दिया गया। इतना ही नहीं, अब क्या यह तय करने की जरूरत है कि सेंसर बोर्ड की अहम भूमिका के बावजूद राज्यों को भी अपनी तरह से यह तय करने का अधिकार है कि कोई फिल्म उनके यहां दिखायी जाये या नहीं। सोच कर देखिये कि उसके बाद क्या तस्वीर होगी फिल्मों को लेकर इस देश में। इसलिए अब यह जरूरी हो गया है कि किसी फिल्म के अच्छे-खराब होने का निर्धारण दर्शक ही करें।

फिल्म को लेकर केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने भी आपत्ति जाहिर की। उन्होंने फिल्म की कहानी को संघ परिवार की झूठ की फैक्ट्री का उत्पाद बताया। वहीं कांग्रेस ने भी इसे 'झूठ का पुलिंदा' बताया है। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने फिल्म के निमार्ताओं पर राज्य की वास्तविकता के घोर अतिशयोक्ति में लिप्त होने का आरोप लगाया। मुस्लिम लीग के साथ-साथ शशि थरूर ने भी उस व्यक्ति को 1 करोड़ रुपये इनाम देने की घोषणा की जो फिल्म की इस कहानी का सबूत दे दे कि केरल में 32,000 महिलाओं का जबरन धर्मांतरण कराया गया। फिल्म के निर्देशक सुदिप्तो सेन और निमार्ता विपुल अमृतलाल शाह ने फिल्म की कहानी के सच्ची घटनाओं पर आधारित होने का दावा किया है। विरोध किए जाने के बावजूद वे अपनी बात पर कायम हैं।

### मोदी ने भी फिल्म पर की थी टिप्पणी

द केरल स्टोरी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी टिप्पणी की थी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, द केरल स्टोरी सिर्फ एक राज्य में हुई आतंकी साजिशों पर आधारित है। देश का इतना खूबसूरत राज्य, जहां के लोग इतने परिश्रमी और प्रतिभाशाली होते हैं, उस केरल में चल रही आतंकी साजिश का खुलासा इस फिल्म में किया गया है। इस सिनेमा का भी कांग्रेस ने विरोध किया। इतना ही नहीं, ऐसी आतंकी प्रवृत्ति वालों से कांग्रेस, पिछले दरवाजे से राजनीतिक सौदेबाजी तक कर रही है। बहरहाल, फिल्म द केरल स्टोरी पर पैदा हुए विवाद का असर बॉक्स ऑफिस पर दिखने लगा है, जब इसने रिलीज होने के पहले सप्ताह में ही लोकप्रियता के रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। इतना तय है कि ठंडे पड़े बॉक्स ऑफिस ने इस फिल्म ने गर्म कर दिया है। इसलिए अब किसी भी फिल्म को सियासत के नजरिये से देखने का चलन बंद होना चाहिए। इस तरह के विवाद से दुनिया के सबसे बड़े फिल्म उद्योग को जो नुकसान हो रहा है, उसकी भरपाई राजनीति से नहीं हो सकती, यह समझना होगा।

---

# राज्यपाल ने बन्ना गुप्ता पर लगे आरोपों की जांच का दिया निर्देश

## कहा- राजभवन को भी भेजें रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य सरकार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर लगे आरोपों की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही जांच से संबंधित रिपोर्ट राजभवन को भी भेजने को कहा है। इस संबंध में राजभवन से राज्य सरकार को पत्र भेजा गया है। विधायक सरयू राय के आरोपों के आधार पर राज्यपाल ने जांच के निर्देश दिया है। मालूम हो कि विधायक सरयू राय ने 2 मई को राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की थी। उसमें उन्होंने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके पास प्रतिबंधित पिस्तौल है। साथ ही महिला के साथ वायरल अश्लील वीडियो चैटिंग के संबंध में भी जानकारी दी। इसके साथ ही राय ने राजयपाल को जानकारी दी कि पुलिस के पास सबूत रहने के बवाजूद उन पर को कार्रवाई नहीं की जा रही है।



### राज्यपाल ने सरयू राय को किया था आश्वस्त

इस दौरान विधायक ने राज्यपाल को बताया कि आर्म्स एक्ट की धारा-25 तहत यदि पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई की तो मंत्री बन्ना गुप्ता को कम से कम 7 वर्षों की सजा हो सकती है। लेकिन, राज्य सरकार कांग्रेस पार्टी के दबाव में चल रही है और स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम नहीं है। यही कारण है। कि गंभीर आरोप लगने के बाद भी मंत्री की जांच नहीं हो रही है। मंत्री द्वारा अवैध हथियार रखने की जानकारी 28 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को दी गयी थी। उनके पास न केवल प्रतिबंधित हथियार है, बल्कि वे इसका प्रदर्शन सार्वजनिक स्थानों पर कर रहे हैं।

मैंने राज्यपाल को भारत सरकार के गृह मंत्रालय का वह पत्र भी दिखाया, जिसमें साफ कहा गया है कि यदि ग्लॉक पिस्तौल किसी के पास भी हो तो प्रशासन उसे जब्त कर मालखाना में रख दे। एक सप्ताह बाद भी जिला प्रशासन और पुलिस ने हथियार जब्त नहीं कियाहै। वहीं, सरयू राय द्वारा लिखित शिकायत पर राज्यपाल ने सरयू राय को आश्वस्त किया था कि वे राज्य सरकार से इस मामले में जांच कर कार्रवाई करने के लिए कहेंगे।

# रिम्स में इलाजरत गैंगस्टर अनिल शर्मा के हार्ट में ब्लॉकेज, बाइपास सर्जरी की जरूरत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भोमा सिंह हत्याकांड में सजायाफ्ता गैंगस्टर अनिल शर्मा के सीने में दर्द की शिकायत के बाद रिम्स में इलाज चल रहा है। उसकी एंजियोग्राफी जांच करायी गयी है। डॉक्टरों के मुताबिक उसके हार्ट में ब्लॉकेज है। उसे बाईास सर्जरी की जरूरत है। हालांकि सूत्रों के मुताबिक अनिल शर्मा रिम्स में बाइपास सर्जरी नहीं कराना चाहता है। बीते सप्ताह बुधवार की सुबह 4 बजे के करीब सीने में दर्द के बाद हजारीबाग केंद्रीय कारागार में सजा काट रहे गैंगस्टर अनिल शर्मा को हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। वहां से बेहतर इलाज के लिए उसे शनिवार को रिम्स रेफर किया गया था। रिम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के चिकित्सक डॉ मृणाल कुंज की देखरेख में उसका इलाज किया जा रहा था। बढ़ती समस्याओं को देखते हुए सीटीवीएस विभाग के हेड डॉ विनीत महाजन को इलाज के लिए रेफर किया गया है। रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि सोमवार को अनिल शर्मा की एंजियोग्राफी जांच करायी गयी, जिसमें हार्ट में ब्लॉकेज की पुष्टि हुई है। सीटीवीएस विभाग के हेड ने कहा है कि जांच के दौरान यह सामने आया कि उसके हार्ट की तीनों नसों में ब्लॉकेज है। उसकी बाइपास सर्जरी करनी पड़ेगी, जिसकी जानकारी मरीज को दे दी गयी है। मालूम हो कि भोमा सिंह हत्याकांड में अनिल शर्मा सजायाफ्ता है। वह पिछले दो साल से केंद्रीय कारा हजारीबाग में सजा काट रहा है। इससे पहले उसे दुमका जेल से भारी सुरक्षा में हजारीबाग लाया गया था। उसे हाई सिक्योरिटी में रखा जा रहा है। गैंगस्टर पर जेल में रहते आपराधिक घटनाओं को अपने गुर्गों द्वारा अंजाम दिये जाने का आरोप लगने पर दुमका केंद्रीय कारा से उसे 2021 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग में स्थानांतरित किया गया था। अनिल शर्मा 23 साल से जेल की सजा काट रहा है।

# कांग्रेस के निरंजन सिन्हा 250 कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में शामिल

## झारखंड की जनता हेमंत सरकार को चुनाव में उखाड़ फेंकेगी : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को निरंजन सिन्हा के नेतृत्व में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के 250 के करीब कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गये। प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने निरंजन कुमार सिन्हा को भाजपा का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल किया। बाबाधाम से आये पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। दीपक प्रकाश ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस और झामुमो पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव से पहले भाजपा का दामन थाम रहे हैं। यह दर्शाता है कि कार्यकर्ताओं को भी समझ




आने लगा है कि ये पार्टियां अब डूब रही हैं। ऐसे में 2024 के विधानसभा चुनाव में कमल फूल खिलना तय है। झारखंड की जनता हेमंत सरकार को चुनाव में उखाड़ फेंकेगी। इस दौरान निरंजन सिन्हा ने कहा कि 2014 चुनाव में मैं भाजपा के साथ ही था। यह भाजपा के साथ मेरी दूसरी पारी है। अब अगले लोकसभा चुनाव में फिर से कमल खिलना चाहिए। विधानसभा चुनाव में भी झामुमो और कांग्रेस को उखाड़ फेंकना है।

पिछले दिनों देवघर में भाजपा कार्यालय भवन के शिलान्यास समारोह में प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह देवघर आये थे। इस दौरान बंद कमरे में प्रदेश के इन दो शीर्ष नेताओं के साथ एनके सिन्हा की बातचीत हुई। इस दौरान महगामा विधानसभा और वहां की कुर्मी बहुल आबादी के संबंध में नेताओं के बीच चर्चा हुई।

# रांची में अनूप हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तमाड़ थाना पुलिस ने अनूप कुमार दास हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें सत्यजीत पाठक, राजेश लोहरा और बिपिन सिंह मुंडा शामिल हैं। इनके पास से एक लाख रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन और एक चाकू बरामद किया गया है।

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बीते 2 मई को अमित कुमार दास ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि उनके बड़े भाई अनूप कुमार दास की धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी गयी है। एसपी ने तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने तकनीकी शाखा और गुप्त सूचना के आधार पर घटना में शामिल तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। राजेश लोहरा के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामला दर्ज है। एसपी ने बताया कि छापेमारी टीम में चंदन कुमार साहा, सिरिल सांगा, अविनाश कुमार शुक्ल, जितेंद्र कुमार और अनिल कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# गोड्डा का तापमान 47.7 डिग्री सेल्सियस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में तपती धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सुबह आठ बजे के बाद घर से निकलना मुश्किल हो गया है। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा तापमान गोड्डा का 47.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। सबसे कम तापमान रामगढ़ में 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि अभी तापमान में और वृद्धि होगी, अभी मौसम शुष्क रहेगा। तापमान में तीन से चार डिग्री की बढ़त दर्ज की जा सकती है। राज्य के कई शहरों में तापमान 40 तक पहुंच गया है। लोगों को बढ़ते तापमान से सतर्क रहने की जरूरत है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए अपनी सुविधानुसार दिनचर्या में बदलाव जरूरी है।

मौसम विभाग ने कहा है कि थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। विभाग ने बताया कि 11 मई से 14 मई तक राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। हालांकि, इससे तापमान में कमी नहीं होगी। लोगों को गर्मी का एहसास होगा। उमस का भी सामना करना पड़ेगा। 13 मई तक तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी।

www.epaper.azadsipahi.in

10 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 199

ब्रिगेडियर और ऊपर की रैंक के अधिकारी पहनेंगे एक जैसी वर्दी सेना के कमांडरों ने लिया फैसला



## बाबूलाल मरांडी ने सरकार को बताया फरार दाहू यादव का पता

### भाजपा विधायक दल नेता ने ट्वीट कर दी जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज के दाहू यादव की तलाश में झारखंड पुलिस लगी है। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) भी उसके पीछे लगी है। यहां तक कि पिछले दिनों उसके घर की कुर्की जब्ती भी की गयी है। इस बीच भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार और पुलिस को उसके ठिकाने के बारे में बताया है। उन्होंने ट्वीट् कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा है कि इडी केस का अभियुक्त और साहिबगंज का अपराधी दाहू यादव अभी दलाही पहाड़ की दलाही बस्ती में अपने गैंग के लोगों को बुला कर मीटिंग कर रहा है, जबकि सरकार और पुलिस को वह महीनों से ढूंढ़े नहीं मिल रहा है। बाबूलाल ने दाहू के नहीं पकड़े जाने पर भी निशाना साधा है। उन्होंने लिखा कि उसके नहीं पकड़े जाने का कारण यह है कि दाहू यादव के चांदी के चमचमाते जूते की चोट से वहां के पुलिस वालों के हाथ



बंधे हुए हैं। सत्ता का संरक्षण है, सो अलग। उन्होंने मुख्यमंत्री को इंगित करते हुए आगे लिखा कि दो दिनों पहले दाहू के यहां कुर्की जब्ती की नौटंकी वाली खबर पर तो आपकी नजर पड़ी ही होगी। सरकार अपनी न सही, कम से कम राज्य की इज्जत की तो चिंता करे। सरकार कलम उठाये और वहां के एसपी को आदेश दे कि दाहू और उसके गुर्गों को 24 घंटे में पकड़ कर अंदर करो, वरना खुद को सस्पेंड समझो। दाहू की काली कमाई के हिस्सेदार प्रशासन, पुलिस के लोगों पर एफआइआर की चेतावनी दें, फिर देखिये आपकी वही पुलिस दो घंटे में दाहू को घुटने के बल चला कर जेल पहुंचा देगी। बाबूलाल ने सीएम के अलावा डीआइजी दुमका और झारखंड पुलिस के साथ भी सोशल मीडिया के जरिये इस सूचना को साझा किया है।

**केरला स्टोरी फिल्म को टैक्स फ्री करे सरकार :** बाबूलाल मरांडी ने चिंता जताते हुए कहा है कि झारखंड में खासकर बांग्लादेश से सटे संथालपरगना के इलाके में आदिवासी संताल बच्चियां जिहादियों का शिकार बन रही हैं। ऐसे में हमंत सोरेन को अपने आदिवासी संताल समाज की बच्चियों में जागरूकता लाने और संतालों की जमीन छीनने, इनका अस्तित्व समाप्त कराने के लिए काम करने वाली ऐसी शक्तियों से बचाने के लिए जागरूकता फैलाने वाली इस केरला स्टोरी फिल्म को टैक्स फ्री करना चाहिए। सरकारी स्तर पर बांग्लादेश से प्रभावित संताल परगना के सुदूर गांवों तक जगह-जगह इस फिल्म को दिखलाने का इंतजाम भी करवाना चाहिए।

छत्तीसगढ़ में कोयला घोटाले में इडी की बड़ी कार्रवाई

## 50.40 करोड़ नगदी समेत 221 करोड़ की संपत्ति अटैच

- विधायक, आइएएस, कारोबारी और पार्टी नाताओं के यहां हुई कार्रवाई
- नगदी के अलावा लग्जरी गाड़ियां, ज्वेलरी भी कुर्क

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) का एक्शन जारी है। इडी ने कोयला घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। इडी ने मंगलवार को 50 करोड़ 41 लाख रुपये नगदी अटैच किया है। इसके साथ ही लक्जरी कार, आभूषण और 90 अचल संपत्ति को कुर्क किया है। इसके बाद कोयला घोटाले में इडी की कुल कुर्की की राशि बढ़ कर 221 करोड़ रुपये हो गयी है। कुर्की की कार्रवाई अभी और हो सकती है, क्योंकि इडी ने 540 करोड़ रुपये के घोटाले होने का दावा किया है।

इडी ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी की। इसमें कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में कोयला घोटाले में जबरन वसूली मामले में इडी ने बड़ी कार्रवाई की है। इसमें आइएएस रानू साहू, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, विधायक देवेंद्र यादव और चंद्रदेव प्रसाद राय,



कांग्रेस के प्रवक्ता आरपी सिंह, कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल, कांग्रेस के नेता विनोद तिवारी की 90 अचल संपत्तियों, लक्जरी कार, आभूषणों और इनके यहां से नकदी को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले इडी ने सूर्यकांत तिवारी, आइएएस समीर विश्नोई, सौम्या चौरसिया, सुनील अग्रवाल और अन्य की 170 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी।

इडी ने बताया है कि आयकर विभाग की शिकायत के आधार पर मनी लांड्रिंग की जांच शुरू की है। इसमें 145 से अधिक परिसरों में तलाशी ली गयी है। अब तक नौ अभियुक्तों को पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया गया है। ये सभी न्यायिक हिरासत में हैं।

## 30 जून को भोगनाडीह में होगा राजनीतिक विस्फोट : लोबिन

### कहा-राज्य के सभी डीसी और सीओ की संपत्ति की जांच करायी जाये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने एक बार फिर राज्य सरकार को घेरा है और सीएनटी, एसपीटी एक्ट के संरक्षण की वकालत की है। इसमें राज्य सरकार की विफलता का भी आरोप लगाया है। मंगलवार को पुराने विधानसभा परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद धरती आबा बिरसा मुंडा और अन्य शहीदों के योगदान से राज्य में सीएनटी, एसपीटी एक्ट बना। उद्देश्य था जनजाति समाज की जमीन, विरासत की रक्षा करना, पर इतना कुछ होने के बाद भी यहां जमीन लूटी जा रही है। लोबिन के मुताबिक वह दिन-रात सोचते हैं कि इस स्थिति में गुरुजी (सांसद शिबू सोरेन) को कैसा महसूस हो रहा होगा। वह ग्लानि महसूस करते होंगे। स्थिति यह है कि आज राज्य में बहुत सारे छवि रंजन जैसे पदाधिकारी हो गये हैं, और ना जाने कितने छवि यहां हैं। यहां पर जो प्रशासनिक पदाधिकारी, डीसी हैं, वे नियमों को तोड़ कर जमीन बिकवा रहे हैं। यहां अंचल के किसी कर्मी के घर में छापा पड़ा, तो नोट गिनने की



मशीन मंगानी पड़ी। जमीन के भी कागजात उसके घर से मिले। आइएएस पूजा सिंघल का पल्स अस्पताल भुईंहरी जमीन पर बना है। अब ऐसे में लोग कहां जायें। चुनावी घोषणा पत्र में झामुमो ने एसपीटी, सीएनटी एक्ट को सख्ती से लागू करने की बात की थी। उन्होंने खुद विधानसभा में भी कई बार इस मामले को उठाया। बावजूद इसके जाने कितनी छवि देखनी पड़ेगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि राज्य के सभी डीसी और सीओ की संपत्ति की जांच करायी जाये।

लोबिन हेंब्रम ने चिंता जाहिर करते कहा कि झामुमो की पहचान जल, जंगल, जमीन बचाने वाली पार्टी के तौर पर रही है। पर उसके रहते झारखंड में लूट मची है। युवा, स्थानीय लोग उनसे बात करते हैं कि हम लोगों का भविष्य कैसे सुरक्षित होगा। सरकार पहले कहती थी कि युवा जैसा चाहेंगे, वैसी नीति बनेगी, पर उन्हें लाठियां मिल रही हैं। सरकार को सोल्यूशन देना चाहिए, पर ऐसा नहीं हो रहा। केवल एसपीटी, सीएनटी एक्ट सख्ती से लागू हो जाये तो कई समस्याओं का निदान हो जाये।

**30 जून को होगा राजनीतिक विस्फोट :** लोबिन ने चेतावनी देते हुए कहा कि भोगनाडीह में 30 जून को राजनीतिक विस्फोट होगा। वीर शहीद सिदो कान्हू की धरती और उनके जन्मदिन पर बड़ा विस्फोट उनकी ओर से होगा। उन्होंने कहा कि सच कहना अगर बगावत है, तो मैं बागी हूं। सूत्रों की माने तो लोबिन हेंब्रम एक नयी राजनीतिक पारी की शुरुआत की घोषणा कर सकते हैं।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार

झारखण्ड अभियोजन सेवा
हेतु चयनित सहायक लोक अभियोजक का

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर कमलों द्वारा



दिनांक : 10 मई, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे
स्थान : प्रोजेक्ट भवन, द्वितीय तल सभागार, धुर्वा, रांची

P.R. 296940 (IPRD) 23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार






# सीएम हेमंत सोरेन की पहल पर मणिपुर में फंसे 21 विद्यार्थियों की हुई सकुशल वापसी

**श्रम विभाग के राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष और आपदा प्रबंधन के प्रयासों से फंसे विद्यार्थियों की हुई सकुशल वापसी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की संवेदनशीलता, व्यक्तिगत प्रयास और त्वरित पहल से मणिपुर के हिंसा ग्रस्त क्षेत्र में फंसे झारखंड के 21 छात्र-छात्राओं की की आज सकुशल वापसी हुई। इन सभी विद्यार्थियों को आज सुबह इंफाल से पटना के लिए एअरलिफ्ट किया गया और फिर पटना से 18 छात्र-छात्राओं को बस से रांची लाया, जबकि तीन विद्यार्थी पटना से अन्य जिलों में स्थित अपने घर के लिए रवाना हो गए। इन सभी विद्यार्थियों ने मणिपुर में जारी हिंसा के बीच सकुशल झारखंड वापसी के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

**श्रम विभाग को 34 विद्यार्थियों की मिली थी सूची** : श्रम विभाग के राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को झारखंड के वैसे 34 छात्र-छात्राओं की सूची प्राप्त हुई थी, जो मणिपुर हिंसा में फंसे हुए थे। इनमें इनमें से 22 विद्यार्थी झारखंड स्थित अपने घर वापस आना चाहते थे।



मणिपुर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय आईआईटी मणिपुर और अन्य विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे रांची, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो और धनबाद के 21 विद्यार्थियों को वापस लाने के लिए राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने पहल शुरू की। इसके बाद राज्य सरकार के श्रम विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के सहयोग से इनका हवाई टिकट कंफर्म किया गया। इस क्रम में सभी विद्यार्थियों को एयर लिफ्ट करा कर पहले इंफाल से पटना लाया गया। इसके बाद रांची जिला प्रशासन के द्वारा विद्यार्थियों को रिसीव करने के लिए एक अधिकारी को पटना भेजा गया। वहां से ये अधिकारी 18 विद्यार्थियों को बस से लेकर रांची आएं। वहीं, अन्य 3 विद्यार्थी पटना से ही अन्य जिलों में स्थित अपने घर के लिए रवाना हो गये।

### हाइकोर्ट ने चिटफंड घोटाले में सीबीआइ से मांगी स्टेटस रिपोर्ट, पूछा

# चिटफंड घोटाले में शामिल कंपनियों की कितनी प्रॉपर्टी अटैच की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को चिटफंड घोटाले में निवेशकों की डूबी राशि के मामले में सीबीआइ को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सीबीआइ से पूछा है कि चिटफंड घोटाले में शामिल कंपनियों की कितनी प्रॉपर्टी अटैच की गयी, भुक्तभोगी लोगों को उनका पैसा वापसी के लिए क्या रास्ता हो सकता है। कोर्ट ने चिटफंड घोटाले में पैसा की वापसी को लेकर नन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति सहित अन्य दायर याचिकाओं की सुनवाई की। इससे पहले मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि सरकार ने झारखंड के जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण (वित्तीय स्थापनाओं में) अधिनियम 2011 बनाया है। इसके हिसाब से चिटफंड से प्रभावित लोगों को संबंधित अथॉरिटी के पास आवेदन देना होगा। यह अथॉरिटी प्रभावित लोगों की शिकायत का निवारण करेगी। कोर्ट ने सरकार के इस जवाब पर असंतुष्टि जताते हुए कहा कि यह एक व्यक्ति की पैसे वापसी की बात नहीं हो रही है, बल्कि चिटफंड घोटाले से प्रभावित सैकड़ों लोगों के पैसे की वापसी की बात है। ऐसे में वेस्ट बंगाल, उड़ीसा की तर्ज पर एक कमीशन बना कर कार्पस फंड बनाना होगा। इस फंड के लिए सरकार को पैसा मुहैया कराना होगा, जिससे चिटफंड के प्रभावित लोगों को पैसा वापसी का रास्ता बन सके। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 7 जुलाई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चिटफंड घोटाला में शामिल कई कंपनी के संचालकों की इडी और सीबीआइ ने करोड़ों की संपत्ति सीज की है। चिटफंड घोटाले के सीज पैसे इडी और सीबीआइ ने बैंकों में रखे हैं। याचिका में कहा गया है कि कई राज्यों में एक कमेटी बना कर चिटफंड के शिकार लोगों के केस को डिस्पोजल किया जा रहा है और उन्हें उनके डूबे पैसे वापस दिलाये जा रहे हैं। झारखंड में भी कमेटी बना कर निवेशकों के डूबे पैसे को वापस दिलाया जाये।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में रवींद्र जयंती समारोह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने कविगुरु को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया। छात्रों ने काबुलीवाला की कहानी का मंचन किया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में कभी हार न मानने का संदेश देनेवाले रवींद्र संगीत की प्रस्तुति दी तथा टैगोर के संकलन से कविताओं का भी पाठ किया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिसर उत्सव और उल्लास के माहौल से भर गया। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने हमारे देश की कला और संस्कृति के संरक्षण के प्रति छात्रों के झुकाव की सराहना की। उन्होंने छात्रों को भारत की स्वतंत्रता के लिए रवींद्रनाथ टैगोर के संघर्ष और योगदान से भी अवगत कराया।

### बच्चों के बीच किताब-कॉपी का वितरण



रांची (आजाद सिपाही)। सेल आर एंड डी सेंटर फॉर आयरन स्टील के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत महात्मा गांधी स्मारक मिडिल एंड हाई स्कूल हटिया में 217 बच्चों को किताब कॉपी और लेखन सामग्री बांटी गयी। यह सामग्री मुख्य अतिथि एस जे जाचुक (सीजीएम पी और ए आरडीसीआइएस और आइ/सी एसयूआर) द्वारा प्रदान की गयी। साथ ही एस जे जाचुक ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस मौके पर सेल आर डी सी आई एस की तरफ से शैलेश भारती जीएम पी एंड ए, एस के साहा एजीएम, राहुल श्रीवास्तव, मैनेजर पी एंड ए, मानिक लाल लोहार अध्यक्ष आर डी सी यूनियन तथा लक्ष्मण कुमार उपाध्यक्ष आर और डी सी यूनियन मौजूद थे। महात्मा गांधी स्मारक स्कूल की तरफ से चंद्रमा प्रसाद सहित सभी शिक्षकों ने सेल आर एंड डी का धन्यवाद किया और आगे भी इसी तरह से कार्य और सहायता की इच्छा जतायी।

### अदिति इंडेन गैस एजेंसी ने सुरक्षा क्लिनिक का आयोजन किया



रांची (आजाद सिपाही)। अदिति इंडेन गैस एजेंसी ने कोकर में सुरक्षा क्लिनिक का आयोजन किया गया। आदित्य सुमन तिग्गा प्रबंधक एलपीजी-सेल्स रांची और अदिति गैस के सिद्दार्थ शंकर ने सुरक्षा कार्यक्रम का संचालन किया और रिफिल लेने के दौरान बरती जानेवाली सावधानियों और रिफिल कैसे करें के बारे में बताया। कहा कि दैनिक आधार पर सुरक्षित रूप से गैस का उपयोग करें। 25 ग्राहकों ने सुरक्षा कार्यक्रम में भाग लिया और भविष्य में सुरक्षित उपयोग की चिंता व्यक्त की।

### नि:शुल्क आंख-दांत जांच के लिए शिविर लगा



रांची (आजाद सिपाही)। जन सेवा मंच ने वार्ड 29 पहाड़ी मंदिर के समीप एलजी कॉम्प्लेक्स में नि:शुल्क आंख और दांत जांच के लिए शिविर लगाया। इसका नेतृत्व समाजसेवी निशांत यादव ने किया। इस आयोजन में लगभग 200 लोगो ने अपना जांच करवा कर शिविर का लाभ लिया। आयोजन में अतिथि के रूप में रांची के विधायक श्री सीपी सिंह, निवर्तमान महापौर संजीव विजयवर्गीय, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुनचुन राय, भाजपा सुखदेव नगर मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत सिंह और राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव उपस्थित थे। जांच में आये लोगों के बीच शार्प साइट आई हॉस्पिटल के द्वारा जुट के थैले का वितरण किया गया, साथ हीं लोगों को प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए प्रेरित किया गया।

# सरकार अविलंब ट्रिपल टेस्ट करा कर निगम चुनाव कराये: संजय सेठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के सासद संजय सेठ के कार्यालय में मंगलवार को पूर्व पार्षदों के साथ एक बैठक हुई। बैठक मे सभी पूर्व पार्षदों ने नगर निगम का चुनाव जल्द कराने का आग्रह किया। सांसद सेठ ने कहा कि राज्य सरकार अविलंब ट्रिपल टेस्ट करा कर नगर निगम का चुनाव सुनिश्चित करे। उत्तरप्रदेश सरकार ट्रिपल टेस्ट करा कर छह महीने के अंदर चुनाव करा रही है। इसके लिए राज्य सरकार को गंभीर होना होगा। अगर जल्द चुनाव नहीं हुए, तो शहर में विकास कार्य बाधित हो जायेगा। मध्यवर्गीय लोग प्रभावित होंगे, खासकर विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, लाल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई ऐसी महत्वपूर्ण योजनाएं बाधित होंगी। सांसद सेठ ने कहा कि वह जल्द ही केंद्र सरकार के नगर विकास मंत्रालय के मंत्री से मिल कर राज्य सरकार को जल्द चुनाव कराने के लिए बाध्य करेंगे। अगर राज्य सरकार चुनाव नहीं कराती है, तो भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में विनोद सिंह, अरुण झा, रौशनी खलखो, आनंद मूर्ति, ओमप्रकाश, सुनील कुमार यादव, सुजाता कच्छप, वीणा अग्रवाल, अशोक यादव, नकुल तिर्की, दिनेश राम, दीपक लोहरा, सुचिता रानी राय, रीता मुंडा, कृष्णा महतो उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार बनते ही हिंदूवादी नेताओं पर झूठे मामले दर्ज कराने वाले एसपी-डीसी पर होगी सीधी कार्रवाई : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाइबासा।** भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को जमशेदपुर के प्रशासनिक पदाधिकारियों को निशाने पर लिया है। मंगलवार को चाइबासा के पिल्लई हॉल मैदान में हिंदूवादी भाजपा नेता अभय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी की पश्चिमी सिंहभूम जिला ईकाई के द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में वह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत दिनों पूर्वी सिंहभूम के जमशेदपुर में घटी एक घटना से जोड़ कर अभय सिंह सहित कई हिंदूवादी नेताओं के विरुद्ध प्रशासन द्वारा एकतरफा कार्रवाई की गयी। यह निंदनीय है। जब से झारखंड में हेमंत सरकार का गठन हुआ है, तब से ही यह सरकार तुष्टिकरण के तहत केवल एक विशेष समुदाय को खुश रखने के लिए ही हिंदूवादी नेताओं और लोगों पर कार्रवाई कर रही है। सारा खेल राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन के निर्देश पर किया जा रहा है। वोट बैंक को सुरक्षित करने की रणनीति में विभिन्न जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक हेमंत सरकार का साथ दे रहे है। यही कारण है कि सात हिंदूवादी नेताओं को झूठे मामलों में फंसाने की कवायद तेज हो गयी है। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार के गुड बुक में बने रहने की नीयत से विभिन्न जिलों के कई डीसी और एसपी भी जुट गये हैं। वैसे ब्यूरोक्रेट्स की सूची तैयार की जा रही है। मिशन 2024 के तहत सत्ता में आने के बाद उन पर सीधी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर झारखंड प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक शशि भूषण सामड, जवाहर लाल बानरा, गुरु चरण नायक सहित अन्य उपस्थित थे।

# वाइबीएन विवि में सतत विकास पर गोष्ठी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वाइबीएन विश्वविद्यालय रांची के कांफ्रेंस सभागार में मंगलवार को प्रख्यात शिक्षाविद और भूतपूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी सिंह द्वारा मुख्य आदित्य संबोधन प्रदान किया गया। इस गोष्ठी के अंतर्गत विश्वविद्यालय के सभी संभाग अध्यक्ष, विभाग अध्यक्ष, प्राचार्य और विषय वस्तु विशेषज्ञ के रूप में फैकेल्टी मेंबर्स उपस्थित रहे। गोष्ठी का मुख्य आकर्षण वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए भिन्न प्रकार के वैज्ञानिक तकनीक के सहयोग से निरंतर और सतत विकास रहा। डॉक्टर सिंह ने अपने वक्तव्य में शिक्षा जगत के सभी कार्यकर्ता की जिम्मेदारी को प्रमुखता से अंकित किया। समाज और राष्ट्र की समृद्धि और संगठनात्मक एकजुटता के लिए विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों का योगदान प्रारंभ से ही सराहनीय रहा। इस संदर्भ में डॉक्टर सिंह ने विज्ञान तकनीकी कला वाणिज्य और अन्य शैक्षणिक क्षेत्र में निरंतर विकास के लिए युवाओं को अपने योगदान के लिए आवाहन किया। डॉ सिंह ने वाइबीएन विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए इस बात को साझा किया, जिसके माध्यम से चिकित्सा और शिक्षा क्षेत्र के लिए अथक प्रयास करते हुए क्षेत्रीय समाज उत्थान की ओर अग्रसर रहा। भविष्य में भी विश्वविद्यालय द्वारा इसी तरह के योगदान की अपेक्षाओं के साथ प्रोफेसर एसपी सिंह ने सभी प्राध्यापकों औरं अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय संस्थापक रामजी यादव द्वारा प्रोफेसर एसपी सिंह को अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी के संबोधन से हुआ। मौके पर वाइबीएन विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. श्रीरमन दुबे सहित सभी संकाय के डीन और एचओडी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में डीएवी हेहल का जलवा, प्राचार्य ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची की प्रार्थना सभा में छात्रा पूर्वा कुमारी कक्षा 12वीं को 'शास्त्रीय नृत्य एकल प्रतियोगिता' 'सांसद सांस्कृतिक महोत्सव' में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्राचार्य एसके मिश्रा ने स्मृति चिह्न, मैडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन युवा रंगमंच के तत्वावधान में रांची क्षेत्र के सांसद संजय सेठ ने 'आर्य भट्ट सभागार, रांची' में युवा प्रतिभाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए करवाया था। इसमें डीएवी हेहल, रांची के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गायन, सामूहिक लोक नृत्य और शास्त्रीय नृत्य एकल जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी कलाओं का प्रदर्शन कर सबका मन मोहा। प्राचार्य एसके मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना बड़ी बात होती है। सफलता के लिए प्रयास जरूरी होता है, क्योंकि सफलता एक दिन में नहीं मिलती, लेकिन लगातार मेहनत करने वाले व्यक्ति को एक दिन सफलता जरूर मिलती है।

### निर्देश : सभी बीडीओ पंचायतों को पूरी तरह से कार्यशील बनाने की दिशा में कार्य करें

# आज भी पंचायत भवनों से पूरी तरह काम नहीं हो रहा है: मनरेगा आयुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने राज्य के सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे पंचायतों को पूरी तरह से कार्यशील बनाने की दिशा में कार्य करें। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि उन्होंने देखा है कि आज भी पंचायत भवनों से पूरी तरह से कार्य नहीं हो रहा है। अब भी प्रखंड कार्यालयों से 98 फीसदी काम हो रहा है। ऐसे में पंचायतों की भूमिका खास नहीं रह जा रही है। ऐसे में पंचायत सचिव, मुखिया के पास कुछ खास काम नहीं हो रहा है।

मनरेगा आयुक्त ने कहा कि पंचायतों का सिस्टम पूरी तरह से ऑनलाइन नहीं है। इंटरनेट की व्यवस्था सही नहीं है। बिजली की भी समस्या है। लाभुकों को समय से भुगतान भी नहीं हो पा रहा है।



ऐसे में सारा कुछ अब भी प्रखंड कार्यालय से ही हो रहा है।

उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देश दिया है कि पंचायतों को कार्यशील बनाने के लिए काम करें। वहां हर जरूरी संसाधन हो, इसके लिए वे खुद अपनी मॉनिटरिंग में काम करायें। बिरसा हरित ग्राम, दीदी बाड़ी योजना, जेएसएलपीएस की योजनाओं का क्रियान्वयन पंचायत स्तर बेहतर तरीके से होने पर विकास कार्य आसानी हो सकेगा।

# मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के आह्वान पर श्री महावीर मंडल रांची के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ और आरती रांची के सभी प्रमुख मंदिरों में किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय सचिव वीरेंद्र साहू उपस्थित थे। इस मुख्य आयोजन में श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित, मंत्री कैलाश केसरी, उपाध्यक्ष राहुल सिन्हा चंकी, गोपाल पारीक, इंदर सिंह, उपेंद्र रजक, अमित केसरी, अमित तिवारी,साहिल कुमार, मनीष सिंह, कैलाश पारीक, अमित पाल और दर्जनों भक्त शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 10 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# भीषण गर्मी में सहायक बना एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** गाड़ीलौंग मुखिया सबिदा खातुन के पहल पर एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा टंडवा द्वारा सीएसआर के तहत भीषण गर्मी को देखते हुये पंचायत को चार पानी टैंकर उपलब्ध कराया गया।जिससे पानी की आपूर्ति प्रत्येक घर तक पहुंचे।मुखिया सबिदा खातुन द्वारा पानी टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर कामता एवं गाड़ीलोंग तथा चट्टी गाड़ीलोंग के लिये रवाना किया गया। इस मौके पर मुखिया सबिदा खातून,उप मुखिया प्रयाग दास,एनटीपीसी सीएसआर अधिकारी जीत कुमार सिंह, वार्ड सदस्य मोबिन अंसारी,प्रकाश पासवान, समाजसेवी मोइन अंसारी,मुबारक अंसारी, सुधीर चौरसिया, गणेश गुप्ता, राजू यादव ,मासूम रजा उपस्थित हुये।

# कुजू में विद्युत विभाग की बैठक में लिया निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** विद्युत पावर सब स्टेशन कुजू में विद्युत कार्यपालक अभियंता नवलेश कुमार की अध्यक्षता में पदाधिकारियों समेत मानव दिवस कर्मी, ऊर्जा मित्रो की बैठक हुई। बैठक में वन टाइम सेटलमेंट योजना व राजस्व संग्रहण संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही, विच्छेदित या बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं को 31 दिसंबर तक एक मुश्त समाधान योजना के तहत बिजली बिल जमा करने पर सूद की राशि माफ करने, घरेलू (शहरी व ग्रामीण) श्रेणी के 5 केवी तक एवं कृषि, सिंचाई निजी श्रेणी के उपभोक्ताओं को लाभ देने की सुविधा है। जो 1 अप्रैल 23 से 30 जून 23 तक लागू है। वही, एक मुश्त बकाया बिल जमा करने में असमर्थ उपभोक्ताओं को 5 किश्त में बिल जमा करने की सुविधा दी गयी है। साथ ही निर्णय लिया गया है कि जो उपभोक्ता नियमित रूप से बिजली बिल जमा करते हैं, उन्हें घर जाकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में सहायक विद्युत अभियंता हरि मोहन चौधरी, कनीय अभियंता रांची रोड पंकज जयसवाल,कनीय अभियंता कुजू विनोद कच्छप, सुपरवाइजर अरशद, रंजन कुमार, सौरभ कुमार मिश्रा, मनोज साव, निखलेश मिश्रा, भोलानंद यादव समेत कई ऊर्जा मित्र शामिल रहे।

## पार्थ मजूमदार ने एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक के रूप में पदभार संभाला



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पार्थ मजूमदार ने 8 मई 2023 को एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र – द्वितीय (I) के रूप में पदभार ग्रहण किए है। वे एनटीपीसी के पूर्वी क्षेत्र द्वितीय (I) के प्रमुख होंगे और ओडिशा, झारखंड और असम राज्य में स्थित बिजली स्टेशनों और परियोजनाओं की देखभाल करेंगे। श्री मजूमदार ने 38 सालो से अधिक समय अपने शानदार करियर में, महारत्न कंपनी एनटीपीसी में संचालन और रखरखाव, ईंधन प्रबंधन, विभिन्न विद्युत परियोजनाओं/स्टेशनों में तकनीकी सेवाओं, कोयला खनन जैसे विभिन्न विभागों में और कॉर्पोरेट व्यवसाय विकास, परामर्श विंग में भी सेवा कर चुके है। श्री मजूमदार ने कॉर्पोरेट सेंटर में कोयला खनन, व्यवसाय विकास, कंसल्टेंसी विंग के प्रमुख के रूप में प्रमुख पदों पर कार्य कर चुके है। उन्होंने पकरी–बरवाडीह, तलाइपल्ली, चट्टी–बरियातु और केरंदारी कोयला खनन परियोजनाओं का भी नेतृत्व किया है। बिजली क्षेत्र और कोयला खनन क्षेत्र में एक अनुभवी श्री पार्थ मजूमदार अपने साथ गतिशील नेतृत्व गुणों के साथ समृद्ध अनुभव लेकर आए हैं। इस कार्यभार से पहले श्री पार्थ मजूमदार रांची में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी (कोयला खनन)में थे।

### भारत स्काउट और गाइड के ग्रैंड कैंप फायर में वित्त मंत्री बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए

# संविधान को पढ़ें सभी बच्चे, चरित्र निर्माण में स्काउटिंग कर रहा सराहनीय कार्य: डॉ रामेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/लातेहार।** लातेहार-नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित भारत स्काउट और गाइड के ग्रैंड कैंप फायर में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव बतौर मुख्य अतिथि मंगलवार को शामिल हुए। इस मौके पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने प्रेक्षागृह में उपस्थित स्काउट गाइड और रोंवर रेंजर को संबोधित करते हुए कहा कि हमें संविधान को पढ़ना चाहिए। हमें हमेशा असंवैधानिक कार्यों का विरोध करना चाहिए। मंत्री ने कहा कि चरित्र निर्माण में स्काउटिंग की हमेशा महती भूमिका रही है। झारखंड के विभिन्न विद्यालयों में स्काउट गाइड की गतिविधियां चल रही हैं, ये समाज और विद्यालय दोनों के लिए बेहतर है। रामेश्वर उरांव ने महात्मा गांधी की चर्चा करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति हमें हमेशा सजग रहना चाहिए, क्योंकि जहां स्वच्छता का वास होता है, वहां ईश्वर का निवास होता है। पलामू जिला की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जहां पलास, लाह और महुआ पाया जाता है, वह पलामू कहलाता है। ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम में शामिल होनेवाले रोंवर रेंजर और स्काउट गाइड को अपने जीवनकाल के संयमित संस्कारित बनाने की दिशा में कदम उठाने की बात मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कही। मौके पर भारत स्काउट और गाइड के राज्य सचिव डॉ श्रीमोहन सिंह ने कहा कि ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी शिविर का आयोजन नेतरहाट में इसलिए किया गया है कि यह स्थल इसके लिए बिल्कुल अनुकूल है और इस शिविर का उद्देश्य यहां पूरा हो सकता है। बच्चों ने यहां प्रकृति का भरपूर आनंद उठाया। इसके पूर्व नेतरहाट आवासीय विद्यालय के द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसके पश्चात नेतरहाट विद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह ने मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को नाशपाती का पौधा और विद्यालय पत्रिका सर्जना देकर स्वागत किया। ग्रैंड कैंप फायर की शुरूआत मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा दीप जला कर की गयी। राज्य सचिव भारत स्काउट और गाइड के सचिव डॉ श्रीमोहन सिंह ने मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को शॉल ओढ़ा कर और स्कार्फ पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ। भारत स्काउट और गाइड के द्वारा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जयसवाल, कार्यकारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शकील अहमद और पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव अजय कुमार शाहदेव को स्काउट स्कार्फ पहना कर स्वागत किया गया। मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने प्रेक्षागृह के बाहर भारत स्काउट और गाइड के बच्चों के साथ ग्रुप फोटो भी करवायी।

## मौके पर इनकी रही मौजूदगी

इस मौके पर आचार्य रवि प्रकाश, अंशुमान चटर्जी, लीली ग्रेस तिग्गा एसटीसी, फुलकेरिया एक्का, शैलेंद्र कुमार सुमन जिला सचिव लोहरदगा, मुमताज अहमद सह सचिव लोहरदगा, मो साज़िद अहमद, साकिर अंसारी, सानू कुमार, राजेश कुमार राय, ओलिव मिंज, सिस्टर उषा सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाएं मौके पर मौजूद थे।

# हर एक शख्स दूसरे को शक की निगाह से देख रहा: राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस पार्टी का महत्वपूर्ण विभाग है। इस विभाग का कांग्रेस पार्टी की मजबूती में अहम योगदान रहता है। ये बातें मंगलवार को अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारिणी की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह से राष्ट्रीय नेतृत्व मंजूर अंसारी पर विश्वास जताया है। मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इनके बनने से प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग मजबूत होगा। ये पूरे ऊर्जा के साथ काम करेंगे। नए लोग इनके मध्यम से पार्टी में जुड़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि देश नाजुक दौर से गुजर रहा है। देश में नफरत का माहौल बना हुआ है। हर एक शख्स दूसरे को शक की निगाह से देख रहा है। कांग्रेस पार्टी ने इस देश को आजाद कराया और देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना स जिस को आज कुछ लोग खत्म करना चाहते हैं।

## 2024 में भाजपा की केंद्र सरकार को सत्ता से करें बेदखल

राजेश ठाकुर ने कहा कि इस देश की खातिर गांधी, नेहरू, अंबेडकर, आजाद, भगत सिंह जैसे महान नेताओं नेर त्याग तपस्या और बलिदान दिया। राहुल गांधी नफरत के बाजार में मोहब्बतों की दुकान खोलना की लड़ाई लड़ रहे हैं, इस लड़ाई में हम सभी सहयोगी बने। राहुल गांधी ने 4 हजार किमी पैदल चल कर देश के लोगों की परेशानियों को सुना। चारों तरफ से एक ही आवाज आई नफरत, गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई। इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी बनती है की संगठन को मजबूत करें और 2024 में भाजपा की केंद्र सरकार को सत्ता से बेदखल करें।

## संगठन को बूथ स्तर पर करें मजबूत : आलमगीर आलम

मंत्री आलमगीर आलम ने मंजूर अंसारी की तारीफ करते हुए कहा कि वे एक मंझे हुए नेता हैं, निश्चित तौर पे इनके नेतृत्व में कांग्रेस अल्पसंक विभाग का संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा की हमारी सरकार ने अल्पसंख्यकों के समस्याओं का समाधान करने की पूरी कोशिश की। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की बात कही। कहा 2024 में बीजेपी की केंद्र की सरकार को उखाड़ फेंकना है। आज देश के जो हालात हैं, वो किसी से छिपा नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी चरम सीमा पर है।


## गांव-मोहल्ले में केंद्र की विफलता बताना जरूरी : शहजादा अनवर

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि हम सभी को गांव-मोहल्ले में जाकर केंद्र सरकार की विफलता को बताने की जरुरत है। जिस तरह से देश में नफरत का माहौल बना हुआ है। भाईचारे को खत्म कर रखा। उसे भी लोगों के बीच में जाकर बताने की आवश्यकता है। यह सच है कि हर शख्स भाजपा की केंद्र सरकार से परेशान है। जनता महंगाई से त्राहिमाम कर रही है। पढ़े-लिखे नौजवान बेरोजगार हैं। इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाना है। वहीं, प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी उमैर खान ने कहा कि राहुल गांधी देश को जोड़ने के लिए 4000 किलोमीटर की यात्रा किया उस यात्रा में मैं भी शामिल था।

## जिम्मेदारी निभाने की होगी कोशिश : मंजूर

चेयरमैन मंजूर अंसारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन, प्रभारी अविनाश पांडे व राष्ट्रीय चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी का शुक्रिया अदा करते हुए कहा की जिस विश्वास के साथ कांग्रेस नेतृत्व ने मुझे जिम्मेदारी दिया है उसे हरसंभव निभाने की कोशिश करूंगा। हम सभी का एक लक्ष्य होना चाहिए के किस तरह से कांग्रेस पार्टी को जिला, प्रखंड और पंचायतों में मजबूत करें।

## एमवीआर रेड्डी ने एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) का पदभार संभाला



**रांची (आजाद सिपाही)।** एमवीआर रेड्डी कार्यकारी निदेशक (सुरक्षा), एनटीपीसी कॉरपोरेट सेंटर ने 9 मई, 2023 से क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन), एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची का पद ग्रहण किया है। वे एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग के प्रमुख होंगे और सभी कोयला खनन परियोजनाओं की देखभाल करेंगे,जो झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित है और रांची में कोयला खनन–मुख्यालय है। लगभग 38 वर्षों के अपने शानदार करियर में श्री रेड्डी का विभिन्न विद्युत परियोजनाओं/स्टेशनों और सुरक्षा में संचालन और रखरखाव, संचालन प्रणाली, ईंधन प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन, परियोजना निर्माण, परियोजना निष्पादन और निगरानी के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान है। श्री रेड्डी ने एनटीपीसी में अपने लगभग चार दशकों के लंबे करियर के दौरान विभिन्न एनटीपीसी परियोजनाओं जैसे कोरबा, रामागुंडम, दक्षिणी क्षेत्र मुख्यालय, कुडगी, उत्तरी करणपुरा, पूर्वी मुख्यालय–क झज्जर और पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में प्रमुख पदों पर काम किया है। झारखंड में स्थित पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना और उत्तरी कर्णपुरा दोनों परियोजनाओं के परियोजना प्रमुख थे। उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से अपनी मैकेनिकल इंजीनियरिंग पूरी करने के बाद, वह जुलाई 1985 में एक प्रशिक्षु इंजीनियर के रूप में एनटीपीसी में शामिल हुए और कोरबा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट,छत्तीसगढ़ से अपना करियर शुरू किया था । बिजली उत्पादन और कोयला खनन क्षेत्र में एक अनुभवी, श्री एम वी आर रेड्डी अपने साथ गतिशील नेतृत्व गुणों के साथ समृद्ध अनुभव लेकर आए हैं।

## कांड्रा-रांची रेल मार्ग का रास्ता साफ



**रांची (आजाद सिपाही)।** कांड्रा–रांची के बीच रेल मार्ग का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए राशि स्वीकृत हो गयी है। एनएच–33 के किनारे रेल लाइन बिछेगी। इससे इन गांवों को फायदा होगा। भारतीय रेलवे कांड्रा–नामकुम (रांची–टाटा) रेल लाइन परियोजना को पूरा करने के लिए दक्षिण–पूर्व रेलवे की ओर से रेल मंत्रालय को भेजा गया अनुमानित बजट स्वीकृत हो गया है। कांड्रा–नामकुम रेल मार्ग के बीच की दूरी लगभग 106 किलोमीटर होगी। इन दोनों स्टेशनों के बीच रेलवे लाइन बिछाने में करीब 2 हजार 850 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। राशि स्वीकृत होने के बाद इस रेल लाइन के लिए टेंडर निकाला जायेगा। कांड्रा–नामकुम (रांची–टाटा) रेल लाइन के बीच छह स्टेशन प्रस्तावित हैं, जिनमें पलगम, रडगांव, तमाड़, बुंडू, और उलिडीह शामिल हैं। प्रस्तावित स्टेशनों पर फुट ओवरब्रिज भी बनाये जायेंगे। तमाड़ सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन होगा। इस रेल लाइन का काम जल्द ही शुरू होनेवाला है। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा–'मैं शुरू से ही संसद में इसकी मांग करता रहा हूं। इसके बनने से सैकड़ों ऐसे गांव लाभान्वित होंगे, जो अब तक रेल सुविधा से वंचित हैं। मैंने रेल मंत्री को आश्वस्त किया है कि इस मार्ग में यात्री की कमी नहीं होगी।

## रांची समेत पूरे प्रांत में श्री हनुमान चालीसा पाठ और आरती का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद के आवाहन पर देशव्यापी 'कुमति निवार सुमति के संगी' के तहत विहिप के युवा संगठन बजरंग दल झारखंड की राजधानी रांची सहित पूरे प्रांत में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती के माध्यम से हनुमत शक्ति जागरण कर व्यापक जन जागरण किया। मंगलवार को रांची के पहाड़ी स्थित कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा कि बजरंग दल का स्थापना सनातन हिंदू समाज को सुरक्षा प्रदान करने के निमित्त किया गया है। वर्तमान समय में बजरंग दल देश भर में लाखों की संख्या में गौरक्षा, हिन्दू कन्या रक्षा, रक्तदान, मठ मंदिर व धर्मांतरण रोकने जैसे अनेक प्रकार के सेवा कार्यों में लगा है। बजरंग दल सदैव सनातन हिंदू समाज का कवच के रूप में खड़ा रहता है। डॉ साहू ने कहा कांग्रेस सहित आतंकियो के पैरोकार अन्य संगठनों व देश विरोधी एवं हिंदू द्रोही मानसिकता की सद्बुद्धि हेतु आज झारखंड प्रांत विश्व हिंदू परिषद–बजरंग दल सहित सभी हिंदू विचारधारा के संगठनों के द्वारा लगभग 5000 मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ कर भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम के परमभक्त बजरंगबली से प्रार्थना की। आज समस्त हिंदू जनमानस अपने नजदीक के मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती कर देशद्रोही मानसिकता वाले लोगों का प्रतिकार किया। कार्यक्रमों में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह रांची महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, महानगर सह मंत्री विश्वरंजन कुमार, हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, निशांत यादव, जीत सिंह, अशोक पांडेय , आशीष , सुनील साहू हेमसिंह, आशीष शर्मा, उज्जवल केसरी, अरविंद गुप्ता, शशिकांत तिवारी, अजीत मिश्रा, ऋषभ सिंह अमित अग्रवाल, प्रीतम सिंह मुन्ना मनीष केसरी, पहलाद बिट्टू, दिव्या परमार, विक्की सिंह सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया।

### केरला फाइल्स से भी भयानक है झारखंड में लूट की स्टोरी, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने चतरा में कहा

# थियेटरों में द केरला स्टोरी और झारखंड में करप्शन स्टोरी साथ-साथ चल रही: प्रतुल

> चतरा और लातेहार जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हुआ है, लेकिन सरकार खामोश है।



अजय चौरसिया

**चतरा (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार को चतरा पहुंचे। उन्होंने चतरा परिसदन में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि थियेटरों में द केरला स्टोरी और झारखंड में करप्शन स्टोरी साथ-साथ चल रही है। आज पूरे प्रदेश में बालू, कोयला पत्थर का अवैध कारोबार किया जा रहा है। सरकार मौन है। वर्तमान में प्रदेश के दो दो आईएएस पूजा सिंघल, छवि रंजन भ्रष्टाचार के आरोप में सलाखों के पीछे है और भी कई अधिकारियों की संलिप्त उजागर होगी। सिर्फ राँची जिले में 15 हजार करोड़ के जमीन घोटाले का अनुमान है और उपायुक्त छवि रंजन की पोस्टिंग हेमंत सोरेन ने ही की थी। साथ ही झारखंड में भाजपा के लगभग 250 कार्यकताओं पर फर्जी मुकदमे किए गए हैं। हेमंत सोरेन सरकार भाजपा के कार्यकताओं को टारगेट कर फर्जी मुकदमे करवा रही है। सरकार सभी मोर्चों पर फेल है प्रदेश में भय भूख भ्रष्टाचार का माहौल बना है प्रतिदिन बलात्कार की घटनाएं,चोरी की घटनाएं हत्या की घटनाएं दिनदहाड़े घट रही है। चतरा और लातेहार जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हुआ है। लेकिन सरकार खामोश है। यह 'राज्य पोषित भ्रष्टाचार' प्रतीत होता है। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी परशुराम शर्मा, पूर्व महामंत्री सरयू राम, राजेश पासवान, नगर महामंत्री मंजीत राणा, उपाध्यक्ष धीरज सिन्हा, भाजपा नेता अशोक साहू,भोला साव, कन्हैया सिंह व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रवींद्र नाथ की रचित नृत्य नाटिका 'श्यामा' का मंचन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** यूनियन क्लब एवं लाइब्रेरी के तत्वावधान में प्लाजा हॉल के पीछे प्रांगण में रवींद्र जयंती के शुभ अवसर पर नृत्य नाट्य का आयोजन किया गया। गुरुदेव श्री रविंद्र नाथ के चित्रपट पर माल्यार्पण और पुष्पार्घ से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। माल्यार्पण और पुष्पार्घ में सह सभापतिद्वय गौतम भट्टाचार्य एवं डॉ स्वराट चौधरी, सचिव सेतांक सेन, प्रवीर लाहिड़ी एवं अन्य उपस्थित रहे। स्वागत भाषण सचिव सेतांक सेन ने किया। विशेष वक्ता के रूप में सांसद डॉ महुआ माझी उपस्थित रही। रवींद्र नाथ द्वारा रचित नृत्य नाटिका श्यामा का सफल मंचन किया गया। इस नृत्य नाटिका श्यामा में संगीत निर्देशन प्रणती लाहिड़ी और पारोमिता चौधरी द्वारा किया गया। नृत्य निदेशन विपुल नायक ने किया। संपूर्ण नृत्य नाटिका का निर्देशन प्रवीर लाहिड़ी ने किया। संगीत में पारोमिता चौधरी, डॉ उज्जवल राय, सुवीर लाहिड़ी, सुभदीप सरकार कृष्ट पाल, चैताली सरकार, पारोमिता भट्टाचार्य, रूमा चटर्जी, मौसमी भट्टाचार्य, प्रभा दे, सायनी बोस का योगदान उल्लेखनीय रहा। नृत्य में तृषा तानिया, सूरजीत जोश, मोहन सहित संगीता वर्मा तोन्नी, आयुषी सलोनी, सुष्मिता, सिलविया ने दर्शकों का मनोरंजन किया। सिंथेसाइजर पर सौरभ देव, तबला उत्तम घोष,गिटार शांतनु मजूमदार एवं ऑक्टोपैड पर तोपू दास ने शाम को संगीतमय बनाए रखा। धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष राम प्रसाद चटर्जी ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का योगदान रहा ।

# सियासत के दांव

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को दावा किया कि 2020 में जब उनकी सरकार को गिराने की साजिश हुई, तब पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता वसुंधरा राजे सिंधिया ने उनका साथ दिया था। उनकी मदद की बदौलत ही वह साजिश नाकाम की जा सकी थी। गहलोत के मुताबिक तब सरकार गिराने के लिए कांग्रेस विधायकों के बीच पैसे भी बांटे गये थे। चूंकि सरकार गिरायी नहीं जा सकी, इसलिए उन्होंने अपने विधायकों से कहा कि वे पैसे वापस कर दें, लेकिन जिन्होंने पैसे दिये वे, पता नहीं क्यों वापस ले ही नहीं रहे। इस पूरे मामले पर गौर करें तो कई गंभीर सवाल उभरते हैं। अव्वल तो गहलोत ने जो बात नहीं कही, वह यह कि सरकार गिराने की उस कथित साजिश में प्रत्यक्ष भूमिका सचिन पायलट की थी, जो उनकी अपनी पार्टी के हैं। दूसरी बात यह कि अगर खुद गहलोत के कहे मुताबिक उनकी अपनी पार्टी के विधायकों ने पैसे स्वीकार किये तो बतौर मुख्यमंत्री उनका दायित्व है कि उन विधायकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करायें क्योंकि कानूनन रिश्वत देना और लेना दोनों अपराध है। बीजेपी ने ऐसी मांग भी की है, लेकिन इन कानूनी पहलुओं से अलग शुद्ध राजनीतिक नजरिए से देखा जाये तो संसदीय लोकतंत्र में विभिन्न पार्टियों के बीच की रस्साकशी कई बार किस तरह के नाटकीय दृश्य उपस्थित कर देती है, उसका यह एक दिलचस्प उदाहरण है। हालांकि ऐसे मामलों की अंतिम सच्चाई कभी सामने नहीं आती। इस मामले में भी किसकी बातों में कितनी सचाई है यह पता करना करीब-करीब नामुमकिन है। वसुंधरा राजे ने सीएम गहलोत की बातों को सफेद झूठ कह भी दिया है, लेकिन यह तो सच है कि जब सचिन पायलट अपने करीबी विधायकों के साथ हरियाणा जाकर बैठ गये थे और कांग्रेस विधायकों में अफरातफरी का माहौल बनने लगा था, तभी कुछ समय में माहौल शांत होने लगा, कांग्रेस के विधायक गहलोत के समर्थन में आने लगे और यह स्पष्ट हो गया कि पायलट गहलोत की सरकार गिराने की स्थिति में नहीं रह गये हैं। उस समय भी मीडिया में सूत्रों के हवाले से ये खबरें आयी थीं कि परदे के पीछे गहलोत को वसुंधरा राजे का समर्थन मिल चुका है। उसके बाद यह परसेप्शन बना कि कांग्रेसी विधायकों का एक धड़ा समर्थन वापस ले ले तो भी गहलोत की सरकार गिरने की नौबत आना मुश्किल है, क्योंकि दूसरी तरफ से उसकी भरपाई हो सकती है। स्वाभाविक ही उसके बाद कांग्रेस विधायकों में बगावत का जोश ठंडा पड़ गया। राजनीति में ऐसे दांव-पेच नये नहीं, लेकिन दिलचस्प है कि एक समय जिनकी मदद से सरकार बची, दूसरे समय उन्हीं को एक्सपोज करने में सीएम गहलोत नहीं हिचक रहे और जिन लोगों ने कथित तौर पर मदद की। वे धन्यवाद स्वीकार करने तक में न केवल घबरा रहे हैं, बल्कि सराहना का जवाब आक्रामक आरोपों से दे रहे हैं। सचमुच राजनीति एक अजीब खेल है।

**राजनीति में ऐसे दांव-पेच नये नहीं, लेकिन दिलचस्प है कि एक समय जिनकी मदद से सरकार बची, दूसरे समय उन्हीं को एक्सपोज करने में सीएम गहलोत नहीं हिचक रहे और जिन लोगों ने कथित तौर पर मदद की।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अपने निरसन द्वारा शरद पवार ने अपने भतीजे अजीत पवार का मार्ग भी चुरा लिया और अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के समर्थन को मजबूत किया, जब उनकी पार्टी बगावत करती है, तो करिश्माई नेताओं का पसंदीदा खेल इस्तीफा होता है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री रामकृष्ण हेगड़े, शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी जैसे अन्य लोगों ने इसका सफलतापूर्वक उपयोग किया।**

# पवार ने अपने तरीके से नुकसान को फायदे में बदला

कल्याणी शंकर

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता शरद पवार ने हाल ही में अपनी पार्टी के अध्यक्ष पद को छोड़ने के अपने अचानक फैसले से दोस्तों और दुश्मनों को समान रूप से आश्चर्यचकित कर दिया। 3 दिनों के बाद उन्होंने इसे वापस ले लिया। यह अंततः राजनीति में तूफान-सा बन गया। अगर पवार अपने फैसले पर अड़े होते तो यह हो सकता था कि उनकी पार्टी, एमवीए और राज्य में भाजपा के खिलाफ लड़ाई कमजोर हो जाती। ये लोकसभा में 48 सदस्य भेजती हैं। शरद पवार अन्य लोगों की तुलना में अनुमान लगाने का खेल बेहतर खेलते हैं।

अपने निरसन द्वारा शरद पवार ने अपने भतीजे अजीत पवार का मार्ग भी चुरा लिया और अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के समर्थन को मजबूत किया, जब उनकी पार्टी बगावत करती है, तो करिश्माई नेताओं का पसंदीदा खेल इस्तीफा होता है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री रामकृष्ण हेगड़े, शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी जैसे अन्य लोगों ने इसका सफलतापूर्वक उपयोग किया। पवार के इस्तीफे के नाटक ने उनकी पार्टी तथा अन्य विपक्षी नेताओं को झटका दिया।

**1999 में अपने गठन के बाद से पार्टी हमेशा सत्ता सांझा करने के लिए संघर्ष करती रही।**

उन्होंने अपने भतीजे अजीत पवार को शह दी जो पार्टी को विभाजित करने और मुख्यमंत्री के रूप में खुद के साथ भाजपा में शामिल होने पर विचार कर रहे थे। शरद पवार ने ध्यान आकर्षित किया कि उनकी पार्टी आंतरिक संकट का सामना कर रही है। मौजूदा राजनीति के इस खेल में 3 अहम खिलाड़ी थे। एक थे शरद पवार, जो उत्तराधिकार की योजना चाहते थे। दूसरी थीं उनकी बेटी सुप्रिया और तीसरे अजीत पवार थे। पवार ने इस्तीफे और वापसी के नाटक की पटकथा खुद ही लिखी थी।



**यह कोई बड़ा रहस्य नहीं है कि पवार सुप्रिया सुले को कमान सौंपना चाहेंगे। इसके साथ ही शरद पवार को अपने भतीजे अजीत की योजना पर भी संदेह रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अजीत को आश्वासन दिया है कि यदि वह राकांपा के पर्याप्त विधायकों को लामबंद करते हैं, तो वह एकनाथ शिंदे की जगह उन्हें मुख्यमंत्री बनायेंगे।**

एक चतुर राजनेता होने के नाते उन्होंने अपनी पार्टी और विपक्ष को यह अनुमान लगाने दिया कि क्या वह 3 दिन तक इस्तीफा वापस लेंगे। जैसा कि अपेक्षित था, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और यहां तक कि विपक्षी नेताओं ने भी उन्हें इस्तीफा वापस लेने के लिए मना लिया। पवार के उत्तराधिकारी की तलाश करने वाली कोर कमेटी वापस आई और कहा कि सर्वसम्मति से इस्तीफे को खारिज कर दिया गया है। जैसा कि यह सारी पटकथा का उनके परिवार को पता था तो इसी के चलते पवार ने पद पर बने रहने के लिए सहमति जतायी।

उन्होंने दावा किया कि वह इतने सारे लोगों की भावनाओं का अनादर नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि लोगों के प्यार ने उन्हें भावुक कर दिया है। राकांपा के वरिष्ठ नेताओं की समिति द्वारा लिये गये निर्णयों के बारे उन्हें सूचित किया गया था। पवार ने कहा कि मैं इसका सम्मान करता हूं और इसलिए मैं पद से इस्तीफा देने का अपना फैसला वापस लेता हूं।

राकांपा प्रमुख ने कहा कि हालांकि वह अपनी जिम्मेदारियों को जारी रखेंगे, लेकिन उनका प्राथमिक ध्यान नया नेतृत्व तैयार करना और उन्हें नयी जिम्मेदारियां सौंपना होगा।

कैंसर से बचे पवार भावुक हो गये, जब उन्होंने कहा कि मेरा राजनीतिक करियर जो 1960 में शुरू हुआ था, 63 साल से बिना किसी बाधा के चल रहा है। यह पद छोड़ने और नये नेतृत्व को मौका देने का समय है। इसलिए मैंने राकांपा अध्यक्ष पद छोड़ने का फैसला किया। इन बातों का खुलासा उन्होंने एक साक्षात्कार के दौरान किया। बहुत से लोग उनके भतीजे अजीत पवार और उनकी इकलौती संतान सुप्रिया सुले के बीच सत्ता संघर्ष के बारे में जानते थे, जोकि सांसद हैं।

यह कोई बड़ा रहस्य नहीं है कि पवार सुप्रिया सुले को कमान सौंपना चाहेंगे। इसके साथ ही शरद पवार को अपने भतीजे अजीत की योजना पर भी संदेह रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अजीत को आश्वासन दिया है कि यदि वह राकांपा के पर्याप्त विधायकों को लामबंद करते हैं, तो वह एकनाथ शिंदे की जगह उन्हें मुख्यमंत्री बनायेंगे। पवार ने स्पष्ट किया कि वह राजनीतिक संन्यास नहीं ले रहे। उन्होंने कहा कि मुझसे कोई अलगाव या सार्वजनिक सेवानिवृत्ति नहीं होगी।

मैं आपके साथ था, हूं और अपनी अंतिम सांस तक हमेशा रहूंगा। दूसरी बात यह है कि पवार जानते थे कि उनकी पार्टी फिसल रही है और हाल ही में उन्होंने अपना राष्ट्रीय दर्जा खो दिया है। राकांपा नये मतदाताओं तक पैठ नहीं बना पायी थी। 1999 में अपने गठन के बाद से पार्टी हमेशा सत्ता सांझा करने के लिए संघर्ष करती रही। पहले कांग्रेस पार्टी के साथ तथा बाद में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन में शिवसेना-कांग्रेस के साथ राकांपा को मजबूत करने की तत्काल जरूरत है।

तीसरा यह कि पवार का स्वास्थ्य और उम्र उनके पक्ष में नहीं थी। इसलिए एक उत्तराधिकार योजना के लिए उन्होंने तत्कालिकता दिखायी। राष्ट्रीय स्तर पर पवार ने 2024 चुनावों से पहले गैर-भाजपा पार्टियों को लामबंद करने के लिए खुद को सभी पार्टियों में दोस्तों के साथ एक प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित कर लिया है। उन्होंने कहा कि मेरी जिम्मेदारी देश के व्यापक हित में है कि मैं छोटी पार्टियों को एक साथ लाऊं और लोगों को एक विकल्प प्रदान करूं।

उन्होंने 2024 के चुनावों से पहले अपनी भूमिका स्पष्ट करते हुए कहा कि मैं कई लोगों के साथ व्यक्तिगत संबंधों का आनंद लेता हूं, जिन्होंने कहा कि मुझे इसके लिए जरूरत थी। उनमें राहुल गांधी, सीताराम येचुरी और कई अन्य नेता शामिल हैं। कुल मिला कर पवार के गेम प्लान ने उन्हें संतुष्ट कर दिया है कि कोई भी फूट इस समय टल गई और अजीत पवार भविष्य में ऐसा करने से पहले दो बार सोचेंगे। गैर-भाजपा विपक्ष भी उनकी ओर देखेगा। पवार ने अपने तरीके से नुक्सान को फायदे में बदल दिया।

स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी के 168वें आविर्भाव दिवस पर विशेष


# एक ज्ञानावतार का युग-युगांतर का तराशा हुआ आदर्श जीवन

संध्या एस नायर

‘भय का सामना करो, तब वह तुम्हें सताना बंद कर देगा!’ अत्यंत दृढ़तापूर्वक कहे गये ये शब्द पश्चिम में योग के जनक श्रीश्री परमहंस योगानंद के गुरु बंगाल के शेर ज्ञानावतार स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि के हैं। योगानंदजी ने अपनी आध्यात्मिक उत्कृष्ट पुस्तक ‘योगी कथामृत’ में अपने गुरु की अपरिमेय प्रकृति का अत्यंत गहन उल्लेख किया है। उन्होंने लिखा है कि वेदों में संत के विषय में दी गयी परिभाषा श्रीयुक्तेश्वरजी पर सटीक बैठती थी, ‘वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि,’ अर्थात जहां दया का प्रश्न है वहां फूलों से भी कोमल; जहां सिद्धांतों का प्रश्न है वहां वज्र से भी कठोर।

उनका जन्म 10 मई, 1855 को श्रीरामपुर, पश्चिम बंगाल में हुआ था और उनका पारिवारिक नाम प्रियनाथ कड़ार था। वे वाराणसी के महान योगी लाहिड़ी महाशय के शिष्य थे। बाद में उन्होंने स्वामी परंपरा के अंतर्गत संन्यास ग्रहण कर लिया और उन्होंने नया नाम श्रीयुक्तेश्वर ग्रहण किया। बौद्धिक और आध्यात्मिक शिक्षा में उनकी जीवनपर्यंत रुचि थी। इसलिए उन्होंने प्रशिक्षण के उद्देश्य से अपने पैतृक मकान को एक आश्रम में परिवर्तित कर दिया। उनकी देखरेख में सभी शिष्यों को पौर्वात्य और पाश्चात्य सद्‌गुणों का संगम बनने की कुशल शिक्षा प्रदान की जाती थी।

एक आदर्शवादी होने के कारण उनका प्रशिक्षण का ढंग अत्यंत दारुण था। योगानंदजी ने स्वीकार किया, मैं अनेक बार उनके अनुशासन रूपी हथौड़े के प्रहार से तिलमिला उठता था। इसलिए स्पष्टतः वे ओछे शिष्यों में लोकप्रिय नहीं थे, परंतु विवेकपूर्ण, समझदार लोगों में, जो संख्या में सदा ही थोड़े रहते हैं, उनके प्रति गहरी



श्री श्री स्वामी श्री युक्तेश्वरजी | श्री श्री परमहंस योगानंद

श्रद्धा थी।

जब ऐसे शिष्य अपेक्षाकृत साधारण कोटि के किसी ऐसे गुरु को खोज निकालते, जो उन्हें झूठी खुशामदी बातों की छाया प्रदान कर सकता था और वे आश्रम से भाग जाते थे, तो उन भगौड़ों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्रीयुक्तेश्वरजी विनोदपूर्वक कहते थे, आलोचना के हल्के-से स्पर्श से भी बिदक जाने वाली संवेदनशील आंतरिक दुर्बलताएं शरीर के उन रोगग्रस्त अंगों के समान हैं, जो जरा-सा हाथ लगाने से ही झटका मारकर पीछे हट जाते हैं।

यद्यपि उनके शब्दों का आक्रमण केवल उन्हीं शिष्यों पर होता था, जो उनके अनुशासन की मांग करते थे, तथा उनके शब्दों में कभी भी क्रोध नहीं होता था, बल्कि ज्ञान की अलिप्तता होती थी। वे प्रायः इन शब्दों के साथ उन्हें प्रोत्साहित किया करते थे, भविष्य में सब कुछ सुधर जायेगा, यदि तुम अभी से आध्यात्मिक प्रयास आरंभ कर दो। जिन शिष्यों ने उनके प्रशिक्षण को उचित भावना के साथ स्वीकार किया, उन्हें अंततः उनकी उग्र कठोरता के पीछे छिपा उनका गहन प्रेमपूर्ण हृदय दिखाई देता था। अपने शिष्यों के प्रति उनका स्पष्ट आह्वान था, आत्म-संयम के सिंह बनकर संसार में विचरण करो; इंद्रिय-दुर्बलताओं के मेंढकों की लातें खाकर इधर से उधर लुढ़कते मत रहो।

वे अपने शिष्यों से जोर देकर कहा करते थे, स्थिर, दैनिक आध्यात्मिक प्रगति के अतिरिक्त सम्मान के बाह्य प्रतीकों का कोई महत्व नहीं है। वे उन्हें क्रियायोग की अत्यधिक उन्नत आध्यात्मिक प्रविधि का अभ्यास करने की याद दिलाते रहते थे।

हिमालय में निवास करने वाले अमर गुरु, महावतार बाबाजी ने एक कुंभ मेले में श्रीयुक्तेश्वरजी से इसाई और हिंदू धर्मशास्त्रों के मध्य आधारभूत सौहार्द को दर्शाने वाली एक छोटी पुस्तक कैवल्य दर्शनम लिखने का अनुरोध किया। पूर्व और पश्चिम के बीच भविष्य में होने वाले सौहार्दपूर्ण आदान-प्रदान में महान भूमिका को आगे बढ़ाने के लिए बाबाजी ने उन्हें वचन दिया कि वे उनके पास एक शिष्य को भेजेंगे, जिनके प्रशिक्षण का उत्तरदायित्व उन्हें संभालना होगा, ताकि वह पश्चिम में योग के प्रचार का कार्य कर सके। वे प्रख्यात शिष्य श्रीश्री परमहंस योगानंद थे, जिन्होंने कालांतर में रांची में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया और कैलिफोर्निया में सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप की स्थापना की। एक शताब्दी से अधिक पूर्व स्थापित ये संस्थाएं अपने आरंभ से लेकर आज भी पूर्व और पश्चिम को क्रियायोग के वर्णनातीत प्रकाश से आलोकित कर रही हैं।योगानंदजी ने अपने परमप्रिय गुरुदेव के प्रति अपना महान आदर इन शब्दों में व्यक्त किया है, अनेक बार मेरे मन में यह विचार आता कि यदि मेरे तेजस्वी गुरु का मन ख्याति या सांसारिक उपलब्धियों पर केंद्रित हो जाता, तो वे आसानी से सम्राट या विश्व को थर्रा देने वाले योद्धा बन सकते थे। परंतु इसके बदले उन्होंने क्रोध और अहंकार के उन आंतरिक दुर्गों को ध्वस्त करना पसंद किया, जिनके पतन में मनुष्य की चरम उपलब्धि निहित है।

## जमशेदपुर की खबरें

# जेएमए ने महाराणा प्रताप की 483वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व नगर सचिव गोपाल महतो के नेतृत्व में वीर शहीद महाराणा प्रताप के 483वां जन्म जयंती के अवसर पर साकची के पुराना कोर्ट मोड़ मेरिन ड्राइव चौक में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मौके पर झामुमो नेता गोपाल महतो ने कहा महाराणा प्रताप परम प्रतापी, प्रचंड शक्तिशाली, परम पराक्रमी शासक थे। जिन्होंने मुगल साम्राज्य की नींव को हिला डाला था। श्री महतो ने कहा सिसोदिया वंश के सबसे महान शासक महाराणा प्रताप का जन्म 09 मइ 1540 को वर्तमान राजस्थान राज्य के मेवाड़ प्रान्त में हुआ था। महाराणा प्रताप की वीरता, उनकी अपार शक्ति और साहस को पूरी दुनिया आज भी सलाम करती है। उनके वीरता, निर्भयता और शक्ति




के कारण उन्हें भारतीय इतिहास का सबसे शक्तिशाली राजपूत योद्धा भी माना जाता है। महाराणा प्रताप की वीरता और साहस के बारे में हम जितना भी कहे कम है। महाराणा प्रताप एक सर्वश्रेष्ठ योद्धा के साथ-साथ एक कुशल शासक भी थे। उन्होंने सभी को साथ लेकर चलना पसंद करते थे। इस अवसर पर झामुमो नेता गोपाल महतो, अंकित सिंह, मनील महतो, रोहित लोहरा, रॉकी सिंह, गोविंदा चालक, अभिषेक,पमजीत सिंह, कृपाल सिंह, गौतम धीवर, चंदन महतो, संतोष प्रसाद, अमित रजक के साथ कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रतिभागियों को झामुमो नेता बाबू लाल सोरेन ने किया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जादूगोड़ा।** मुसाबनी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत माटीगोड़ा ग्राम कुलामाड़ा गांव बोड़ामडेरा में आयोजित तीन दिवसीय छऊ नृत्य, डांस एवं आदिवासी संथाली पर्दा फिल्म प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चंपइ सोरेन के पुत्र बाबू लाल सोरेन एवं जिला परिषद शिवनाथ मार्डी, पूर्व मुखिया कार्तिक हेंब्रम ने प्रतिभागियों को नगद राशि समेत अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि बाबू लाल सोरेन ने कहा कि झारखंड में खिलाड़ियों में प्रतिभा एवं जज्बा की कमी नहीं है। जरूरत है इन्हें सही मार्ग दर्शन कर उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की ताकि वे आगे बढ़ सके। उनके तरफ से ऐसे प्रयास की जा रही है ताकि खिलाड़ी एवं कलाकार आगे बढ़ सके। इस मौके पर माटीगोड़ा पंचायत क्षेत्र के पूर्व मुखिया कार्तिक हेंब्रम ने कहा राज्य में छऊ नृत्य का विशेष महत्व है। जिसके विकास को लेकर हर जिले में छऊ नृत्य विद्यालय सरकार खोले ताकि इस छऊ नृत्य के कलाकारों को रोजगार से जोड़ कर आगे बढ़ाया जा सके। इसके पूर्व कार्यक्रम में आये अतिथियों जुझार सोरेन, विमल सुभाष, कर्मकार मंगल सोरेन योगेश तियु समेत अन्य अतिथियों का कार्यक्रम के आयोजक एसएस ब्यायज क्लब कमिटी के युवती मेम्बरों ने आदिवासियों की सांस्कृतिक परम्परा के तहत अतिथियों का पैर हल्दी पानी से धोकर एवं चंदन टीका लगाकर स्वागत किया।

# तस्कर को एक लाख की गीला अफीम के साथ पुलिस ने दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** सरायकेला- खरसावां जिले के चौका पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुटुदा गांव के पास लगभग साढ़े चार सौ ग्राम गीला अफीम के साथ 28 वर्षीय मंगल मुंडा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मंगलवार को जानकारी देते हुए चांडिल एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने बताया पुलिस को सूचना मिली थी मुटुदा गांव के पास गीला अफीम का तस्करी की जा रही है। पुलिस ने कारवाई करते हुए मंगल मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर अनुसंधान कर रही है। उन्होंने कहा जब्त किये गये अफीम का बाजार मूल्य लगभग एक लाख अनुमान लगाया जा रहा है। आरोपी के पास से लगभग ढाई हजार रुपए नगद एक मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। उन्होंने कहा लंबे समय से क्षेत्र में अफीम तस्करी की शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद एक टीम का गठन कर छापेमारी की गई। उन्होंने कहा मंगल मुंडा की गिरफ्तारी बड़ी उपलब्धि है।

# विहिप नेता की माता की अंतिम यात्रा में शामिल हुए महानगर अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते दिनों कदमा शास्त्रीनगर उपद्रव मामले में जेल में बंद विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री भोला लोहार के माता का सोमवार को उनके निवास स्थान बमामाईंस कैरेज कॉलोनी में निधन होगया। मंगलवार को जानकारी मिलने पर उनके अंतिम यात्रा में पे रोल पर जेल से बाहर आये उनके पुत्र भोला लोहार के संग भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव सहित कई युवा शामिल हुए। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने पार्थिव शरीर पर पुष्पमाला अर्पित कर




नम आंखों से अंतिम विदाई दी। मंगलवार को भुइयांडीह स्थित स्वर्णरेखा बर्निंग घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। गुंजन यादव ने विहिप नेता भोला लोहार एवं परिवारजनों से मिलकर ढाँढस बंधाया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा के शांति एवं शोकाकुल परिजनों को दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा दुःख की इस घड़ी में पूरा भाजपा परिवार भोला लोहार के परिवारजनों के साथ है।

**कार्यक्रम : नक्सलियों से आजाद हो चुके बूढ़ा पहाड़ पहुंचा आजाद सिपाही**

# राहत की सांस ले रहे ग्रामीण, जिनकी सांसत में पड़ी थी जान

**जो जुबान कल को लाल सलाम और प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाती आज वो ककहरा बोलते हुए प्रगति की राह पर चल पड़े हैं**

सोनू कुमार गुप्ता







**गढ़वा।** हमने खबर का शीर्षक दिया है नक्सलियों से आजाद हुए बूढ़ा पहाड़ पहुंचा आजाद सिपाही। इसे पढ़ने के बाद शायद मुझे बताने की जरूरत नहीं है कि मैं किस बूढ़ा पहाड़ और उसकी चर्चा किस संदर्भ में कर रहा हूं।

मैं बूढ़ा पहाड़ का विस्तृत चर्चा करूं उससे पहले आपको तस्वीर के जरिए उस रास्ते को दिखाता हूं जिससे आज गुजरना भले सुगम हो गया हो, पर दुर्गम पहाड़ी पर पहुंचने के लिए यही रास्ता कितना कठिन था। देख कर समझा जा सकता है। पर उसी कठिनाई को झेलते और चुनौती को स्वीकार कर एक लंबी लड़ाई लड़ते हुए नक्सलियों के हुकूमत वाले बूढ़ा पहाड़ को आजाद करा लिया गया। पर उस गुलामी के वक्त कैसे हालात थे उसे गांव वालों से जानने के साथ-साथ अब वो कैसी जिंदगी जी रहे हैं उसे उनके चेहरे को देख कर बेशक जाना जा सकता है। जहां कभी बमों के धमाके और गोलियों की तड़तड़ाहट सुनाई पड़ती थी। अब वहां बच्चों के ककहरा सुनाई पड़ते हैं। जिस बूढ़ा पहाड़ की चोटी पर मौजूद रह कर नक्सली खतरनाक रणनीति बनाने के साथ-साथ उसे अंजाम दिया करते थे। आज उसी जगह पर बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। ये वही अबोध बच्चे हैं जिनका बचपन सिसक रहा था, इनकी आंखों में घर कर चुके खौफ को देख कर अहसास किया जा सकता है कि किस विषम हालात में इनकी ज़िंदगी गुजरी है। पर अब उस विषम हालात से इन्हें निकालने के साथ-साथ ऐसा प्रयास किया जा रहा है कि इनके मन से दहशत का घना कोहरा भी छंट जाए। क्योंकि जिन बच्चों के हाथों में कुछ ही अरसा में हथियार आ जाते आज उनकी नन्हीं उंगलियों को पेंसिल दे दी गयी। जो जुबान कल को लाल सलाम और प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते आज वो ककहरा बोलते हुए प्रगति की राह पर चल पड़े हैं। जो बच्चे बाहर की दुनिया से अनजान थे। खुशियों की बरसात की जगह जिनकी नजरें दुख के बादल देखे थे। वो आज कंप्यूटर के जरिए पढ़ाई करते हुए बाहर की दुनिया से वाकिफ भी हो रहे हैं। स्कूल यूनिफॉर्म में बैठ पढ़ाई करने वाले इन बच्चों की जिंदगी संवार रहे सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट नृपेंद्र कुमार सिंह कहते हैं कि जहां कभी विध्वंस की नीति तैयार होती थी। अब वहीं निर्माण की रणनीति बन रही है। हम ऐसा केवल कह नहीं रहे बल्कि आपको तस्वीरों के जरिए दिखा भी रहे हैं। ये वही ग्रामीण हैं जो कल जब इस पहाड़ पर नक्सली काबिज थे उस वक्त क्या ये विध्वंस की बात ज्यादा सुनते होंगे या निर्माण की? इन्हें प्रशासन और सरकार की मुखालफत करना सिखाया जाता था या वकालत करना? बेशक समझा जा सकता है। देखिए और सोचिए कि जो गुजरे वक्त में डर के मारे नक्सलियों के गलत मंसूबों के अंजाम देते वक्त सशरीर मौजूद रहा करते थे। आज वही बेखौफ हो निर्माण में जुटे हुए हैं। यह बात नहीं कि वो चुप्पी साधे हुए हैं बल्कि उनके द्वारा बताया भी जा रहा है कि किस तरह उनके द्वारा दहशत भरी जिंदगी जिया गया है। और अब वो किस तरह सुकून का जीवन जी रहे हैं।

दशकों बाद की लंबी लड़ाई के बाद बूढ़ा पहाड़ को नक्सलियों से मुक्त कराने के बाद अब वहां के लोगों की बेपटरी हो चुकी जिंदगी को सीआरपीएफ द्वारा पटरी पर लाई जा रही है। जहां ग्रामीणों को संचालित हो रहे विकास योजनाओं में काम करते देखा जा सकता है। वहीं निःशुल्क शिक्षा केंद्र में बच्चों को पढ़ते हुए भी आप देख सकते हैं। इन सबके साथ साथ आपको एक महत्वपूर्ण जानकारी दे दूं कि बूढ़ा पहाड़ की तलहटी में अवस्थित पुनदाग गांव में सीआरपीएफ द्वारा बाजार की शुरुआत कराई गई है। उक्त बाजार में बिक्री और खरीददारी करते लोग पहले तो यह कहते हैं कि हमें तो मालूम भी नहीं था कि ग्रामीण हाट बाजार क्या होता है। मारे खौफ के जीवन जीने वाले हम लोगों के लिए यह सब दिन में देखे जाने वाले दिवास्वप्न जैसा था। पर आज हम सबों की जिंदगी पूरी तरह से बदल चुकी है। अब हम सभी यही दुआ करते हैं कि फिर से वो खौफ का मंजर ना देखना पड़े।

पहले सुन कर और आज बूढ़ा पहाड़ पहुंच वहां के पूर्व वाले विषम हालात को जानने और अब वर्तमान को देख कर सीआरपीएफ और प्रशासन के कार्यों की सहृदय सराहना करने के साथ-साथ यही कहना चाहूंगा कि मन ही मन रोते हुए सिसकते बच्चों को कलेजे से लगा दोराहे वाली जिंदगी दशकों से जीकर अब हर पल सुकून का जीने वाले लोगों की आंखों के सामने फिर से वो खौफ का मंजर ना आये इसकी कोशिश अनवरत करनी होगी।

# गढ़वा एसपी ने किया क्यूआर कोड लॉन्च




**संवेदनशील स्थानों पर पीसीआर वाहन और टाइगर पेट्रोलिंग रक्षक ऐप के माध्यम से दर्ज कराएंगे अपनी उपस्थिति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला पुलिस ने पीसीआर वाहन एवं टाइगर पेट्रोलिंग वाहनों के द्वारा अपनी ड्यूटी की उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर कुल 26 संवेदनशील स्थानों पर क्यूआर कोड के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने के लिए क्यूआर कोड को लांच किया। मौके पर एसपी अंजनी कुमार झा ने कहा कि क्यू आर कोड बेस्ट इवेंट पेट्रोलिंग की शुरुआत करने का मुख्य उद्देश्य है कि हमारे पीसीआर वाहन और टाइगर पेट्रोलिंग वाहन अपनी ड्यूटी पूरी तन्मयता के साथ करें ताकि गढ़वा जिला नशा मुक्त भयमुक्त जिला बन सके। 26 संवेदनशील स्थलों का चयन कर जैसे बैंक, एटीएम, स्कूल, कॉलेज, आभूषण दुकान, शॉपिंग मॉल, पेट्रोल पंप, अस्पताल इत्यादि अन्य जगहों पर लगाए जाएंगे। जिससे आपराधिक एवं संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। साथ में थाना प्रभारी सहित वरीय पदाधिकारियों द्वारा भी क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोलिंग का बेहतर अनुसरण ऑनलाइन किया जा सकेगा। यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि पेट्रोलिंग वाहन सभी संवेदनशील स्थानों पर लगातार जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर कार्य कर रहे हैं व भविष्य में उक्त व्यवस्था के अनुभव के आधार पर ई वेट पेट्रोलिंग का दायरा बढ़ाया जाए।

## समाहरणालय परिसर में उपायुक्त न्यायालय गढ़वा के नये कोर्ट रूम का हुआ उद्घाटन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय परिसर अंतर्गत आज उपायुक्त न्यायालय के नये कोर्ट रूम का उद्घाटन उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, सरकारी अधिवक्ता परेश कुमार तिवारी, जिला नजारत उप समाहर्ता निलेश मुर्मू, स्थापना उप समाहर्ता अरूण उरांव समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त द्वारा न्यायालय से जुड़े सभी कार्यों का निष्पादन उक्त कोर्ट रूम में ही किया जाएगा।

## पंद्रह दिनों के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे आमरण अनशन : अनिल पांडेय

**नगर परिषद की योजनाओं में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए पूर्व उपाध्यक्ष ने डीसी को सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने उपायुक्त शेखर जमुआर को नगर परिषद की योजनाओं में अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए जांच करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

मौके पर पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडे ने कहा कि नगर परिषद की विभिन्न योजनाओं में घोटाले किए गए हैं। नगर परिषद भारतीय संविधान से ना चलकर व्यक्ति हित में लूट के नियम से चलता है। ऐसे में उसकी जांच कर उचित कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि पंद्रह दिनों के अंदर यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे आमरण अनशन पर बैठेंगे। बताया कि नगर परिषद निविदा नियमावली के विरुद्ध सैकड़ों टेबल टेंडर गलत ढंग से कर के वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारियों, पूर्व अध्यक्ष पिंकी केसरी के संरक्षण में उनके पति संतोष केसरी के चहेते व्यक्ति को काम देकर मोटी रकम वसूली गई है। गौशाला की भूमि पर नगर परिषद के द्वारा नियम विरुद्ध जबरन दुकान का निर्माण कराया जा रहा है। शहर का कचरा नदी में फेंका जा रहा है। इससे नदी एवं आम लोग प्रदूषित हो रहे हैं। जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए। गर्ल्स स्कूल के मैदान में फुटबॉल स्टेडियम बनाया जा रहा है। उससे सटे मैदान के दक्षिण और सड़क के सामने पार्किंग ना बनाकर दुकान बनायी जा रही है, जो सरासर गलत है। लाखों रुपये लगाकर स्टील का शौचालय गर्ल्स स्कूल के मैदान के सामने एवं अन्य जगहों पर लगाए गए थे जिसमें से कई शौचालय गायब हैं। आखिर उसका क्या उपयोग हुआ। नगर परिषद गढ़वा में जो भी मशीनरी गाड़ी या अन्य सामानों की खरीदारी की गई है। उसमें से 25 से 35% तक कमीशन कार्यपालक पदाधिकारी एवं पूर्व अध्यक्ष पिंकी केसरी के द्वारा ली गई है। यह क्रम लगातार जारी है। इसकी गहनता से जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

## गांव में दुल्हे को लेकर बारात में आयी कार ने ग्रामीण को कुचला, मौत



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के खुटिया गांव में एक दुल्हे की बारात लेकर आयी हुंडई कार ने गांव के ही एक ग्रामीण को कुचल दिया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। यह घटना सोमवार की रात्रि में हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद मुखिया प्रतिनिधि इसलाम खान घटनास्थल पर पहुंचकर घटनाक्रम की पूरी जानकारी प्राप्त करने के बाद धुरकी पुलिस को सूचना दी। वहीं पुलिस को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सदानंद कुमार सदलबल के साथ खुटिया गांव स्थित घटनास्थल पर मंगलवार की सूबह पांच बजे पहुंचे। थाना प्रभारी को मुखिया प्रतिनिधि व मृतक के परिजनों सहित अन्य प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गांव में ही अयोध्या भुइयां की लड़की का ब्याह हो रहा था और यूपी के सोनभद्र जिले के कोन थाना अंतर्गत कचनरवा किसुनपुरवा से बारात आयी थी। वहीं हुंडई कार में दुल्हा बैठा था। उक्त लोगों ने बताया कि बारात आने के बाद शादी-ब्याह का जो रस्म होता है दरवाजे पर बाराती के पहुंचने के बाद बैंड बाजा और डीजे गीत संगीत बजाते हुए दुल्हा सवार कार को चला रहा चालक नशे की हालत में था। वह बारातियों को नाचते गाते देखकर उसका भी मन नाचने के लिए बहक गया। इसके बाद वह चालक वाली सीट पर किसी अनाड़ी व्यक्ति के हाथों स्टेरिंग पकड़ाकर वह भी बारातियों के साथ नाचने गाने लगा। उक्त लोगों ने बताया कि बारात लड़की के दरवाजे पर पहुंच ही रही थी तभी अनाड़ी चालक ने गांव के ही पचपन वर्षीय इसरार खान को कुचल दिया। जिसके बाद घटनास्थल पर ही इसराइल खान ने दम तोड़ दिया और उसकी मौत हो गई। वहीं इस घटना को देखकर शादी-ब्याह का माहौल में सन्नाटा पसर गया। थाना प्रभारी ने बताया कि उन्होने मृतक का शव कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। बताया कि पुलिस ने अग्रेतर कार्रवाई के लिए घटनास्थल से कार को जब्त कर लिया है और चालक फरार है।

## पुलिस ने 147 गुम एंड्रॉयड मोबाइल की बरामदगी कर फोन मालिकों को सौंपा




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले में मोबाइल गुम होने की लगातार आवेदन मिलने के बाद पुलिस लगातार मोबाइल बरामदगी के लिए अभियान चला रही है। अभियान के तहत बीते 8 दिसंबर 2021 को 85 मोबाइल की बरामदगी 1 अक्टूबर 2022 को 144 मोबाइल की बरामदगी की गई थी। वहीं लगातार चल रहे अभियान के फलस्वरुप 147 मोबाइल की बरामदगी के बाद आज प्रेस वार्ता का आयोजन कर पुलिस अधीक्षक ने वास्तविक मोबाइल धारकों को उनका मोबाइल सौंपा। साथ ही उन्होंने कहा कि मोबाइल गुम होने की घटना लगातार बढ़ रही है। जिसे लेकर और कड़ा अभियान चलाया जाएगा। बरामद मोबाइल की संख्या में गढ़वा सदर थाना 36, डंडई थाना आठ, मेराल थाना पांच, डंडा कांडी तीन, बरडीहा चार, नगर उंटारी 14, रमुना थाना नौ, बिशुनपुरा 10, मजगांव 10, धुरकी थाना पांच, भवनाथपुर थाना दो, खरौंधी दो, हरिहरपुर 10, भंडरिया थाना नौ, रंका थाना 11, रमकंडा दो व चिनिया थाना में एक मोबाइल की बरामदगी की गई है। मौके पर मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार, शहर थाना प्रभारी चंदन कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक राजू उरांव उपस्थित थे।

## कंचनपुर पंचायत में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत लगायी गयी जागरूकता चौपाल

**स्वच्छता एवं शौचालय का नियमित उपयोग हम सभी के लिए बहुत ही जरूरी है :**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अंतर्गत चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रंका प्रखंड के कंचनपुर पंचायत के होन्हेकला गांव के सामुदायिक केंद्र में जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल को संबोधित करते हुए जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत अभियान के उत्प्रेरक मनीष कुमार चौबे ने बताया कि स्वच्छता एवं शौचालय का नियमित उपयोग हम सभी के लिए बहुत ही जरूरी है। क्योंकि स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। अपने घरों के आसपास सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी किसी भी परिस्थिति में जल का जमाव नहीं होने दें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने के साथ-साथ भोजन करने से पूर्व एवं शौच से आने के बाद अच्छी तरह से हाथों को साफ रखना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से शौचालय के उपयोग हेतु शोख्ता गड्ढा का निर्माण करने पर भी जोर दिया गया। साथ ही जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हर घर नल जल योजना का लाभ लेने के लिए भी सभी को जागरूक किया गया। समाजसेवी अमरेंद्र कुमार के द्वारा भी उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को स्वच्छता अभियान की शुरुआत सर्वप्रथम अपने घरों से ही करने के लिए आग्रह किया गया। बच्चों को नियमित रूप से हाथों की सफाई करने के लिए भी जोर देने के साथ-साथ कूड़े कचरे का निपटान, जैविक खाद बीज के रूप में प्रयोग करने के लिए भी प्रेरित किया गया। जबकि झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के रंका के प्रशिक्षक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि आज की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इस स्वच्छता के क्षेत्र में भी महिलाएं बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगी और अपने क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम के अंत में स्वयं सेवक समाजसेवी अमरेंद्र कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित ममता देवी, रेखा देवी, सरिता देवी, लक्ष्मी देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।


**कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू**
नया समाहरणालय ''C'' ब्लॉक, मेदिनीनगर, पलामू
(झारखण्ड) 822101 Email- deo.palamu@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1321 दिनांक 04.05.2023, एवं पत्रांक 1329, 1330 दिनांक 05.05.2023 का पत्र के साथ संलग्न झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रॉची के पत्रांक 893 दिनांक 02.05.2023, पत्रांक 902 दिनांक 04.05.2023, एवं पत्रांक 904 दिनांक 04.05.2023 के द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के विभिन्न विषयो यथा हिन्दी, जीव विज्ञान/रसायन शास्त्र, गणित/भौतिकी एवं उर्दू के पद पर नियुक्ति हेतु पलामू जिला के लिए कुल 50(पचास) अनुशंसित अभ्यर्थियों का काउॅसलिंग किया जाना है। काउॅसलिंग कार्य राजकीयकृत गिरिवर +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर में दिनांक 13.05.2023 को पूर्वाह्न 11:00 से 05:00 बजे अपराह्न तक की जायेगी। अनुशंसित अभ्यर्थियों से संबंधित विशेष जानकारी पलामू जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

अतः चयनित/अनुशंसित अभ्यर्थी अपने–अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक (बी0एड0 डिग्री की वैधता के संबंध में एन0सी0टी0ई0 से मान्यता संबंधी प्रमाणक) एवं अन्य मूल प्रमाण पत्रों तथा विहित प्रपत्र में स्व–घोषणा पत्र के साथ निर्धारित तिथि को ससमय काउॅसलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–अनिल कुमार चौधरी,
जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू

PR296939 (District)23-24*D


**कार्यक्रम : विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कृषि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

# रेडक्रॉस मानवता और सार्वभौमिकता के सिद्धांतों पर संचालित होता है : जेपी सिंह

**रेडक्रॉस गढ़वा में आपदा के साथ-साथ रक्तदान एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में समय समय पर कार्य करता है : डॉ एमपी गुप्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर दिनांक 8 मई 2023 को स्थानीय कृषि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के जूनियर साइंटिस्ट सह असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राहुल कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया एवं रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट के जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। जिन्होंने 1863 में रेडक्रॉस की स्थापना की थी। इस अवसर पर रेडक्रॉस के सचिव डॉ जेपी सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वाधीनता, स्वैच्छिक सेवा, एकता व सार्वभौमिकता के सिद्धान्तों पर संचालित होता है। इन्हीं सिद्धान्त के साथ रेडक्रॉस के वोलेंटियर सेवा भाव से कार्य करते हैं। रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता ने कहा कि रेडक्रॉस गढ़वा में आपदा के साथ-साथ रक्तदान एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में समय समय पर कार्य करता है। पिछले दिनों वैश्विक महामारी कोविड 19 के समय रेडक्रॉस के सदस्यों ने आम जनों के बीच जाकर कोविड-19 से बचने के उपाय के साथ-साथ, मास्क, सेनेटाइजर, साबुन आदि का वितरण किया था। सह सचिव नंद कुमार गुप्ता ने बताया कि गढ़वा में रेडक्रॉस 1992-93 से कार्यरत है। हम लोग रक्तदान पर विशेष जोर देते हैं। गढ़वा जिला में लगभग 300 थैलेसीमिया मरीज हैं जिन्हें रक्त उपलब्ध कराना काफी कठिन कार्य है। फिर भी रेडक्रॉस अन्य सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से रक्तदान शिविर लगाकर गढ़वा में रक्त की कमी को पूरा करने में काफी हद तक सफल रहा है।

रेडक्रॉस गढ़वा के स्वास्थ्य कोऑर्डिनेटर डॉ पातंजलि केशरी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया एवं कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन रेडक्रॉस के वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रेड क्रॉस ब्लड डोनेशन कोऑर्डिनेटर उमेश कश्यप ने किया।

इस अवसर पर रेडक्रॉस एक्सक्यूटिव कमेटी के मुकेश ठाकुर, भरत प्रसाद केसरी, प्रकाश शंकर गुप्ता के साथ कृषि महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर सह जूनियर साइंटिस्ट डॉ राहुल कुमार, डॉ सिबा सुप्रिया देमता, डॉ अनिकेता होरो, डॉ रोहित सिंह, डॉ अंजनी कुमार, डॉ राजीव कुमार, डॉ दिनमणि, डॉ हरिपद मुरमुर, डॉ जया भारती के साथ लगभग दो सौ छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com



**झारखण्ड सरकार, कारा निरीक्षणालय**
उप कारा, खूँटी

**ई0-निविदा सूचना**

HJ & DM/SJ-KHUNTI/Q-3/2023/2053

1. कारा का नाम– उप कारा, खूँटी।
2. विषय– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यान्नों, आलू, हरी सब्जी, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के निमित्त ई–निविदा का आमंत्रण। (तृतीय त्रैमासिक निविदा दिनांक– 01.07.2023 से 30.09.2023 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक, उप कारा, खूँटी के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है –
   (i) रु. 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रु. 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
   (ii) रु. 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रु. 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
   (iii) रु. 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– रु. 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4- Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि–24.05.2023 से 29.05.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि– 24.05.2023 से 29.05.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6- Tender Fee, EMD का original copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक– 30.05.2023 पूर्वाहन 10:00 बजे से 01.06.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यवधि में कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान– 02.06.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा website- jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उप कारा, खूँटी के कार्यालय से कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
उप कारा, खूँटी

PR 296764 Prison (23-24)_D

### हमले में मुखिया भी घायल, घटना के बाद से हमलावर फरार, तलाश में जुटी पुलिस

# सिल्ली में दिनदहाड़े मुखिया पति की चाकू मार कर हत्या

**गांव के ही युवक ने दिया घटना को अंजाम, हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक श्रवण मुंडा की फाइल फोटो।



हमले में घायल मुखिया सावन देवी का अस्पताल में चल रहा इलाज।

**सिल्ली।** थाना क्षेत्र के गोड़ाडीह पंचायत के रायकोचा में मंगलवार को दिनदहाड़े मुखिया सावन देवी के पति की गांव के ही एक युवक द्वारा चाकू मारकर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान श्रवण कुमार मुंडा (38) के रूप में की गयी है। वह पूर्व पंचायत समिति के सदस्य भी थे। यही नहीं, हमलावर युवक ने मुखिया सावन देवी को भी घायल कर दिया है। जानकारी के अनुसार घटना दोपहर एक बचे घटित हुई। इसकी सूचना पाकर सिल्ली पुलिस मौके पर पहुंच गयी। शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। साथ ही घायल सावन देवी को भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरी ओर, घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर युवक मौके से फरार हो गया। उसकी पहचान रवींद्र मुंडा के रूप में हुई है। हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी अभियान चला रही है। वहीं, सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप ने बताया कि श्रवण कुमार मुंडा घर के पास ही स्थित एक तालाब की ओर शौच के लिए गया था। तभी रायकोचा गांव निवासी रवींद्र मुंडा ने घात लगाकर श्रवण पर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इससे पूर्व हमलावर श्रवण मुंडा की जानकारी लेने के लिए मुखिया के घर पहुंचा था। जहां उसने मृतक की पत्नी मुखिया सावन देवी को हमला कर घायल कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने मुखिया सावन देवी एवं श्रवण मुंडा को सिल्ली के सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने श्रवण मुंडा को मृत घोषित कर दिया। वहीं सावन देवी का प्राथमिक उपचार कर उसे घर भेज दिया। पुलिस ने बताया कि छापामारी जारी है। आरोपी जल्दी ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

#### मुखिया संघ ने की हमलावर के अविलंब गिरफ्तारी की मांग

उधर, सिल्ली प्रखंड मुखिया संघ की ओर से गोडाडीह पंचायत के मुखिया पति पूर्व पंचायत समिति के सदस्य श्रवण मुंडा के हत्यारे को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप को एक ज्ञापन सौंपा। मुखिया संघ ने मांग किया है कि मुखिया सावन देवी पर जानलेवा हमला एवं उनके पति श्रवण मुंडा की हत्या करने वाले को अविलंब गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही मुखिया के परिवार को सुरक्षा प्रधान की जाए। इसके अलावा सरकारी मुआवजा की भी मांग की गयी। वहीं, प्रशासन से सिल्ली प्रखंड में ऐसी घटना दोबारा भविष्य में ना हो इसको देखते हुए समीक्षा करने की अपील की गयी। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधानसभा प्रभारी रामानंद बेदिया, अध्यक्ष सोमरा माझी, सचिव सीमा गुंझू, कोषाध्यक्ष भरत मुंडा, मुखिया प्रतिनिधि मुरलीधर करमाली, सुशील सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

## लूट के लिए की थी हत्या, तीन गिरफ्तार

**हत्या की गुत्थी सुलझी**

**अफीम के दाना पोस्ता खरीदने के लिए जमशेदपुर से तमाड़ पहुंचे युवक की चाकू से वार कर की गयी थी हत्या**

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** क्षेत्र के पंडरानी गांव में विगत दो मई को 30 वर्षीय अनुप कुमार दास नामक युवक की हत्या की गुत्थी से पर्दा उठाते हुए पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान सत्यजीत पाठक, राजेश लोहरा और विपिन सिंह मुंडा के रूप में हुई है। तीनों सारजमडीह गांव के रहने वाले बताये जा रहे हैं। इसकी जानकारी रांची की ग्रामीण एसपी ने दी। वे मंगलवार की साम संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पूछताछ के क्रम में पता चला है कि मृतक अनूप का आरोपित सत्यजीत पाठक से पूर्व से जान पहचान थी। अनुप ने सत्यजीत पाठक को फोन कर अफीम पोस्ता दाना देने की मांग की थी। तब सत्यजीत ने उसे बताया कि अफीम की खेती करने वालों से उसकी जान पहचान हो। वह आ जाए। उसे अफीम पोस्ता दाना दिलवा देगा। इसी बीच सत्यजीत पाठक ने अपने दोस्त राजेश लोहरा और विपिन सिंह मुंडा से बात कर तमाड़ पहुंचने पर अनुप से उसके पास मौजूद रुपये-पैसे छिन लेने की रणनीति बना ली। इस बीच जब अनुप 10 लाख रुपये लेकर अफीम पोस्ता दाना खरीदने तमाड़ पहुंचा तो उक्त तीनों आरोपितों ने उस पर हमला कर उसके पास मौजूद रुपयों को लूट लिया। विरोध करने पर उस पर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इसके बाद तीनों आरोपित वहां से भाग गये थे। उनकी गिरफ्तारी के बाद से पुलिस ने उनके पास से हत्या में इस्तामाल चाकू, लूट के एक लाख रुपये नकद और तीन मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। साथ ही तीनों को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। गौरतलब हो कि विगत दो मई को तमाड़ से 30 वर्षीय एक युवक का शव बरामद हुआ थी। जिसकी जांच में उतरी पुलिस ने उसकी पहचान अनुप कुमार दास के रूप में की थी। जो जमशेरपुर का रहने वाला था। जांच के क्रम में क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज देखने पर पुलिस को हत्याकांड का खुलासा हुआ। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हत्या में शामिल तीनों आरोपित सत्यजीत पाठक, राजेश लोहरा और विपिन सिंह मुंडा की पहचानम करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि मोटी रकम लेकर जमशेदपुर से तमाड़ अफीम पोस्ता दाना खरीदने पहुंचे अनुप की तीनों ने मिलकर हत्या कर थी। युवक के सीने, जांघ व अन्य जगहों पर कई वार किये थे, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी थी। यही नहीं उसके पास मौजूद पैसे भी लूट लिए थे। उधर, काफी देर तक जब अनुप वापस नहीं लौटा तो उसके दोस्त उसकी तलाश में निकले तो उसे खून से लथपथ पाया। उसके दोस्त उसे स्कूटी में बैठा कर अस्पताल ले जा रहे थे, तभी गांव के बीच में अनुप का शव गिर गया। इस बीच ग्रामीणों को नजदीक आता देख उसके दोस्त उसे वहीं छोड़ कर भाग। पर उक्त घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। जिसे आधार बना कर पुलिस ने हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया।

## शहीद मेला आयोजित कर माकपा ने मारे गये 69 कार्यकर्ताओं को दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** माकपा रांची जिला कमेटी एवं किसान सभा के तत्वाधान में बुंडू के ताउ मैदान में शहीद मेले का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों कार्यकर्ताओं शामिल हुए। माकपा जिला कमेटी सदस्य कॉमरेड रामधन मछुआ ने झंडा उत्तोलन किया। इस दौरान पार्टी के 69 शहीद कार्यकर्ताओं की शहीद वेदी परसबसे पहले झारखंड राज्य सचिव एवं केंद्रीय कमेटी सदस्य कॉ ज्ञान शंकर मजूमदार ने माल्यार्पण किया। इसके बाद राज्य सचिव कॉमरेड प्रकाश विप्लव अखिल, भारतीय किसान सभा के कोषाध्यक्ष कॉमरेड कृष्णा प्रसाद, अखिल भारतीय संयुक्त सचिव अवधेश कुमार, झारखंड राज किसान सभा अध्यक्ष सुफल महतो, झारखंड राज्य किसान सभा सचिव सुरजीत सिन्हा प्रकाश विप्लब , माकपा रांची जिला सचिव कॉमरेड सुखनाथ लोहरा, तमाड़ विधानसभा प्रभारी एवं राज्य कमेटी सदस्य सुरेश मुंडा, कॉमरेड दिवाकर मुंडा, कॉ मंगल मुंडा, कॉमरेड जाहर लाल मुंडा, कपिल महतो, अमित मुंडा, विकास मुंडा, रिता स्वासी, रामधन मछुआ, अनूप दत्ता, अमन कुमार, रंजीत कुमार मोदक, भवन सिंह और रंगाबाती देवी आदि ने एक-एक कर शहीद वेदी पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद संकल्प सभा का आयोजन किया गया। रात भर छऊ नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## खूंटी के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए प्रशासन है प्रयासरतः उपायुक्त

**मातृ शिशु अस्पताल में एक्स-रे मशीन और डायलिसिस यूनिट का शशि रंजन ने किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



एक्स-रे सेंटर और डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन करते डीसी शशि रंजन।

**खूंटी।** डीसी शशि रंजन ने मंगलवार को एमसीएच अस्पताल में एक्स-रे मशीन और डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन किया। डीसी ने कहा कि जिले में आमजनों को हर स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सरकारी अस्पताल में अब निजी अस्पतालों की भांति सभी आवश्यक स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अस्पताल की डायलिसिस यूनिट संचालित होने से लोगों को सुगम रूप से इलाज की सुविधा मिलेगी। यह प्रोजेक्ट एनएचएम के राष्ट्रीय डायलिसिस प्रोग्राम के तहत एमसीएच अस्पताल में संचालित की जा रही है। ऐसे में गरीबी रेखा से नीचे वाले लोग, राशन कार्ड, निम्न आय प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क डायलिसिस का लाभ उठा सकते हैं। जिन रोगियों के पास कोई कार्ड नहीं है, वैसे एपीएल लोगों को 1206 रुपये का सरकार की ओर से निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि थकान, सूजन और सांस फूलने जैसे लक्षण दिखाई देने को मेडिकल भाषा में यूरीमिया कहते हैं। ऐसे समय में सामान्य चिकित्सा प्रबंधन अपर्याप्त हो जाता है और मरीज को डायलिसिस शुरू करने की आवश्यकता होती है। इस दौरान मरीज का प्रति सप्ताह डायलिसिस जरूरी हो जाता है। जिला अस्पताल में डायलिसिस सेवा शुरू होने से काफी राहत मिलेगी। डीसी ने प्रयोग के तौर पर खुद का एक्स-रे कराया। डायलिसिस यूनिट का संचालन एसकाजी संजीवनी संस्था के प्रतिनियुक्त चिकित्सकों और लैब टेक्नीशियन की देखरेख में किया जाएगा। वर्तमान में एक मशीन के साथ यह सुविधा शुरू की जा रही है। आवश्यकता के अनुरूप स्टाफ और मशीन की संख्या बढ़ाई जाएगी। डीसी ने निर्देश दिया कि चार-पांच मशीनों के साथ सभी सुविधा लोगों को मुहैया कराई जाए। उन्होंने एमसीएच अस्पताल का निरीक्षण भी किया और जरूरी निर्देश दिए । निरीक्षण करने के क्रम में डीसी ने क्रिटिकल केयर 100 बेड वाले अस्पताल के निर्माण की जानकारी ली। एमसीएच परिसर में बनाए जा रहे 100 बेड वाले अस्पताल में की जाने वाली व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए। बतातें चलें कि 100 बेड क्रिटीकल केयर अस्पताल में आइसीयू बेड, ऑपरेशन थियेटर, इमरजेंसी यूनिट, आइसोलेशन रूम, डायलिसिस, सहित अन्य सुविधा उपलब्ध होगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को चार वर्षों से साइकिल नहीं मिलना शर्मनाक : दिलीप

खूंटी (आजाद सिपाही)। झाविमो के पूर्व जिलाध्यक्ष व समाजसेवी दिलीप मिश्रा ने राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित कर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 10 लाख विद्यार्थियों के बीच चार वर्षों से साइकिल का वितरण न होने के मामले की जांच के लिए सरकार को निर्देश देने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि साइकिल वितरण संबंधी निविदा में कमीशन के रूप में अपनी हिस्सेदारी को लेकर राज्य के कल्याण मंत्री, कल्याण विभाग के सचिव और आदिवासी कल्याण आयुक्त के बीच आपसी खींचतान का खमियाजा सरकारी स्कूलों में पढ़नेवाले गरीब विद्यार्थी भुगत रहे हैं। कमीशन को लेकर मंत्री और अधिकारियों के बीच लड़ाई के कारण चार साल से गरीब विद्यार्थियों को साइकिल के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि मामले की जांच होने पर इस बात का खुलासा हो जाएगा कि विभाग के पास पर्याप्त राशि के बावजूद महज कमीशन के लिए झारखंड के मंत्री और आला अधिकारी किस प्रकार गरीब विद्यार्थियों को मिलने वाले लाभ से वंचित कर रहे हैं। पर्याप्त राशि के बावजूद बच्चों को साइकिल न मिलना राज्य झारखंड के लिए शर्मनाक है।

### सड़क दुघटना में शिक्षक की मौत, तोरपा में शोक



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा थाना अंतर्गत नगर भवन के पास मंगलवार की रात 8.15 बजे सड़क दुर्घटना में एक शिक्षक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुस्कु बड़ाईक (60) के रूप में हुई है। वह तोरपा के जानेमाने शिक्षाविद और रायसिमला उत्क्रमित उच्च विद्यालय में कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार मुस्कु बड़ाईक बाइक से तोरपा चौक से अपने घर लौट रहे थे। नगर भवन के पास एक ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और कुछ दूर तक घसीटता रहा। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हालांकि स्थानीय लोग उन्हें रेफरल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मुस्कु बड़ाईक की मौत की खबर आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई और लोगों का हुजूम रेफरल अस्पताल के पास जुट गया। मुस्कु बड़ाईक मूल रूप से रनिया थाना क्षेत्र के कोड़ाकेल के रहनेवाले थे। उन्होंने 1988 में सरकारी शिक्षक के रूप में योगदान दिया था और सात-आठ महीनों के बाद वे सेवानिवृत्त होनेवाले थे। मुस्कु बड़ाईक चुनाव आयोग द्वारा चयनित मास्टर ट्रेनर भी थे। पंचायत चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव में वे चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण देते थे। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ट्रक को थाने ले गई। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम होगा। ज्ञात हो कि गत चार नवंबर को भी तोरपा के एक अन्य शिक्षक निर्णय सिंधु बेहरा की मौत हो गई थी। छह महीनों के अंदर तोरपा के दो शिक्षकों की सड़क दुर्घटना में मौत से लोगों में शोक व्याप्त है। मुस्कु बड़ाई व्यवहार कुशल, मिलनसार और हंसमुख प्रवृत्ति के व्यक्ति थे।

### कैंसर से पीड़ित शिक्षिका का निधन

खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा स्थित रेफरल अस्पताल में इलाजरत शिक्षिका अनिमा देवी (40) का मंगलवार को निधन हो गया। अनिमा देवी सिमडेगा जिले के कोलेबिरा की रहने वाली थी। वहीं एक सरकारी स्कूल में पदस्थापित थी। अनिम देवी कैंसर से पीड़ित थी। उनका मायका तोरपा में ही है। वह तोरपा के बाजारटांड़ निवासी परनू साहू की बेटी थी। इस खबर से क्षेत्र में शोक की लहर है।

### सिल्ली पॉलीटेक्निक के 41 छात्रों का गुजरात के कृष्णा मारुति प्राइवेट लिमिटेड में हुआ चयन



सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली पॉलिटेक्निक परिसर में मंगलवार को ऑनलाइन कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया। गुजरात की ऑटोमोबाइल कंपनी कृष्णा मारुति प्राइवेट इंडिया लिमिटेड ने साक्षात्कार लिया गया। जिसमें सिल्ली पॉलिटेक्निक के मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल संकाय के फाइनल वर्ष के 77 छात्रों ने भाग लिया। जिसमें 41 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। प्राचार्य समीर शर्मा ने बताया कि सभी सफल छात्रों का फाइनल परीक्षा के बाद जॉइनिंग दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कंपनी ऑटोमोबाइल सीटिंग सिस्टम, चेसिस, गियर शिफ्ट सिस्टम, एक्जास्ट सिस्टम और केबिन सिस्टम मैन्युफैक्चर करती है। इस आयोजन में प्लेसमेंट अधिकारी दीपक कुमार महतो, राजेश गुरिया आदि मौजूद थे।

## चतरा एसपी राकेश रंजन ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा, पुरनाडीह गोलीकांड की ली जानकारी



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने मंगलवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। पिपरवार पहुंचने पर पुलिस बल के जवानो ने उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया। जिसके बाद एसपी राकेश रंजन स्थानीय पुलिस पदाधिकारियो के साथ पिपरवार थाना क्षेत्र के पुरनाडीह पहुंचे, जहां विगत दिनों हुई गोली कांड की जानकारी ली। साथ ही घटना स्थल का निरीक्षण भी किया। गोलीकांड में घायल कोयला लिफ्टर बिनोद गिरी के बारे में भी जानकारी ली। एसपी ने पुलिस द्वारा की जा रही आगे की कार्रवाई के बारे में पूछा। साथ ही उपस्थित पदाधिकारियों को कई जरूरी निर्देश भी दिया। एसपी राकेश रंजन ने स्थानीय पिपरवार थाना में पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अपराध की समीक्षा की। इस दौरान लंबित कांडों के निष्पादन और फरार वारंटी की गिरफ्तारी सहित अन्य बातों पर आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर टंडवा के सीनियर एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह, पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार का डकरा दौरा आज

**खलारी (आजाद सिपाही)।** एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य रमेंद्र कुमार बुधवार को डकरा दौरे पर आ रहे हैं। जहां उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा। इसके बाद डकरा वीआईपी सभागार में सभा कर संगठित एवं असंगठित मजदूरों को जेबीसीसीआइ के 11वें वेतन समझौता के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसकी जानकारी एटक के एनके एरिया अध्यक्ष कृष्णा चौहान ने दी। उन्होंने सभी संगठित-असंगठित मजदूरों से सभा में शामिल होने की अपील की है।

## मंत्री चंपई सोरेन से मिला तमाड़ कॉलेज का प्रतिनिधिदल



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** सलगाडीह कॉलेज का प्रतिनिधिदल मंगलवार को राज्य के आदिवासी कल्याण एवं परिवहन मंत्री चंपई सोरेन से मिला और कॉलेज में सहयोग करने की मांग की। बतातें चलें कि एक साथ डीग्री और बीएड कॉलेज के अलावा नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की गयी है। वहीं मंत्री चंपई सोरेन ने प्रतिनिधि दल को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

### विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने खूंटी में की विकास योजनाओं की समीक्षा

# समय पर योजनाओं को पूरा करें, तभी लोगों को मिल सकेगा लाभः निरल पूर्ति

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** झारखंड विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने मंगलवार को खूंटी परिसदन सभागार में जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें समिति के सभापति निरल पूर्ति और सदस्य अमर कुमार बाउरी, दशरथ गागराई, समीर कुमार महंती, संजीव सरदार ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। क्रमवार विशेष प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य, ग्रामीण कार्य विभाग, कल्याण, भवन प्रमंडल, लघु सिंचाई, ऊर्जा, भूमि संरक्षण, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व, शिक्षा, खनन, जिला परिषद, नगर पंचायत सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों के आलोक में संबंधित विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। योजनाओं के प्राक्कलन एवं खर्च का ब्योरा, उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान समिति ने योजनाओं को प्राक्कलन के अनुसार निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा हर घर जल योजना के तहत जिले में विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं के निर्माण/अधिष्ठापन में गति देने के निर्देश दिए गए। समिति सदस्य अमर कुमार बाउरी ने शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण संबंधित कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि तजना बराज योजना की उपयोगिता रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। साथ ही भवन प्रमंडल की क्रियान्वित योजनाओं की वस्तुस्थिति की पूर्ण रिपोर्ट उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। इसके साथ ही समिति के सदस्यों ने कृषि विभाग द्वारा किए गए नवाचारों की जानकारी ली।

**प्राक्कलन में भारी गड़बड़ी : अमर बाउरी**

विधानसभा प्राक्कलन समिति के सदस्य अमर कुमार बाउरी ने कहा कि विभिन्न विभागों के प्राक्कलन में भारी गड़बड़ी है। कोई-कोई विभाग में 25 से 30 फीसदी कम में निविदा ठेकेदार ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि कहीं-कहीं प्राक्कलन काफी अधिक है। यह अपने आप में रहस्य है और इसकी जांच की जाएगी।

## ईरबा के हुटूप में प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग, करोड़ों की संपत्ति जल कर खाक



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ईरबा के हुटूप में स्थित प्लास्टिक फैक्ट्री में 12 बजे के आसपास शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। धीरे-धीरे आग की लपटें इतनी तेज हो गईं कि दो-दो दमकल गाड़ी को आग बुझाने के लिए काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। फैक्ट्री के संचालक अमजद अली ने बताया कि सोमवार से वोल्टेज अप डाऊन हो रहा था। जब तक कुछ समझ पाते तब तक मंगलवार को आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर से ही दिखाई दे रही थीं। फैक्ट्री में लगी आग से निकलने वाले धुआं से आसपास के गांव वालों को सांस लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आग की खबर सुनकर प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, अंचल अधिकारी विजय केरकेट्टा घटना का जायजा लेने के लिए पहुंचे। फैक्ट्री मालिक ने बताया कि लगभग 8 से 10 करोड़ की संपत्ति जलकर खाक हुई है।

## बीसा पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने नये थानेदार से की शिष्टाचार मुलाकात



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क बीसा पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने मंगलवार को अनगड़ा थाना के नव पदस्थापित थानेदार नवीन कुमार से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र व बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर थाना प्रभारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की सेवा हेतु हमेशा तत्पर रहेंगे। आगे कहा कि थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान ना दें। मौके पर भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुण्डा, उपमुखिया संजय भोगता, पंसस मनेश्वर मुण्डा, मुखिया प्रतिनिधि रोहित बेदिया, हर्षनाथ भोगता, बरतु भोगता, विजय मुण्डा, रोहन बेदिया आदि मौजूद थे।

## डॉ अरुण कुमार सिंह ने कृषि अनुसंधान केंद्र रांची के नये प्रधान का लिया पदभार



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** डॉ अरूण कुमार सिंह नें कृषि प्रणाली का पहाड़ी व पठारी अनुसंधान केन्द्र रांची के नए प्रधान के रूप में पदभार ग्रहण किया। मालूम हो कि डॉ अरूण कुमार राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त कृषि वैज्ञानिक हैं। उन्होंने 110 से अधिक शोध पत्र, 27 तकनीकी बूलेटिन, 28 प्रसार पुस्तिका तथा 103 लोकप्रिय आलेख लिखे हैं। कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में उनका उत्कृष्ट योगदान रहा है। जनजातीय कृषि प्रणाली के क्षेत्र में उल्लेखनीय अनुसंधान के लिए उन्हें वर्ष 2013 के फखरूद्दीन अली अहमद पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। डॉ सिंह को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी की फेलोशिप भी प्राप्त है। उन्होंने विभिन्न सब्जियों की 23 उन्नत किस्मों का विकास किया है। डॉ अरूण कुमार सिंह वर्ष 2000 से इस केन्द्र को अपनी सेवा देते आ रहे हैं तथा वर्ष 2014 से 2020 तक कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केन्द्र रांची के प्रधान के रूप में कार्यरत रहे। डॉ अरूण कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व तथा विज्ञान और समाज के विकास में निरंतर कार्य की प्रतिबद्धता में निश्चय ही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिषद, कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केन्द्र रांची नई उपलब्धियों एवं उचांई को प्राप्त करेगा। केन्द्र के सभी कर्मचारीगण ने डॉ सिंह को उनके प्रधान के रूप में पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी है।

## मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने की मांग को लेकर आमया संगठन ने रातू बीडीओ को सौंपा 15 सूत्री मांग पत्र



रातू (आजाद सिपाही)। अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने की मांग को लेकर मंगलवार को आमया संगठन ने रातू प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिशंकर बारीक को 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा। आमया के केंद्रीय अध्यक्ष शमीम अली के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के लोगों ने बीडीओ से मिल कर डीप बोरिंग के साथ जलमीनार, स्वास्थ्य केंद्र, सद्भाव मंडप, स्कूल, कॉलेज, अल्पसंख्यक आवासीय +2 विद्यालय, आईटीआई कॉलेज, उर्दू विद्यालय, छात्रावास, कौशल विकास केन्द्र, हुनर हब, किसान और कौशल प्रशिक्षित लोगों के लिए मार्केट शेड तथा खेल स्टेडियम का निर्माण आदि मांगें शामिल हैं। मौके पर आफताब आलम, गफ्फार अंसारी, नसीम अख्तर, अब्दुल बारीक, अंजुम खान, अजमुल अंसारी, आदिल हुसैन आदि लोग शामिल थे।

## बजरंग दल को बैंड करने के विरोध में हिंदू संगठनों ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

**इटकी (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक में कांग्रेस द्वारा बजरंग दल को बैंड करने के विरोध में क्षेत्र के हिंदू संगठनों ने दर्जनों देवालयों में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। जिसमें इटकी, दरहाटांड़, कुन्दी, रानीखटंगा सियारटोली, मलरी, मुकुंदा, मोरो, गढ़गांव सहित अनेकों गांव शामिल है। समाचार लिखे जाने तक इसकी अन्य गांव से भी सूचनाएं प्राप्त हो रही थी।

### कार्यक्रम : लापुंग प्रखंड के पोकटा गांव में जेठ जतरा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# जतरा आदिवासियों की सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान है : सन्नी टोप्पो

**आयोजन समिति ने भाजपा नेता सन्नी टोप्पो का पारंपरिक ढंग से किया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो/लापुंग।** लापुंग प्रखंड के डाड़ी पंचायत के पोकटा गांव में मंगलवार को जेठ जतरा का आयोजन किया गया। जतरा स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति द्वारा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि जतरा आदिवासी समाज की संस्कृति में शामिल है। उन्होंने कहा कि जतरा आदिवासियों की सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान है। हमारे पूर्वजों द्वारा प्रारंभ किए गए जतरा का हमारे जीवन में एक विशेष महत्व है। जतरा के माध्यम से आदिवासियों के रीति-रिवाज परंपरा को प्रगाढ़ता मिलती है। साथ ही साथ समाज को जतरा एक-दूसरे से समाज को एक सूत्र में बांधने का भी कार्य करता है। आदिवासी समाज ही एक ऐसा समाज है, जिसमें तीन पीढ़ी एक साथ सामूहिक नृत्य करती है। उन्होंने अपनी इस विरासत, रीति-रिवाज व परंपरा को बचाने का आह्वान किया। साथ ही जतरा को और बेहतर ढंग से आयोजित करने की बात कही।

वहीं विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत ने कहा जतरा में ढोल ढाक व खोड़हा की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जे नाची से बांची वाली उक्ति को धरातल पर हमें साकार करना होगा। इधर जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा कि हमलोगों के पूर्वज पहले खोड़हा नृत्य देखते थे। वहीं आज के आधुनिक युग में परिस्थितियां बदल रही हैं। उन्होंने भी सामाजिक सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए जे नाची से बांची कहावत को अंगीकार करने पर बल दिया।

वहीं मौके पर सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, लापुंग प्रमुख कंचन उरांव, मुखिया सुमिला मिंज, अध्यक्ष विवेक कुमार, राम भगत, रंजन गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, अशोक गोप, पवन कुमार, गुड्डू उरांव, रामा उरांव, विनोद भगत, सुखदेव उरांव, सोमरा उरांव, पंखराज मिंज, सुखदेव उरांव, हरि भगत, दीपक भगत, सुखलाल उरांव, मुचलू उरांव, जुगिया उरांव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## जनसेवक व पंचायत सेवक ग्रामीणों की समस्याओं को सुनें और निदान करें : विधायक

**मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रखंड कार्यालय में की योजनाओं की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक रखी गई। जिसमें सभी विभाग के पदाधिकारी शामिल हुए। विधायक ने पिछले वर्ष की सूची मांगी जिन योजनाओं को धरातल पर उतारा गया था, उसमें कितनी योजना का काम पूरा हुआ है और कितना पेंडिंग है। साथ ही 23-24 वर्ष में कौन कौन योजना आने वाली है उसकी जानकारी ली। विधायक ने बैठक में जनसेवक व पंचायत सेवक को टास्क दिया कि सभी कोई पंचायत में घूमकर ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनें और निदान करें।

विधायक ने कहा कि शिक्षा विभाग के पदाधिकारी प्रखंड स्थित सरकारी स्कूल जहां पानी एवं शौचालय की कमी है उसकी सूची उपलब्ध करायें। साथ ही जिस स्कूल में शिक्षक की कमी है उसकी भी सूची उपलब्ध करायें। ताकि विभाग से उनका निदान करा सकूं। साथ ही तीन-चार स्कूल की सूची भी दें जो काफी जर्जर हैं। विधायक ने प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी से जानकारी ली कि कब ग्रीन कार्ड लाभुकों को राशन मिलेगा। विधायक ने अन्य विभाग के पदाधिकारियों से भी जानकारी ली। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एमानुएल जयवीरस लकड़ा, अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जयन्त बरला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली सहित कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## बेड़ो में अभाविप कार्यकर्ताओं ने नये थाना प्रभारी का किया स्वागत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेड़ो इकाई के कार्यकताओं ने मंगलवार को बेड़ो थाना के नए थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रेम के पदभार ग्रहण करने पर उनसे औपचारिक भेंट किया। साथ ही अंगवस्त्र व बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कई विषयों पर चर्चा करते हुए बेड़ो की वर्तमान स्थिति से उन्हें अवगत कराया। साथ ही अभाविप के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता से भी भेंट कर वार्ता की और उनके अच्छे कार्यकाल के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया। वहीं मौके पर अभाविप बेड़ो के प्रतिनिधिमंडल में शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, आकाश रक्षित, सतीश महतो, शशिकांत तिवारी, सोनम कुमारी, सोनी उरांव व सुधाकर कुमार आदि मौजूद थे।

## विहिप-बजरंग दल के आह्वान पर ओरमांझी मंडल भाजपा ने किया हनुमान चालीसा पाठ



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के आह्वान पर श्री हनुमान चालीसा पाठ में भाजपा ओरमांझी मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता के नेतृत्व में राधा कृष्ण मंदिर ओरमांझी में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान बीजेपी रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष मानकी राजेन्द्र साही, ओरमांझी पंचायत के मुखिया दीपक बड़ाईक, उपमुखिया संतोष गुप्ता, भाजपा युवा नेता शशि मेहता, पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, पूजा समिति के मुख्य उपासक अशोक नारायण तिवारी, नीरज कुमार पांडेय, सुरेश मेहता, कुन्दन साहू, नीरज पंडित, छेदी महतो, अजित मेहता, रोहन वमण, सुनील महतो, रोहित महतो, करण तिवारी, सुदामा महतो, झबुलाल महतो, राजा सिंह, बच्चों सहित सभी प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## मंडा पूजा के झूलन में 42 फीट ऊंचाई से भोक्ताओं ने बरसाये आस्था के फूल



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शिव पूजा मंडा समिति हाहाप के तत्वावधान में हर साल की भांति इस साल भी सोमवार को रात्रि में पश्चिम बंगाल के उस्ताद कार्तिक सिंह मुंडा एवं त्रिलोचन महतो द्वारा छऊ नृत्य, शिव पूजा एवं मंगलवार अहले सुबह अनुष्ठान के तहत भोक्ताओं, सोख्ताईनों के द्वारा दहकते अंगारों पर फूलखूंदी और 42 फीट ऊंचाई पर झूलन का आयोजन किया गया। झूलन के दौरान भोक्ताओं ने आस्था के फूल बरसाये। नीचे खड़े महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने गुलैची फुल को शांति, सुख का प्रतीक मानते हुये अपने आंचलों में लिया। मंडा पूजा में मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य रामावतार केरकेट्टा उपस्थित हुये। मौके पर हाहाप पंचायत मुखिया नन्हे कच्छप, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, उपमुखिया बिरसा पहान, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक मुख्य रूप से उपस्थित थे। मंडा पूजा को सफल बनाने में आयोजक समिति के बागनू मुंडा, चैतन मुंडा, मंगल स्वांसी, लोधेया महतो, जितेन्द्र सिंह मुंडा, शशिभूषण सिंह मुंडा, विजय मुंडा, मेघनाथ पहान, बंदुवा सिंह मुंडा, जगरनाथ मुंडा, करम सिंह मुंडा, बजरंग स्वांसी, परेश प्रमाणिक, तेजराय मुंडा, करम सिंह मुंडा, लखींद्र मुंडा, दिनेश मुंडा, एतवा पहान, निकोलस मुंडा, अजीत पहान का अहम योगदान रहा।

## बेड़ो के स्वर्ण डीपीएस स्कूल में बच्चों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जहां स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हनुमान चालीसा की स्तुति का सभी ने अपनी मधुर आवाज में गायन किया। मौके पर निदेशक दीपम बनर्जी ने कहा कि हनुमानजी विद्यार्थियों के आदर्श हैं। उनकी भक्ति हमें शक्ति प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा गायन करने से केवल हमारे मन को शांति के साथ ही हमारी आत्म बल को शक्ति देता है और हमें नई ऊर्जा देता है। साथ ही छात्रों के व्यक्तित्व विकास में मदद मिलती है। सोनम प्रसाद ने आध्यात्मिक और संस्कृतिक मूल्यों की जानकारी दी। वहीं श्वेता खन्ना ने हनुमान चालीसा के इतिहास के बारे में बताया। मौके पर विजेता, संध्या कुमारी, प्रेमिक मौजूद थे।

## नगड़ी में भारतीय स्टेट बैंक ने डिजिटल साक्षरता प्रोग्राम का किया आयोजन

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड सभागार में भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय रांची के द्वारा डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में डिजिटल बैंकिंग के बारे में विस्तार से बताया गया। डिजिटल बैंकिंग के द्वारा किस तरीके से ग्राहक फंड ट्रांसफर, बिलों का भुगतान, निवेश, खाता विवरण, नगद निकासी, मोबाइल बैंकिंग लेन देन पर नजर रखना तथा डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान डिजिटल बैंकिंग से संबंधित वीडियो दिखाया गया। साथ ही संबंधित प्रश्न उत्तर का आयोजन किया गया। जिन ग्राहकों ने सही उत्तर दिया उन्हें स्टेट बैंक की तरफ से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगड़ी के प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन कुमारी, स्टेट बैंक के क्षेत्रिय कार्यालय रांची के रीजनल मैनेजर आलोक रंजन तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में लगभग 150 ग्राहक शामिल हुए।

## बेड़ो के दो पंचायतों में उद्यमिता यूनिट का उद्घाटन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दो पंचायत हुंटार व हरिहरपुर जामटोली के तीन गांवों में मंगलवार को विभिन्न प्रकार के उद्यमिता का उद्घाटन किया गया। उद्यमों में मुढ़ी बनाने वाली यूनिट बैरटोली मेरी मुढ़ी मिल, मडुआ से बनने वाला खाने की सामग्री सुमंती बेकरी हुंटार, हरिहरपुर जामटोली में पेपर प्लेट का बिजनेस विमला पेपर प्लेट व टेरो पंचायत के पाकलमेड़ी गांवों मे किया गया। इन सभी बिजनेस को शुरू कराने का उद्देश्य गांवों के स्वयं सहायता समूह के दीदियों का समाज में एक पहचान बनाना और उनकी आय में वृद्धि किया जाना है। जिससे वे स्वावलंबी बन सकें। इस प्रोग्राम की पहल ट्रांसफार्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन टीआरआईएफ की ओर से किया गया। इधर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरिहर पुर जामटोली पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया ने फीता काटकर पूरे विधि विधान के साथ उद्यमों का उद्घाटन किया। वहीं मौके पर बीपीओ दीपक कुमार, टीआरआईएफ के राज्य ऑफिस से आये अभिषेक सिंह, रतन कुमार, ब्लॉक ऑफिस से सचिन, अख्तर मिरदाहा, कुमुद सिंह, जेएसएलपीएस जोहार व जामटोली पंचायत के पूर्व मुखिया सुनील कच्छप आदि मौजूद थे।

### परेशानी : नगड़ी पनछिगा रोड से केलेंडे-कुलगू गांव की दस किमी जर्जर सड़क से परेशान हैं ग्रामीण

# जर्जर सड़क के कारण इन गांवों में लड़का-लड़की की शादी का रिश्ता भी नहीं आता

**झारखंड अलग राज्य बने 23 साल हो रहें हैं, पर आज भी नगड़ी प्रखंड के ये गांव विकास की बाट जोह रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता




कांग्रेस नेता लक्ष्मीनारायण सिंह


पंसस सोमनाथ उरांव


भाजपा नेता रंजीत सिंह


वार्ड पार्षद चमरा उरांव

**पिस्कानगड़ी।** झारखंड प्रदेश का अलग राज्य बने आज 23 साल हो रहे हैं, पर आज भी नगड़ी प्रखंड के ऐसे गांव हैं जहां के हजारों ग्रामीण विकास की बाट जो रहे हैं। प्रदेश में कई चुनाव हुए कई जनप्रतिनिधि आये और गये। सबने विकास का वादा किया और चुनाव भी जीते, पर जीतने के बाद सभी ने अपने किए हुए वादा को भूल गये। वहीं गांव का विकास धरा का धरा रह गया। यह हाल राजधानी रांची से लगभग 15 और नया विधानसभा से 06 किलोमीटर गांव केलेंडे और कूलगू गांव का हाल है। जहां चिराग तले अंधेरा की कहावत चरितार्थ हो रही है। इसी नगड़ी प्रखंड की कुछ ही दूरी पर विधानसभा है, जहां प्रदेश की तकदीर लिखी जाती है, पर यहां से कुल पांच किलोमीटर दूरी पर स्थित केलेंगे, कुलगू गांव के मुख्य मार्ग में हजारों बड़े-छोटे गढ्ढे और कंक्रीट भरे पड़े हैं। रोड में उबड़ खाबड़ होनी की वजह से इन दोनों गांव की समाजिक संरचना पर प्रभाव पड़ गया है। आम ग्रामीण से किसान तक इन गांवों के जर्जर और बद से बदतर पथ से बेहद परेशान हैं। उनकी आर्थिक स्थिति भी दिन ब दिन खराब हो रही है। अब तो इन गांवों में मेहमान आने में भी लोग कतराते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि कुलगू गांव का रोड तो देश की आजादी के पहले जैसा था वैसा वैसा ही जर्जर हालत में आज भी है। इधर केलेंडे गांव में तो 20 साल पहले किसी तरह आधा अधूरा रोड बना था। अब उसका नामों निशान नहीं है।

गांव के सामाजिक कार्यकर्ता और **कांग्रेसी नेता लक्ष्मी नारायण सिंह** ने बताया कि नगड़ी पनछिंगा से लेकर केलेंडे कुलगू तक रोड अत्यंत ही जर्जर है। गांव के लोग कई बार इसके लिए आवाज उठाये लेकिन सरकार के कान तक नहीं पहुंच पाती। कई जनप्रतिनिधियों को गांव के विकास से कोई मतलब नहीं रहा। हम सरकार से हमारे गांव की रोड बनाने की मांग करते हैं।

इधर गांव के **पंचायत समिति सदस्य सोमनाथ उरांव** ने कहा कि गांव का रोड बहुत ही खराब है। कुल्लू गांव का रोड तो आजादी के बाद से बना ही नहीं है। कैलेंडे, पिस्का और कुलगू मुंडा टोली गांव तक रोड बहुत ही जर्जर है, पर कोई जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं है। यह दुःख की बात है।

वहीं **भाजपा नेता और युवा समाजसेवी रंजीत सिंह** ने कहा कि इससे पूर्व हुए चुनाव में जनप्रतिनिधि ने ग्रामीणों से वादा किया था कि चुनाव जीतने के बाद ही या रोड मेरे लिए मुख्य प्राथमिकता रहेगी, लेकिन चुनाव के तीन साल के बाद भी स्थानीय विधायक ने इस बात की ओर ध्यान नहीं दिया। जिसका खमियाजा ग्रामीण भुगत रहे हैं।

वहीं कुलगू गांव के **वार्ड पार्षद चमरा उरांव** ने कहा कि गांव के लिए विकास में सड़क महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमारे गांव की मुख्य सड़क आजादी के बाद भी नहीं बनाया जाना दुर्भाग्य की बात है। जनप्रतिनिधियों ने कभी भी हमारे गांव की रोड को बनाने में रुचि नहीं ली। जिसके कारण गांव का विकास नहीं हो पाया। ग्रामीण अब इस गांव से पलायन करने को सोच रहे हैं। जर्जर रोड के कारण लड़का-लड़की की शादी का रिश्ता भी नहीं आता है। हम ग्रामीण कई बार इस संबंध में लिखित आवेदन जनप्रतिनिधियों को दिए, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इधर गांव के सैकड़ों ग्रामीणों और किसानों ने कहा कि झारखंड सरकार, स्थानीय सांसद, विधायक से एक बार फिर हम मांग करते हैं कि इन गांवों की रोड को शीघ्र बनाया जाए अन्यथा ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे।

# आवास योजना के 69 लाभुकों पर किया गया सर्टिफिकेट केस

आजाद सिपाही संवाददाता


बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम।

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के 69 आवास योजना के लाभुकों पर सोमवार को सर्टिफिकेट केस दर्ज किया गया। विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने खुद लाभुकों पर केस दर्ज कराया है। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि प्रखंड के कई आवास योजना के लाभुक राशि लेकर भी आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं करा रहे थे। जबकि उन्हें कई बार निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने बताया कि केतात कला पंचायत में आठ, बघनावा पंचायत में 17, पंजरी कला में सात, तोलरा में 15, गुरी में 21 और गुरहा कला पंचायत में एक लाभुक पर सार्टिफिटेक केस किया गया है। उन्होंने कहा कि राशि लेकर आवास निर्माण नहीं कराने वालों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगा।

# हत्यारे की गिरफ्तारी और मुआवजा की मांग को लेकर बीमोड़-ऊंटारी मुख्य पथ जाम कर प्रदर्शन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत भोलाटांड के नाबालिक शाहिद अंसारी की हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने बी मोड़-उंटारी मुख्य पथ को सोमवार रात 10 बजे तक जाम रखा। जिस कारण काफी यात्री और बाराती देर रात तक फंसे रहे। ग्रामीण मृतक शाहिद अंसारी के एक परिजन को नौकरी, मुआवजा और हत्यारे के गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इसकी सूचना पाकर विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक व विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन के काफी समझाने के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया। जिसके बाद परिचालन शुरू हुआ। पुलिस मृतक के शव को थाना ले जा सकी। इस दौरान बसपा नेता अभिमन्यू सिंह उर्फ बबलू सिंह, नईमुद्दीन अंसारी, राहुल दूबे, राहुल ठाकुर, फिरोज खान सहित कई राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया।

# उग्रवादी संगठन टीपीसी के नाम पर फोन कर सभी मुखिया से मांगी जा रही लेवी

**कुछ ने की पुलिस से शिकायत तो कुछ डर से साधे हुए हैं चुप्पी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड में कुछ वर्षों से मृतप्राय हो चुके उग्रवादी संगठन टीपीसी फिर से सक्रिय हो गये हैं। टीपीसी द्वारा प्रखंड के सभी मुखिया सहित लगभग सभी पंचायत प्रतिनिधियों से फोन कर लेवी मांगी जा रही है। सभी मुखिया और पंचायत समिति सदस्यों को अलग-अलग नंबर से फोन किया जा रहा है। पंचायतों में संचालित सभी विकाश योजनाओं में पांच प्रतिशत लेवी की मांग की जा रही है। लेवी मांगने वाले अपने आपको टीपीसी का एरिया कमांडर निशांत जी और गिरेंद्र जी बता रहे हैं। पिछले दिनों विश्रामपुर के जिला पार्षद विजय रविदास से भी लेवी मांगी गई थी। जिसकी लिखित शिकायत उन्होंने रेहला थाने में दर्ज कराई है। लेकिन कई मुखिया और पंचायत प्रतिनिधि डर के मारे चुप्पी साधे हुए हैं।

# धूमधाम से मनायी गयी महाराणा प्रताप की जयंती



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महाराणा प्रताप की जयंती गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल मेदिनीनगर में मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट ने कार्यक्रम आयोजित कर महाराणा प्रताप के जीवन सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह, जबकि संचालन सुशील सिंह ने किया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद उपस्थित सभी क्षत्रियों को साफा बांधकर एवं पुष्प देकर स्वागत किया गया। जयंती कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके गौरवशाली इतिहास को याद किया। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि इसी प्रकार सभी महापुरुषों की जयंती मनायी जाएगी। वहीं, पलामू मुखिया संघ के अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप के उज्जवल इतिहास को सामने लाने की आवश्यकता है। महाराणा प्रताप के जीवनवृत्त व उनके समाज और राष्ट्र को दिये योगदान को आने वाली पीढ़ियों को बताने की जरूरत है। कहा कि क्षत्रिय वह समाज है जो सभी की मदद करता है। नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि सभी क्षत्रियों को आज एक होने की जरूरत है। अलग रह कर हम समाज का कल्याण नहीं कर सकते। क्षत्रियों के शासन में भारत का स्वर्णिम काल रहा है। सभी क्षत्रियों को एक होकर समाज के सभी जातियों का कल्याण करने की आवश्यकता है। वहीं, नगर निगम के प्रथम उपमहापौर मंगल सिंह ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है क्षत्रिय समाज एक हो रहा है। हम सभी से जितना हो सकेगा सहयोग करने की आवश्यकता है। महाराणा प्रताप जी के अतुलनीय योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र सिंह ने कहा कि आज समाज को एक करने की आवश्यकता है। आपस की लड़ाई में कितने घर बर्बाद हो रहे हैं। आपस में मिल बैठकर समस्याओं का समाधान करना होगा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने बहुत अच्छा कार्य किया है जो सभी क्षत्रिय समाज को एक करने का कार्य कर रही है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मनीष सिंह, सूर्यांश प्रताप सिंह, महाराणा सिंह, डॉ अनिल सिंह, डॉ अवधेश सिंह, अजय सिंह, रूपा सिंह, सोमेश सिंह, सुमिता सिंह, रूबी सिंह, सुमन सिंह, आलोक सिंह, अरविंद सिंह, साहिब सिंह, आनंद सिंह, मनोज सिंह, शैलेश सिंह, दीपक सिंह, अंकित सिंह, आलोक सिंह, अविनाश सिंह, धीरेंद्र सिंह, अनिमेष सिंह, साकेत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह, सुरेश सिंह, दिनेश सिंह, सौरभ कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, अनिल सिंह, आशीष सिंह, रोबिन सिंह, अवधेश कुमार सिंह, साकेत प्रताप सिंह, अजय कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, जय सिंह, मानस सिंह, अमित सिंह आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री जी बालू की समस्या का अब तो कर दें समाधान: अरुणा शंकर

## कहा- कहीं ऐसा ना हो जाये कि उम्मीद की डोर टूट जाये और लोग गलत कदम उठाने को मजबूर हों

आजाद सिपाही संवाददाता


प्रथम महापौर अरुणा शंकर।

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एक बार फिर बालू पर लगाए प्रतिबंध से हो रही नुकसान जैसे निर्माण कार्य बाधित, आर्थिक नुकसान और बेरोजगारी की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए बालू उठाव की अनुमति देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी विगत एक वर्ष से पलामू में बालू नहीं मिलने के कारण बड़े-बड़े निर्माण के साथ ही प्रधानमंत्री आवास तक बनना बंद हो गया है। हजारों ट्रैक्टर जो अधिकांश बालू की ढुलाई में चलते थे उनका किस्त फेल हो रहा है। मजदूर, चालक, खलासी और मालिक आदि बेरोजगार हो गए हैं। सबसे बड़ी समस्या शहर एवं गांव का विकास थम सा गया है। कुछ लोग तो इधर उधर से किसी तरह महंगे दामों में बालू खरीद भी ले रहे, लेकिन जो लोग प्रधानमंत्री आवास का पहला किस्त लेकर बालू के अभाव में बैठे हैं वे ना घर के रहे न घाट के। सरकार की मदद से छोटे से घर का सपना देखने वाले गरीब लोग अब प्लास्टिक के नीचे सोने को मजबूर हैं। प्रधानमंत्री आवास रद्द होने के कगार पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी अगले माह से फिर बालू का उठाव छह माह के लिए बंद हो जाएगा, तो आपके राज्य का विकास कैसे होगा। प्रथम महापौर ने मुख्यमंत्री से मांग की कि कम से कम बालू का सरकारी डंप बनाकर प्रधानमंत्री आवास बनाने वालों को एक परमिट के तहत ही सही बालू उपलब्ध कराई जाए। साथी ही आम जनों के लिए भी सरकारी दाम से बालू उपलब्ध कराई जाए, ताकि शहर के रुके विकास कार्य, कंस्ट्रक्शन रुकने के कारण हो पढ़े लिखे लोगों को हो रही परेशानी, बेरोजगारी, मजदूरों का पलायन और ट्रैक्टरों कि टूट रही मासिक किस्त से लोगों को बचाया जा सके। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब लोग आवास का पैसा रिकवरी होने पर, ट्रैक्टर के किस्त फेल होने के कारण गाड़ी खींचे जाने पर या कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत लोगों की नौकरी जाने पर लोग आत्महत्या करने पर मजबूर ना हो जाए।

# पलामू के बच्चों को डॉ एचसी वर्मा सिखायेंगे भौतिकी के गुण: अविनाश देव






आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के नावाहाता प्रागंण में मंगलवार को संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव और दृश्यम कोचिंग संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण दूबे की ओर से संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया। अविनाश देव ने कहा कि अनेकों पुस्तकों के लेखक, करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, पद्मश्री डॉ एचसी वर्मा 12 मई को पलामू पहुंच रहे हैं। आगामी 13 मई को जेएमपी कॉम्पलेक्स सभागार में सुबह 11 बजे से वे पलामू के सभी छात्रों के साथ सेमिनार में हिस्सा लेंगे। इसके बाद शाम 7 बजे से शहर के तमाम बुद्धिजीवी और शिक्षाविद उनके साथ समय साझा कर उनके अनुभवों का लाभ उठाएंगे। अविनाश देव ने कहा कि यह पलामू के लिए बड़े गर्व की बात है कि पद्मश्री डॉ एचसी वर्मा का आगमन पलामू की धरती पर हो रहा है। पलामू में शिक्षा की दशा और दिशा को बेहतर बनाने की दिशा में डॉ एसची वर्मा का आगमन मिल का पत्थर साबित होगा। शहर के सभी सीनियर विद्यार्थियों, बुद्धिजीवियों से मेरी अपील है कि वे सेमिनार का हिस्सा बनकर पलामू को विकास के चरमोत्कर्ष पर ले जाने में अपनी अहम भूमिका निभाए। वहीं, दृश्यम कोचिंग संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण दूबे ने कहा कि डॉ एचसी वर्मा का आगमन पलामू वासियों के लिए हर्ष की बात है। पलामू में शिक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने में ऐसे महान विभूति का योगदान और मार्गदर्शन नई लकीर खींचेगा। हमारा प्रयासर है कि समय समय पर ऐसे महान लोगों से छात्रों को रूबरू करवाया जाए, ताकि उनसे प्रेरित होकर अपनी मंजिल को पा सके।

# परिवार और समाज में शांति के लिए मानवता जरूरी: स्वामी सुंदर राज

**श्री सुंदर राज स्वामी जी के सानिध्य में बराही धाम में भंडारा का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** जपला दंगवार मुख्य पथ के सुप्रसिद् धार्मिक और आस्था का केंद्र बराही धाम परिसर में जगत्गुरु श्री सुंदर राज स्वामी जी महाराज के सानिध्य में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत स्वामी जी महाराज ने पांच लोगों को अपने हाथों से भंडारा का महाप्रसाद वितरण करके किया। धाम परिसर में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पिछले कई महीनों से प्रत्येक मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही भजन कीर्तन मंडली के साथ झारखंड, बिहार के कलाकार शामिल होते हैं। मंगलवार होने के चलते इस दिन धाम परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी थी। लोगों ने विधि विधान के साथ संकट मोचक हनुमान जी की आराधना की। भ्बतातें चलें कि धाम परिसर में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से देश की सबसे ऊंची दक्षिणमुखी हनुमान जी की 105 फिट ऊंची प्रतिमा बनायी गयी है। इस अवसर पर श्री सुंदर राज स्वामी जी महाराज ने कहा कि अनीति, अन्याय और अधर्म के मार्ग पर चलने वाले लोगों को उनके कर्मों का फल मिलता है। किसी के प्रति अहित करने की भावना मनुष्य के अंदर नहीं होनी चाहिए। ऐसा करने वाले व्यक्ति का धन, सांस्कृति, स्वरूप का नाश होता है। उन्होंने कहा कि परिवार व समाज में शांति के लिए मनुष्यता जरूरी है। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष आरके सिंह, बुन पब्लिक स्कूल के निदेशक मयंक भूषण सिंह, अयोध्या सिंह, प्रिंस सिंह आदि मौजूद थे।

# पलामू की पहली महिला नाट्य निर्देशिका अनुराधा मोइत्रा का निधन, शोक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू की पहली महिला नाट्य निर्देशक अनुराधा मोइत्रा (79) का सोमवार की देर रात कोलकाता में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थी। वो मेदिनीनगर के बेलवाटिका की रहने वाली थी। उन्हें पलामू की पहली महिला नाट्य निर्देशक मान जाता है। उन्होंने बच्चों से नाटक प्रस्तुत करवा कर सुर्खिया बटोरी। दुर्गा बाड़ी के रंगमंच पर उन्होंने सबसे पहले झालापाला नामक नाटक के माध्यम से अपने निर्देशकीय यात्रा की शुरूआत की थी। उनके निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

## महाराणा प्रताप की जयंती सह पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन

# महाराणा प्रताप के बताये रास्तों पर चलने की जरूरत: प्रेमतोष



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के नबीनगर रोड़ स्थित बिजली ऑफिस के समीप क्षत्रिय जागृति मंच की ओर से कार्यालय परिसर में मंगलवार को महाराणा प्रताप की जयंती सह पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ क्षत्रिय जागृति मंच के पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम सिंह और संचालन प्रो संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में पत्रकार सतेंद्र चंदेल, जितेंद्र प्रसाद, संजय ओझा, धनंजय कुमार, जितेंद्र रावत, अखिलेश कुमार और दीपक कुमार आदि को शिक्षण सामग्री, रामचरित मानस और भागवत गीता देकर सम्मानित किया गया। मंच के संस्थापक प्रेमतोष कुमार उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप किसी जाति विशेष के नहीं, बल्कि राष्ट्र के नायक थे। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। वहीं, संरक्षक रंजीत सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप देश के जननायक थे। युवाओं और सर्व समाज को उनकी जीवनी से शिक्षा लेनी चाहिए। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष श्रीराम सिंह, दुधेश्वर सिंह, सीताराम सिंह, मुकेश सिंह, राम प्रवेश सिंह, दीनानाथ सिंह, उदय प्रताप सिंह और योगेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।





















## महत्वपूर्ण न्यूज

### जामदेही बस्ती पहुंचीअपर्णा सेनगुप्ता, लोगों की समस्याएं सुन जल्द समाधान का दिया आश्वासन



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने मंगलवार को निरसा के जामदेही पंचायत अंतर्गत जामदेही बस्ती का दौरा किया। वहां लोगों के बीच बैठकर जन समस्याओं को सुना। स्थानीय लोगों ने बारी-बारी से विधायक को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि बीसीसीएल दहीबाड़ी-बसंती माता कोलियरी का विस्तार होने से पुराना रास्ता टूट गया है, जबकि नये रास्ते को सही ढंग से नहीं बनाया जा रहा है। रास्ता ठीक ना होने के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में बिजली की समस्या जटिल बनी हुई है। अक्सर लो वोल्टेज रहता है। बीसीसीएल में प्रदीप राउत नामक व्यक्ति का नियोजन लंबित है। लगे हाथ ग्रामीणों ने बस्ती के पुनर्वास और जिनकी जमीन बीसीसीएल ले चुका है उन्हें मुआवजा-नियोजन जल्द दिलाने की मांग की गयी। इस पर विधायक ने सभी की बातों को सुनाने के बाद जल्द से जल्द बीसीसीएल महाप्रबंधक से वार्ता कर इन समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बापी दे, सफीर खान, दयामई उपाध्याय, पिंटू राउत, अमित राउत, किशन राउत, मंजय राउत, राजू राउत, राज कुमार राउत, पंचित सिंह, आदित्य राउत, धीरेंद्र सिंह, प्रताप पोलय, सुमित भंडारी, एमडी जुबरिल, निमाई राय, धर्मेंद्र राउत, अखलेश राय, अभिजीत मंडल और सद्दाम हुसैन आदि उपस्थित थे।

### दो बाइक की टक्कर में तीन घायल, एक गंभीर



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। एसबीआई बैंक के समीप मंगलवार की सुबह 10 बजे दो बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। उनकी पहचान बबलू पासी, मो फैय्याज और भादो भुइयां के रूप में हुई है। इसमें बबलू पासी बीसीसीएल कर्मी बताया जा रहा है। तीनों के सिर में चोट आई है। जिसमें फैय्याज की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। उधर, हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद के घायलों को तुरंत लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बबलू पासी को धनबाद के केंद्रीय अस्पताल, जबकि फैय्याज और भादो को एसएनएमएमसीएच रेफर दिया गया। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस दुर्घटनाग्रसत दोनों वाहनों को जब्त कर थाने ले गयी। जानकारी के मुताबिक मो फैय्याज की बहन का धनबाद के अस्पताल में इलाज चल रहा है। फैय्याज और भादो एक ही बाइक पर सवार होकर बहन को देखने धनबाद जा रहा थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे बबलू की बाइक से टक्कर हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो 17 जून को धनबाद में, तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं ने की बैठक



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो आगामी 17 जून को धनबाद के दौरे पर आ रहे हैं, जहां पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगें। सुदेश महतो के धनबाद आगमन पर आयोजित तैयारियों को लेकर आजसू कार्यकर्ताओं ने मंगलावर को पार्टी के जिलाध्यक्ष मंटू महतो के एकड़ा स्थित आवसीय कर्यालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष जितू पासवान ने की। जिलाध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि कार्यक्रम ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगी। पूरे धनबाद जिले के विभिन्न प्रखंडो एवं नगर निगम क्षेत्र से हजारों की संख्या में कई राजनीतिक एवं समाजिक कार्यकर्ता सुदेश महतो पर आस्था व्यक्त करते हुए आजसू का दामन थामेंगे। बैठक में राजेश गुप्ता, कल्लू चौधरी, रतिलाल महतो, विरेंद्र निषाद, दिलीप सिंह, सुदामा पासवान, प्रेम महतो, पवन शर्मा, राहुल हाजरा, सुरेश सिंह, इजराईल अंसारी, राजेश चौधरी, संतोष कुशवाहा, भोलू यादव, मीना सिंह, विनोद पासवान, राजू रवानी, वालकिशुन भुईया, जितेंद्र पासवान, संतोष पासवान, रविंद्र गुप्ता, विनय यादव और शत्रुधन राम आदि मौजूद थे।

### स्वामी विवेकानंद स्कूल में मनायी गयी रवींद्र जयंती

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। रवींद्र जयंती के अवसर पर मंगलवार को चिरकुंडा स्वामी विवेकानंद स्कूल परिसर में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने गीत-संगीत की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पूर्व निदेशक विवेक सिंह और प्राचार्य संजीव साव ने कवि गुरु रवींद्रनाथ ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कहा कि रवींद्रनाथ को पढ़िए और उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर आगे बढ़िए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिक तृप्ति चटर्जी, सुकन्या, सुरजीत, रातुल, पृथा, उज्ज्वला, अंजली, विमल, नीलक्षी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जबकि मंच संचालन कक्षा 10वीं की चैताली सरकार ने किया। कार्यक्रम में नृत्य नाटिका एवं संगीत में प्रियशी, अर्पिता, रुपसा, सुनेत्रा, मामोनी, अंजली, गार्गी, जिया, अविनाश, जोया, सोनम, उत्तरा, रामनप्रीत, परिणीता आदि मौजूद थीं।

### कोयला उठाव की मांग को लेकर लोदना क्षेत्रीय कार्यालय पर भाजपाइयों का प्रदर्शन

# स्थानीय युवाओं का रोजगार छीनने का प्रयास हुआ तो करेंगे आंदोलन : शैलेंद्र

अधिकारी पर षड्यंत्र के तहत कोयला उठाव में बाधा पहुंचाने का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**



लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन करते भाजपाई।

**झरिया।** बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार और कोयला उठाव की मांग को लेकर मंगलवार को लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य द्वार पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व कर रहे भाजपा लोदना मंडल के संयोजक शैलेंद्र सिंह, संजय यादव, राजाराम पासवान और रविकांत पासवान ने कहा कि कोयला के अवैध कारोबारियों से सांठगांठ कर क्षेत्रीय सेल्स अधिकारी द्वारा अंकित डीओ के कोयला उठाव में अवरोद्ध कर स्थानीय युवाओं को रोजगार से वंचित करने की कोशिश की जा रही है। सत्तापक्ष के दबाव और भ्रष्टाचार के लिए ही ऐसा किया जा रहा है। नोवा पावर लिमिटेड कंपनी को कोयला भवन मुख्यालय द्वारा लोदना क्षेत्र के एनटी/एसटी डिपार्टमेंटल कोल डिपो से कोयला उठाव का आदेश निर्गत हुआ है। पर लोदना क्षेत्र के सेल्स अधिकारी भ्रष्टाचार करने के लिए औद्योगिक अशांति का हवाला देकर कोयला उठाव में अवरोद्ध पैदा कर रहे हैं। जबकि उसी डिपार्टमेंटल कोल डिपो से रघुनाथपुर थर्मल पावर और मैथन पावर सहित अन्य सभी डीओ धारकों का आवंटित कोयला उठाव कराया जा रहा है। इन तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि सेल्स और अन्य अधिकारियों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हुए कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के साथ ही युवाओं के रोजगार को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कोयला उठाव होने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। क्षेत्र में खुशहाली आएगी। लगे हाथ चेतावनी भी दी गयी कि यदि प्रबंधन ने उक्त मामले पर जल्द ही सकारात्मक पहल नहीं किया तो भाजपा कार्यकर्ता भ्रष्टाचार के विरुद्ध उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगें। इससे उत्पन्न प्रकार की औद्योगिक अशांति की पूर्ण जिम्मेवारी स्थानीय प्रबंधन की होगी। इस दौरान भाजपा लोदना मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल ने लोदना एरिया मैनेजर सब स्टेशन रामनुज प्रसाद को मांग पत्र भी सौपा। हालांकि रामनुज प्रसाद ने बताया कि उन्हें इस तरह की कोई सूचना नहीं मिली है।

# बोकारो में अस्पताल प्रबंधन पर मरीज की मौत के बाद भी इलाज करने का आरोप

## ऐसा कोई मामला मेरे संज्ञान में नहीं : सिविल सर्जन

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**बोकारो।** चास स्थित देवांश मल्टीस्पेशलिटी नामक अस्पताल पर बॉलीवुड की फिल्म गब्बर इज बैक की तर्ज पर मरीज की मौत हो जाने के बावजूद उसका इलाज करने के नाम पर परिजनों से मोटी रकम वसूलने के लिए दबाव बनाने का मामला प्रकाश में आया है। बतातें चलें कि कसमार प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाके से दो महीने की गर्भवती एक महिला की तबीयत खराब होने के बाद कोऑपरेटिव कॉलोनी स्थित अपेक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। वहां जब महिला की हालत बिगड़ने लगी तो उसे चास के फोर लेन स्थित देवांश मल्टीस्पेशल्टी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां महिला की हालत गंभीर होने का हवाला देकर अस्पताल प्रबंधन ने मरीज के परिजनों से 10 हजार रुपये मांगे। पर परिजनों की स्तिथि ऐसी नहीं थी की वे उक्त रकम को जमा करा सके। तब परिजन महिला को वहां से निकाल कर सदर अस्पताल ले गए, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने बताया कि महिला की मौत को तीन-चार घंटे पहले ही हो चुकी है। इसके बाद परिजन शव को वापस देवांश अस्पताल ले गए और वहां हंगामा करने लगे। परिजनों का आरोप है कि मरीज के मृत्यु हो जाने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन जानबूझ कर 3-4 घंटे उसका इलाज करता रहा और पैसे की मांग करता रहा। वहीं अस्पताल प्रबंधक अमित सिंह ने बताया कि मृतका के परिजनों द्वारा अस्पताल पर लगाए सभी आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं। महिला दो दिन पूर्व अपेक्स अस्पताल में भर्ती थी। वहां हालत बिगड़ने पर मरीज को देवांश अस्पताल ले जाया गया। यही नहीं, जब परिजन जिद करके मरीज को यहां से ले गये तो तब तक महिला मरीज जीवित थी।

### इस्पातकर्मियों को मिला बेस्ट एम्प्लॉई ऑफ द मंथ अवॉर्ड





**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल में फरवरी और मार्च महीने के लिए मंगलवार ोक बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 16 कर्मचारी पुरस्कृत किये गए। समारोह में अधिशासी निदेशक (संकार्य) बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद और विभागाध्यक्ष समेत अन्य वरीय अधिशासी उपस्थित थे। अधिशासी निदेशक (संकार्य) तिवारी ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में कर्मचारियों के साथ ही उनके परिवार का भी बहुत बड़ा योगदान है। वहीं, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) रंगानी ने कहा कि कर्मचारियों को अपने रोज के कार्यों के अलावा नित नए चुनौतियों को स्वीकारना चाहिए, ताकि विकास की गति बढ़ती रहे। अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) प्रसाद ने पुरस्कृत कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि उनका योगदान अति सराहनीय है। उन्होंने उन्हें सुरक्षा के प्रति सजगता रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन रीतीका शुक्ला ने किया। जबकि स्वागत भाषण वीएम बख्शी, महाप्रबंधक (कार्मिक-सांकर्य-मिल्स) ने किया।


**कार्यालय, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी,गुमला**

**संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला –835207**

**E-mail ID –dscogumla2@gmail.com**

**आम सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची का राज्यादेश सं० –10 दिनांक 04.05.2023 के आलोक में बंजर भूमि/राईस फेलो विकास योजना तथा जलनिधि योजना के तहत सरकारी/निजी तलाब मरम्मति, परकोलेशन टैंक निर्माण तथा डीप बोरिंग कार्य के लिए इच्छुक कृषक/कृषक समूह से 20.05.2023 तक विहित प्रपत्र के आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र.सं. | कृषि यंत्र का नाम एवं विवरण | लाभुक का पात्रता की शर्त | लक्ष्य | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | गुमला | सिमडेगा | |
| 1 | सरकारी/निजी तालाब जीर्णोद्धार | रकबा–1 एकड़ से 5 एकड़ पिछले पाँच वर्ष में किसी सरकारी योजना से काम नहीं होने का प्रमाण पत्र BDO से भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र चल अधिकारी से ग्राम सभा से पारित होना चाहिए। | 93 | 91 | लक्ष्य का 75 प्रतिशत माननीय स्थानीय विधायक से अनुशंसा आवश्यक है। |
| 2 | परकोलेशन टैंक | कम से कम 10 एकड़ कृषि योग्य भूमि सिंचाई हेतु होना चाहिए। | 139 | 129 | |
| 3 | डीप बोरिंग | कम से कम 5 एकड़ कृषि योग्य भूमि सिंचाई हेतु होना चाहिए। | 44 | 34 | |

नोटः– उपरोक्त तीनों योजनाओं का कियान्वयन विधिवत गठित **"पानी पंचायत"** के माध्यम से किया जाना है, तथा प्राक्कलित राशि का 10 प्रतिशत राशि कृषक अंशदान की राशि **"पानी पंचायत"** को स्वंय वहन करना होगा।

जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला

PR 296897 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24).D



ई-प्रोक्योरमेंट सेल

**अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/DHANBAD/08/2023-24 दिनांकः– **08.05.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | **Renovation of Central Library Building at Saheed Nirmal Mahto Medical College & Hospital, Dhanbad.** |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू०) | Rs.**87,01,800/-**(Eighty Seven Lac One Thousand Eight Hundred) Only |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 **(Six) Month** |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | **12.05.2023** |
| 5 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | **18-05.2023** को अपराह्न 3.00 बजे |
| 6 | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | **19-05.2023** को अपराह्न 12.00 बजे |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06546–222640 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546–222640 |

- किसी भी प्रकार का बदलाव ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।

*note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी ई–प्रोक्योरमेंट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, हजारीबाग

PR 296886 Building (23-24)_D



**ई–प्रोक्योरमेंट सेल**

**अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/DHANBAD/07/2023-24 दिनांकः– **08.05.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Repair and Other Work for Lecture Theatre at Saheed Nirmal Mahto Medical College & Hospital, Dhanbad. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू०) | Rs.71,17,900/-( Seventy One Lac Seventeen Thousand Nine Hundred) Only |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (Six) Month |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.05.2023 |
| 5 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 18-05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे |
| 6 | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 19-05.2023 को अपराह्न 12.00 बजे |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06546–222640 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546–222640 |

- किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

*note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी, ई–प्रोक्योरमेंट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, हजारीबाग

PR 296865 Building(23-24)#D


### बैठक कर राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ आंदोलन की तैयारियों पर हुई चर्चा

# भाजपा के खिलाफ सभी विपक्षी पार्टियों को एक होना जरूरी हो गया है: जनार्दन प्रसाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



भाकपा-माले की धनबाद जिला कमेटी की बैठक में उपस्थित पार्टी नेता-कार्यकर्ता।

**धनबाद।** भाकपा-माले धनबाद जिला कमेटी की बैठक मंगलवार को सरायढेला स्थित पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें पोलित ब्यूरो सदस्य कॉ जनार्दन प्रसाद भी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव कार्तिक प्रसाद ने की। अपने संबोधन में कॉ जनार्दन प्रसाद ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि केंद्र की मजदूर-किसान नीतियों के खिलाफ मजदूर-किसान, छात्र, नौजवान, महिलाएं जीविका के साथ ही अस्मिता की भी लड़ाई लड़ रहे हैं। भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ देशभर में आंदोलन चल रहा है। विपक्ष की आवाज का गला घोंटा जा रहा है। गैर भाजपा शासित राज्यों में ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग कर सरकारों को अस्थित करने की कोशिशें की जा रही हैं। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के जरिये चुनाव में जीत हासिल करना भाजपा का मुख्य एजेंडा है। यौन शोषण के आरोपित भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ देश का नाम रोशन करने वाली महिला पहलवानों का जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है पर प्रधानमंत्री मौन हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी तो दर्ज हुई पर अब तक गिरफ्तारी नहीं की गयी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की बात करते हैं पर इन पहलवान बेटियों के आंदोलन पर चुप्पी साधे हुए हैं। केंद्र सरकार का कार्पोरेट परस्त नीतियों के खिलाफ विपक्ष की एकता बेहद जरूरी है। वहीं, झारखंड सरकार के खिलाफ भी जमकर हल्ला बोला। कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार के खिलाफ रोजगार, स्थानीयता एवं नियोजन को लेकर युवाओं में आक्रोश है। राज्य सरकार इस वर्ष को नियुक्ति वर्ष घोषित किया है। इस सवाल पर बड़ा आंदोलन किया जायगा। दूसरी ओर, बैठक में सांगठनिक एवं आंदोलनात्मक कार्यवाही पर ठोस रणनीति बनाई गई। बैठक में जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, नागेंद्र कुमार, कृष्णा सिंह, नकुलदेव सिंह, हरेंद्र सिंह, गणेश महतो, बलदेव वर्मा, सरोज देवी, सुमित्रा दास और अजरानी निशानी आदि मौजूद थे।


**जिला अभियंता का कार्यालय**

**जिला परिषद्, लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02 वर्ष 2023–24 D.M.F.T मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 18.05.2023 (कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 19.05.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 19.05.2023 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड लातेहार ग्राम डुडंगीकला में आंगनबाडी केन्द्र भवन का नव निर्माण। | 1440500.00 | 29000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 2 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत मोंगर ग्राम केडू में आंगनबाडी केन्द्र भवन का नव निर्माण। | 1440500.00 | 29000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 3 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत डेमू ग्राम डेमू टोला सेमरी में वामपंथी प्रभावित क्षेत्र आजीविका सृजन के लिए पांच दुकान ईकाईयों (अष्टकोणीय मॉडल) की स्थापना। | 2394102.00 | 48000.00 | 5000.00 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र का मूल्य जो **जिला अभियंता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा, जो **भारतीयस्टेट बैंक, लातेहार** में भुगतेय होगा।
9. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकते है।
10. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. जिला परिषद, लातेहार के मासिक बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार संबंधित प्रखण्ड के संवेदकों को कार्य आवंटित किया जाएगा।
11. अग्रधन की राशि जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) होगा। राष्ट्रीय बचत प्रमाण–पत्र 8वां निर्गम/पांच वर्षीय, पांच वर्षीय डाकघर संबंधी जमा पासबुक/राश्ट्रीय कृत बैंक गारंटी/बैंक फिक्स डिपोजिट के रूप में निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। जो झारखण्ड राज्य के बाहर के पोस्ट आफिस एवं बैंक से निर्गत एन0एस0सी0/सावधि जमा पासबुक मान्य नहीं होगा।

जिला अभियंता जिला परिषद्, लातेहार

PR 296919 Rural Development(23-24)#D

## हंसते-खिलखिलाते ले रहे थे यात्रा का आनंद

# दबे पांव आयी मौत और ले गयी 24 जिंदगियां

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में एक बस के पुल से नीचे गिरने से 24 यात्रियों की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि 15 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों में नौ महिलाएं, नौ पुरुष और तीन बच्चे शामिल हैं। मृतक खरगोन और बड़वानी के बताये जा रहे हैं। बस श्रीखंडी से इंदौर जाने के लिए रवाना हुइ थी। सभी यात्री हंसी-खुशी अपने परिवार वालों के साथ यात्रा कर रह थे। लेकिन खरगोन-ठीकरी मार्ग से गुजरते वक्त अचानक अनियंत्रित होकर बस बोराड़ नदी पर बने 50 फीट ऊंचे पुल से नीचे जा गिरी। हादसे के वक्त 45 से ज्यादा यात्री बस में सवार थे। हादसे का शिकार बस मां शारदा ट्रैवल्स की है जिसका नंबर एमपी 10 पी 7755 है। बस सुबह के वक्त खरगोन के श्रीखंडी से रवाना हुई थी, जो कि डोंगरगांव और दसंगा के बीच सुबह करीब नौ बजे हादसे का शिकार हुई। हादसे की वजह पहले बस की तेज रफ्तार को माना जा रहा था,



### सीएम शिवराज सिंह चौहान ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की

**सीएम शिवराज सिंह चौहान ने खरगोन हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपये की सहायता राशि, गंभीर घायलों को 50 हजार और कम एवं साधारण घायलों को 25 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं।**

लेकिन प्रारंभिक जांच में बस की रफ्तार तेज होने की बात से इंकार किया जा रहा है। बस फिटनेस टेस्ट में भी फिट पायी गइ है। बताया जा रहा है कि संकरा पुल होने की वजह से बस की रफ्तार ज्यादा तेज नहीं थी, शायद चालक को झपकी आने की वजह से ये हादसा हुआ है। हालांकि हादसे की सही वजह अब तक सामने नहीं आई है। बोराड़ नदी सूखी थी, पुल से नीचे नदी के धरातल की गहराइ करीब 50 फीट थी। बस अचानक रेलिंग तोड़ते हुए तेज झटके के साथ नीचे गिरी। बस के गिरते ही घटनास्थल पर चीख पुकार मच गया। घायल अपने परिजनों की सांसे टटोल रहे थे। जैसे ही आसपास के ग्रामीणों को हादसे की सूचना मिली उन्होंने पुलिस को जानकारी दी और तत्काल मदद के लिए मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने एंबुलेंस का इंतजार न करते हुए घायलों को अपने वाहनों से अस्पताल पहुंचाया। बाद में करीब सात एंबुलेंस की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल गंभीर घायलों को इंदौर रेफर किया गया है। बस में छोटे बच्चे भी सवार थे, हादसे के बाद लोग तुरंत बच्चों को गोद में लेकर इलाज कराने के लिए भागे। करीब 25 लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। घायलों में कई बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में मरने वालों में सबसे छोटे मृतक की उम्र महज 11 माह है। ऊन के घेगांवा का सोम अपने परिजनों के संग यात्रा कर रहा था। हादसे ने उस मासूम बच्चे से जिंदगी छीन ली। भीषण हादसे पर पीएम मोदी, सीएम शिवराज सिंह चौहान ने शोक व्यक्त किया है।

### पीएम ने शोक व्यक्त किया

पीएम मोदी ने शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि 'खरगोन में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# ओड़िशा में एएसीसीआइ का शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** इंटरनेशनल चैंबर और एशियन अफ्रीकन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एएसीसीआइ) की ओड़िशा में शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन भुनेश्वर स्थित होटल मे फेयर में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओड़िशा के राज्यपाल प्रॉफेसर गणेशीलाल एवं संवाद गृपक के संस्थापक सौम्य रंजन पटनायक ने शिरकत की। एएसीसीआइ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लिता महापात्र ने आशा व्यक्त की कि एशियाइ और अफ्रीकी देशों और राज्य में सहायता, सहयोग, आर्थिक विकास और व्यापार सहयोग बढ़ाने के नये तरीके विकसित होंगे। यह भविष्य के नेतृत्व को व्यवसाय वृद्धि और विकास में निवेश करने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा। यह महामारी के लिए चल रही विश्व मंदाबस्थ का मुकाबला करेगा और भविष्य के व्यापार विकास के लिए नये रास्ते तलाशेगा। एएसीसीआइ व्यापार, व्यवसाय और निवेश के लिए समर्थन बढ़ाने के लिए अन्य राष्ट्रीय और क्षेत्रीय चैंबर के सहयोग से काम करते हुए एक अंतर्राष्ट्रीय चैंबर के रूप में विकसित हुआ है। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष राजेंद्र परिडा एएसीसीआइ ओड़िशा चैप्टर के 50 चेयरपर्सन और वाइस चेयरपर्सन, कइ प्रमुख गणमान्य व्यक्ति के साथ कलिंग केशरी रथ, मोनिका नायर पटनायक, सुभाषिस दास और लीशा महापात्र उपस्थित थे।

# संगठनों ने चिल्ड्रेन समर कैंप का आयोजन किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन (इसीओआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) ने रेल विहार में चिल्ड्रन समर कैंप का आयोजन किया ताकि इस गर्मी में बच्चों को विशेष रूप से रेलवे कर्मचारियों के वार्डों में शामिल किया जा सके और रचनात्मक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश की जा सके। दिव्या शर्मा अध्यक्ष इसीओआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ ने संगठन के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में शिविर का उद्घाटन किया और बच्चों को उनके अंतर निहित गुणों को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में बच्चे मिट्टी, रेत, कागज और जीवंत रंगों के साथ खेलने का आनंद उठायेंगे, जिसके साथ वे अपनी भावनाओं को परी प्रकाश कर सकते हैं। इसके अलावा कैंप के दूसरे साथियों को देखकर बच्चे सीखेंगे और अपने अंदर छुपी प्रतिभाओं को तलाशेंगे। इसके अलावा इस शिविर में योग और ध्यान, एरोबिक्स और अन्य रचनात्मक कार्य जैसे पेंटिंग, कला और हस्तशिल्प, संगीत, नृत्य भी बच्चों को इस विस्तृत मंच में उनके निहित गुणों को उजागर करने के लिए सिखाया जायेगा। उपरोक्त के अलावा, बच्चे अपने जीवन को दैनिक आधार पर बनाये रखने के लिए आत्मरक्षा और फायरलेस कुकिंग सीखेंगे। इस समर कैंप में रेलवे कर्मचारियों के लगभग 52 बच्चे भाग लिये हैं। विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी प्रशिक्षक द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। मनमिता मंडल संपादक; संचिता नस्कर अतिरिक्त संपादक, भारती निनावे कोषाध्यक्ष और इसीओआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ के अन्य सदस्यों ने समर कैंप में बच्चों के लिये कार्यक्रमों का सक्रिय रूप से समंवय कर रहे हैं।



**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि-पत्र**

धनबाद, दिनांक – 08.05.2023

**शर्त्त के प्रकार :** 1. मानक वित्तीय मानदंड / विशेष वित्तीय मानदंड, **संशोधित विवरण के रूप में पढ़ा जाना है :** निविदाकर्ता के पास V/N या V का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक टर्नओवर होना चाहिए, जो भी कम हो; जहाँ V= करोड़ रूपये में निविदा का विज्ञापित मूल्य N= कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। 1. अनुबंध की विशेष शर्त्त / विशेष शर्त्त अनिवार्य कर दी गई है। 2. 'पुष्टिकरण की जरूरत' और 'टिप्पणियों की अनुमति है' कॉलम को 'हां' बना दिया गया है। ई–निविदा सूचना संख्या SnT-GS-DHN-04-Tele-2023-24 दिनांक 25.04.2023 में दर्शायी गई अन्य सभी विवरण, नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेगा।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0261/डीएचएन/डीएचएनजीएस/सी/23–24/28

**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिये खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

**ई–निविदा संख्या :** ईएल/08/खुली/2023–24, **क्र.सं. :** 1, **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** धनबाद मंडल में रेलवे क्वार्टरों के लिए डेटा सेवाओं के साथ–साथ बीएलई स्मार्ट मीटर का प्रावधान। (कार्य समापन अवधि : एक सौ अस्सी दिन)। **क्र.सं. :** 2, **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 2,18,75,075.00, **क्र.सं. :** 3, **बिड सिक्युरिटी :** रू. 2,59,400.00, **क्र.सं. :** 4, **ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि 02.06.2023 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि 02.06.2023 को 11:00 बजे के बाद। **क्र.सं. :** 5, **वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट : **http://www.ireps.gov.in.** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0258/डीएचएन/ईजीईएन/टी/23–24/40

## बिहार भवन के लिए पुरी में जमीन देगी ओड़िशा सरकार

# मुख्यमंत्री से मिले बिहार के सीएम नीतीश कुमार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलबार को नवीन निबास पर श्री नवीन पटनायक से मुलाकात की। बाद में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने संवाददाताओं से कहा कि ओड़िशा सरकार पुरी में बिहार भवन के लिए बिहार सरकार को मुफ्त में डेढ़ एकड़ जमीन उपलब्ध करायेगी। बिहार सरकार ने जगन्नाथ धाम पुरी में आने वाले बिहार के लोगों के आवास के लिए बिहार भवन बनाने की इच्छा जतायी। इस घोषणा के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का आभार व्यक्त किया है। नीतीश कुमार मंगलबार दोपहर को सीधे एयरपोर्ट पहुंच कर नवीन के आवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री पटनायक ने बिहार के मुख्यमंत्री को मध्याह्न भोजन पर आप्यायित किये।

## दक्षिण अफ्रीका से लायी गयी मादा चीता 'दक्षा' की मौत, नर चीते ने किया था हमला

**श्योपुर (आजाद सिपाही)।** कूनो नेशनल पार्क में एक और चीते की मौत हो गई। अब तक नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए तीन चीतों की मौत हो चुकी है। कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से लाये गये एक और चीता की मौत हो गई है। अब तक तीन चीतों की मौत हो चुकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीसरे चीते की मौत कूनो नेशनल पार्क के बड़े बाड़े में आपसी लड़ाई में हुई है। इससे पहले दो चीते मारे गये थे, उनमें से एक की मौत किडनी के इंफेक्शन की वजह से हुई थी और दूसरे चीते की मौत कार्डियक अरेस्ट की वजह से हुई थी। वन विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक नौ मई को सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर दक्षिण अफ्रीका से कूनो नेशनल पार्क में छोड़ी गई मादा चीता दक्षा को मॉनिटरिंग दल ने घायल पाया था। पशु चिकित्सकों ने उसका उपचार किया।

# 21वां राष्ट्रीय लोक मेला और 14वां राष्ट्रीय कृषि मेला 30 मई से

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर/पुरी।** इस माह की 30 तारीख से 3 जून तक 21वां राष्ट्रीय लोक मेला एवं 14वां कृषि मेला पुरी शरधाबाली में आयोजित किया जायेगा। श्री क्षेत्र सूचना द्वारा आयोजित इस मेले में भारत के विभिन्न प्रांतों के तीन सौ कलाकार तथा ओड़िशा के विभिन्न जिलों के एक सौ कलाकार भाग लेंगे तथा पांच दिनों तक चलने वाले इस राष्ट्रीय मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इस मेले की सफलता एवं देश के विभिन्न भागों से आने वाले कलाकारों एवं देश के विभिन्न भागों से आने वाले कृषि, मौसम विज्ञान, जल संसाधन विशेषकर पुस्तक संबंधित स्टालों को जिला प्रशासन के सहयोग से सफल बनाया जायेगा। उक्त बातें जिलाधिकारी प्रदीप कुमार साहू, विधायक जयंत कुमार षाड़ंगी ने कही। इस संबंध में पुरी सर्किट हाउस सम्मेलन कक्ष में आयोजित प्रथम तैयारी बैठक में संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर हरेकृष्ण शतपंथी एवं संपादक राजेश कुमार महांति, पुरी नगरपालिका के कार्यकारी अधिकारी सरोज कुमार स्वाइ, सिटी डीएसपी के के हरिप्रसाद, जिला सूचना एवं जनसाधारण संपर्क अधिकारी संतोष कुमार सेठी, संस्कृति अधिकारी हेमंत बेहेरा, खेल अधिकारी सहित पुलिस, बिजली, जलापूर्ति, मंदिर प्रशासन, अग्निशमन, रेलवे सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने भाग लिया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–खुली निविदा सूचना**

**ई खुली निविदा संख्याः– एसजी – 664 – 1 – ई – धनबाद – 2023–24**

मुहरबंद निविदाएं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है।

**क्र.सं. i) कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य पूर्ण करने की अवधि :** प्रोविजन ऑफ रिमोट डाईगनोस्टिक एण्ड प्रिडिक्टिव मेन्टेनेन्स सिस्टम (आर. डी. पी. एम. एस.) एट 06 स्टेशन इन धनबाद डिविजन औफ ई. सी. रेलवे । सेक्शन :– धनबाद डिविजन, नौ (09) माह।, **ii) अनुमानित लागत :** रूपये 4,14,18,048.71 (चार करोड़ चौदह लाख अठारह हजार अड़तालिस रुपये एकहत्तर पैसे मात्र)।, **iii) अग्रधन जो जमा करना है :** अग्रधन राशि रूपये 3,57,100/– (तीन लाख संतावन हजार एक सौ रुपये मात्र), **iv)** निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 30/05/2023 अपराह्न 12.30 बजे तक एवं खोलने की तिथि एवं समय : 30/05/2023 अपराह्न 13.00 बजे।, **v)** वेबसाईट एवं सूचना पट्ट का विवरण जहाँ से निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सके और कार्यालय का पता जहाँ से निविदा फार्म खरीदा एवं जमा किया जा सकता है। : **www.ireps.gov.in,** प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता / पूर्व मध्य रेल / हाजीपुर का कार्यालय सूचना पट्ट एवं उप–मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य) / पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय सूचना पट पर और प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता / पूर्व मध्य रेल / हाजीपुर एवं उप–मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य) / द्वितीय तल, डी आर एम कार्यालय / पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय से खरीदे जा सकते हैं।

उप–मुख्य सि. एवं दू.सं. अभियंता (कार्य),
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0256/डीएचएन/एसएण्डटी/टी/23–24/48

# लक्ष्मण सिंह ने क्षेत्र का किया दौरा




भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श करते भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** धनवार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गादी के पंडित टोला में हनुमान प्राण प्रतिष्ठा बरजो में हो रहे तीन दिवसीय यज्ञ, दलदल रोहन यादव के शादी समारोह आदि कई जगहों का मंगलवार को पूर्व आइजी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने क्षेत्र का दौरा किया। इस दरम्यान श्री सिंह ने कई यज्ञ स्थल में पहुंचकर धनवार विधान सभा वासियो के लिए माथा टेककर सुख शांति की दुआ मांगी तथा शादी समारोह में पहुंचकर वर बधू को आशीर्वाद दिया। क्षेत्र भ्रमण के बाद देर दोपहर को बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ताओं ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं से श्री सिंह को अवगत कराया। जिस पर श्री सिंह ने कई दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्रीय पार्टी है, जो अपनी सिद्धांत पर चलती है। इनका चार विचार धारा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास तथा सबका प्रयास के साथ काम कर रही है इन्होंने कार्यकर्ताओं से जन बिंदुओं पर खरा उतरने व पार्टी हित के लिए काम करने की अपील की। कहा कि आगामी 2024 मिशन के लिए अभी से ही अपने अपने क्षेत्रों में लग जाये। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं से देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण योजनाओं की चर्चा पर बल दिया। वही प्रधानमंत्री द्वारा कल्याण कारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं लाभ दिलाने पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। मौके पर श्रीकांत, युवा नेता उपेंद्र सिंह, पवन सिंह,नकुल राय, श्यामनंदन, सुबोध कुमार सिंह, सुषैण पांडेय, जयप्रकाश सिंह, रविंद्र भोक्ता, अनिल कुमार सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## यूपी में थमा निकाय चुनाव का प्रचार 38 जिलों में 11 मई को होगा मतदान

**उत्तर प्रदेश (आजाद सिपाही)।** दूसरे चरण का चुनाव 11 मई को होगा। यह चुनाव सात नगर निगमों, 590 नगर निगम वार्डों पर कराया जा रहा है। साथ ही 95 अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, 2551 सदस्य नगर पालिका परिषद वार्ड, 268 अध्यक्ष नगर पंचायत एवं 3495 सदस्य नगर पंचायत पद के लिए होगा। 11 मई को प्रदेश के 38 जिलों में होने जा रहे नगर निकाय चुनाव में दूसरे चरण का प्रचार मंगलवार शाम छह बजे थम गया। जहां एक ओर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी अपनी तैयारियां तेज कर ली हैं, वहीं चुनाव प्रेक्षकों ने भी जिलों में जाकर कमान संभाल ली है। दूसरे चरण का चुनाव 11 मई को होगा। यह चुनाव सात नगर निगमों, 590 नगर निगम वार्डों पर कराया जा रहा है। साथ ही 95 अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, 2551 सदस्य नगर पालिका परिषद वार्ड, 268 अध्यक्ष नगर पंचायत एवं 3495 सदस्य नगर पंचायत पद के लिए होगा।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**